राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, शुक्रवार 25 सितम्बर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 130 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




भू-धंसान के खिलाफ धनबाद के कतरास में सड़क पर उतर प्रदर्शन करते लोग

## संक्षिप्त समाचार

### 10 साल से काम कर रहे कर्मियों को नियमित करने का आदेश

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** अपने कानूनी और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाने वाले कर्मचारी के खिलाफ प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जा सकती। झारखंड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि अदालत जाने के बाद किसी कर्मचारी को सेवा से हटाना कानून के शासन की बुनियाद पर चोट करता है। जस्टिस दीपक रोशन की एकल पीठ ने 10 साल से अधिक सेवा और स्थायी प्रकृति के काम को देखते हुए कोर्ट ने कर्मचारियों की सेवा नियमित करने का निर्देश दिया।

### कुख्यात सोना चोर हसन चिकना गिरफ्तार

**साहिबगंज(नबिटा ब्यूरो)।** रांची से चोरी के सोने की डिलीवरी कर लौट रहे अंतरराज्यीय चोर गिरोह के कथित सरगना हसन चिकना को पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिला की ईटाहार पुलिस ने बड़हरवा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने बरहरवा जीआरपी के सहयोग से यह कार्रवाई की है। यह कार्रवाई इंस्पेक्टर अभिषेक साह के नेतृत्व में करीब दो दर्जन पुलिस पदाधिकारियों की टीम ने की है। पुलिस को हसन चिकना के बड़हरवा पहुंचने की सूचना पहले से थी। जैसे ही हसन चिकना स्टेशन पर रांची भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस ट्रेन से उतरा, उसे पुलिस टीम ने पकड़ लिया।

### तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के आनंदपुर प्रखंड के बागचट्टा गांव में दो भाई-बहन की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान बागचट्टा निवासी अगस्तीन टुडू के 7 साल के बेटे गुलशन टुडू और 3 साल की बेटी एंजेल टुडू के रूप में हुई है। इस घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है और पूरे गांव में गम का माहौल है। बताया गया कि दोनों बच्चे आनंदपुर डीएवी स्कूल से घर लौटे थे। इसके बाद वे आसपास खेल रहे थे। इसी बीच दोनों घर से कुछ दूरी पर स्थित एक छोटे तालाब के पास पहुंच गए। शाम को काम से लौटने पर पिता ने बच्चों को घर में नहीं पाया। बच्चों के नहीं मिलने पर परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी तलाश के बाद घर से कुछ दूरी पर अमरूद के पेड़ के नीचे बने छोटे तालाब में दोनों बच्चे मिले।

### युवक ने फांसी लगा दी जान

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के खोरा कुसुम टोली गांव में 35 साल के मनजीत कुमार दास ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह प्लंबर का काम करता था। पुलिस ने गुरुवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतक के परिजनों ने बताया कि घटना के समय मनजीत घर में अकेला था। परिवार के सभी सदस्य बाहर गए हुए थे। फिलहाल मनजीत की आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने बताया कि पहली नजर में यह फांसी लगाकर खुदकुशी का मामला लगता है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी।

### पैसेंजर ट्रेन की बोगी में लगी आग

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** धनबाद-गया रेलखंड पर स्थित कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर बृहस्पतिवार को कोडरमा-बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन की आखिरी बोगी में अचानक आग लग गई। घटना के बाद यात्रियों में अफरातफरी मच गई। रेलकर्मियों, आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बोगी में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्राथमिक जांच में आग बोगी के शौचालय से शुरू होने की बात सामने आई है। रेल प्रशासन को आशंका है कि शौचालय के अंदर किसी यात्री या असामाजिक तत्व द्वारा धूम्रपान किए जाने के कारण आग लग सकती है। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए आरपीएफ और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी जांच कर रहे हैं।

## डीएसपीएमयू का तीसरा दीक्षांत समारोह आयोजित, 142 विद्यार्थियों को मिला गोल्ड मेडल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) का तीसरा दीक्षांत समारोह गुरुवार को मोरहाबादी स्थित रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में आयोजित हुआ। समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीक्षांत समारोह की शोभायात्रा में भी हिस्सा लिया। समारोह में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित करते हुए विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को डिग्री और मेडल प्रदान किए गए। समारोह में कुल 6415 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। इनमें 3065 छात्र और 3350 छात्राएं शामिल हैं। वहीं विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 142 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। इनमें 93 छात्राएं और 49 छात्र शामिल हैं। इसके अलावा 20 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री भी प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वाले शोधार्थियों में सुकन्या हेंब्रम भी शामिल रहीं। उन्होंने झारखंड की पारंपरिक हड़िया को अपने शोध का विषय बनाया। उन्होंने बताया कि झारखंड के जनजातीय समाज में हड़िया का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व रहा है। शोध में हड़िया के पूजन और प्रार्थना में चढ़ाए जाने, इससे जुड़ी मान्यताओं और इसके पारंपरिक महत्व को समझने का प्रयास किया गया है। इसके साथ ही हड़िया के गुणों और झारखंड के सामाजिक जीवन में इसकी भूमिका को लेकर भी अध्ययन किया गया। सुकन्या हेंब्रम को इस शोध के लिए आज दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। हड़िया जैसे स्थानीय और पारंपरिक विषय पर शोध



को समारोह में मिली उपाधि ने विशेष पहचान दी। समारोह में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य और रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर डॉ. राकेश मोहन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीक्षांत भाषण दिया। विश्वविद्यालय की ओर से पहली बार उन्हें मानद डीलिट की उपाधि प्रदान की गई। राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें यह मानद उपाधि प्रदान की। राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं है बल्कि यह विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी शिक्षा और ज्ञान का उपयोग समाज एवं राष्ट्र के विकास में करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डिग्री के साथ विद्यार्थियों की जिम्मेदारी भी बढ़ती है और उन्हें अपने ज्ञान, कौशल एवं मूल्यों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य डॉ. राकेश मोहन ने दीक्षांत भाषण में विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से प्राप्त शिक्षा को केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित नहीं रखना चाहिए। ज्ञान और कौशल का इस्तेमाल समाज तथा देश के विकास में किया जाना चाहिए। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए समारोह सबसे खास पल रहा। स्वर्ण पदक हासिल करने वाले विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इसके पीछे लगातार मेहनत के साथ शिक्षकों और परिवार का सहयोग रहा। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों और परिवार के सदस्यों को दिया। कुलपति प्रो. राजीव मनोहर के कार्यकाल में यह पहला दीक्षांत समारोह रहा। समारोह को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की गई थीं। इस दीक्षांत समारोह में सत्र 2024-26 के पीजी विद्यार्थियों को भी शामिल किया गया। परीक्षा और परिणाम की प्रक्रिया समय पर पूरी करने में विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण रही। समारोह के दौरान विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में उत्साह का माहौल रहा। डिग्री और स्वर्ण पदक प्राप्त करने के बाद विद्यार्थियों ने इसे अपनी शैक्षणिक यात्रा की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

### जमशेदपुर में ट्रक की टक्कर से उड़े कार के परखच्चे

## मंत्री दीपिका पांडेय की बेटी समेत चार की मौत

**राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत अन्य लोगों ने जताया शोक**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जिले के सोनारी मरीन ड्राइव पर गुरुवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय की छोटी बेटी तृषा समेत चार लोगों की मौत हो गई। हादसा सुबह करीब तीन बजे हुआ। घटना की सूचना मिलते ही मंत्री दीपिका पांडेय महगामा से जमशेदपुर के लिए रवाना हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गहरा दुख जताया है। दोनों ने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगतों की आत्मा की शांति की कामना की। बताया जा रहा है कि सभी लोग स्विफ्ट डिजायर कार में सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पीछे से ट्रक की जोरदार टक्कर को हादसे की वजह माना जा रहा



है। हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच अभी जारी है। पुलिस दुर्घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जमशेदपुर में हुए सड़क हादसे में राज्य सरकार की साथी मंत्री और बहन दीपिका पांडेय सिंह की बेटी समेत अन्य लोगों के निधन की खबर बेहद दुखद और हृदयविदारक है। उन्होंने कहा कि अपनी संतान को खोने का दुख किसी भी माता-पिता और परिवार के लिए शब्दों से परे और असहनीय होता है। हेमंत सोरेन ने कहा कि इस अत्यंत कठिन घड़ी में उनकी गहरी संवेदनाएं दीपिका पांडेय सिंह और सभी शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि इस अपूरणीय क्षति के लिए शब्द नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने मरांग बुरु से दिवंगतों की आत्मा को शांति देने और शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी हादसे में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की बेटी के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए इस सड़क हादसे की खबर अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। राज्यपाल ने कहा कि एक मां के लिए अपनी संतान को खोने का दुख शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है। इस दुख की घड़ी में उनकी गहरी संवेदनाएं दीपिका पांडेय सिंह और शोकाकुल परिवार के साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से परिवार को इस अपार पीड़ा को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की और दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना की। जमशेदपुर के ट्रैफिक डीएसपी नीरज कुमार ने बताया कि एक कार की ट्रक से टक्कर हो गई जिसमें चार लोगों की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि सभी चार मृतकों की पहचान कर ली गई है और शवों को एमजीएम अस्पताल भेज दिया गया है। हादसे की आगे की जांच जारी है।

## बड़गाईं जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन ऑनलाइन कोर्ट में हुए पेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** रांची के बड़गाईं अंचल की 8.86 एकड़ जमीन के कथित फर्जीवाड़े और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ आरोप तय (फ्रेमिंग ऑफ चार्ज) करने के बिंदु पर गुरुवार को विशेष पीएमएलए अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। अदालत की कार्यवाही के दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने मामले से जुड़े दस्तावेजों का अवलोकन करने के लिए अदालत से समय देने का अनुरोध किया। इस पर अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि वर्तमान चरण आरोप गठन का है, दस्तावेजों के निरीक्षण का नहीं। हालांकि मुख्यमंत्री के आग्रह पर विचार करते हुए पीएमएलए की विशेष अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख बुधवार यानी 30 सितंबर तय की है। अब 30 सितंबर को सुबह 11:15 बजे आरोप गठन के बिंदु पर आगे की सुनवाई होगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इस मामले में बड़गाईं अंचल की 8.86 एकड़ विवादित जमीन के कथित अवैध अधिग्रहण, फर्जी कागजातों के निर्माण और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की गहन जांच कर रहा है। इस सिलसिले में ईडी अब तक सीएम हेमंत सोरेन समेत करीब 18 आरोपियों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इससे पूर्व पीएमएलए की विशेष अदालत इस मामले में शामिल 16 अन्य आरोपियों के खिलाफ पहले ही आरोप गठित कर चुकी है। इन आरोपियों में पूर्व जजिया-राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद, अंतू तिर्की, आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह, बिजेंद्र सिंह, बिपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, मनोज कुमार यादव, कुमार राजश्री, राजकुमार पाहन, संजीत कुमार, शेखर कुशवाहा, तापस घोष, मोहम्मद इरशाद अख्तर, अफसर अली, मोहम्मद सद्दाम हुसैन और मोहम्मद इरशाद शामिल हैं।

## पलामू प्रमंडल में टीएसपीसी का बंद बेअसर, पुलिस अलर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के बंद का असर पलामू, गढ़वा व लातेहार जिला में नजर नहीं आया है। दरअसल प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सुप्रीमो ब्रजेश गंझू के यूपी में हुए एनकाउंटर के विरोध में झारखंड के सात जिलों में टीएसपीसी की ओर से बंद की घोषणा की गई है। टीएसपीसी ने 24 से 26 सितंबर तक पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, हजारीबाग, लोहरदगा, गुमला के इलाके में बंद का आह्वान किया है। नक्सल संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी के बंद का पलामू प्रमंडल के तीनों जिलों में असर नहीं नजर आया है। यात्री वाहनों का परिचालन सामान्य रहा जबकि बाजार पूरी तरह से खुले रहे। बंद का असर नजर नहीं आया है। वहीं रेलवे का परिचालन भी सामान्य रहा है। बंद को देखते हुए पलामू, गढ़वा व लातेहार के इलाके में पुलिस की ओर से हाई अलर्ट जारी किया गया है और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई है। कई इलाकों में टीएसपीसी के खिलाफ सर्च अभियान भी चलाया जा रहा है। टीएसपीसी के प्रभाव वाले इलाके में नक्सलियों की गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। इस संबंध में पलामू रेंज के डीआइजी किशोर कौशल ने बताया कि बंद का असर नजर नहीं आया है। हालांकि पुलिस अपनी तरफ से पूरी तरह से चौकन्ना है और अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है। टीएसपीसी के प्रभाव वाले इलाके में थाना और पुलिस पिकेट के माध्यम से सर्च अभियान भी चलाया जा रहा है। पूरे इलाके को सेनेटाइज किया जा रहा है।

## केनरा बैंक से 42 लाख से ज्यादा नकदी-सोने के आभूषण लूटे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जिले के गोलमुरी थाना क्षेत्र स्थित केनरा बैंक की शाखा में गुरुवार सुबह करीब सवा नौ बजे हथियारबंद अपराधियों ने दिनदहाड़े डकैती की वारदात को अंजाम दिया। करीब 5 से 6 की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने बैंककर्मियों को हथियार के बल पर बंधक बनाकर चेस्ट से 42 लाख रुपये से अधिक की नकदी और लॉकर में रखे सोने के आभूषण लूट लिए। वारदात के बाद सभी अपराधी दो बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। घटना के समय बैंक खुला ही था और परिसर में सफाई का काम चल रहा था। बारिश के कारण सभी अपराधी रेनकोट पहनकर बैंक में दाखिल हुए थे। इससे उन्हें चेहरा और पहचान छिपाने में मदद मिली। बैंक के अंदर घुसते ही बदमाशों ने हथियारों के बल पर कर्मचारियों को बंधक बना लिया और किसी तरह का विरोध नहीं





करने की धमकी दी। बैंक के सुरक्षा गार्ड संतोष कुमार ने अपराधियों का विरोध करने का प्रयास किया तो बदमाशों ने बंदूक की बट से उनके साथ मारपीट की। इससे वह घायल हो गए। गार्ड को डराने के बाद अपराधी सीधे बैंक प्रबंधक अजीत कुमार के कक्ष में पहुंचे। अपराधियों ने बैंक प्रबंधक को गन पॉइंट पर लेकर बैंक का चेस्ट खुलवाया। चेस्ट खुलते ही बदमाशों ने उसमें रखी 42 लाख रुपये से अधिक की नकदी निकाल ली। इसके अलावा लॉकर में रखे सोने के आभूषण भी लूट लिए। वारदात के बाद बैंक परिसर में अफरा-तफरी मच गई। दिनदहाड़े हुई बैंक डकैती से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। बैंक डकैती की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक और गोलमुरी थाना पुलिस समेत कई थानों की टीमें मौके पर पहुंचीं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बैंक परिसर का मुआयना किया और बैंककर्मियों से अपराधियों के हुलिए तथा उनकी बातचीत से जुड़ी जानकारी ली। पुलिस बैंक के अंदर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फुटेज के जरिए अपराधियों के बैंक में प्रवेश करने से लेकर भागने तक की गतिविधियों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि अपराधियों को बैंक में बड़ी रकम रखे होने की जानकारी कैसे मिली। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। इसके साथ ही तकनीकी जांच और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

## सेल ने अगस्त में बनाया उत्पादन और बिक्री का रिकॉर्ड, उधारी में भी 870 करोड़ की कमी


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने अगस्त 2026 में उत्पादन और बिक्री के मोर्चे पर मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी ने अगस्त महीने में गर्म धातु, कच्चा इस्पात और बिक्री योग्य इस्पात के उत्पादन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। साथ ही बिक्री में भी पिछले साल की तुलना में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की गई। अगस्त में सेल का कच्चे इस्पात का उत्पादन 16.8 लाख टन रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 8 प्रतिशत अधिक है। गर्म धातु का उत्पादन 17.8 लाख टन रहा जिसमें 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं बिक्री योग्य इस्पात का उत्पादन 16.9 लाख टन रहा, जो पिछले साल से 1 प्रतिशत अधिक है। बिक्री के मोर्चे पर कंपनी ने अगस्त





में 18.71 लाख टन इस्पात की बिक्री की। पिछले वर्ष अगस्त में यह आंकड़ा 16.54 लाख टन था। यानी बिक्री में करीब 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। कंपनी के नकद संग्रह में भी सालाना आधार पर 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी ने ठंडे रोल्ड, जस्ता चढ़े और मिश्र धातु वाले इस्पात समेत कई मूल्यवर्धित उत्पादों की अगस्त में अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की। बेहतर आपूर्ति व्यवस्था के चलते इस दौरान भंडार में भी उल्लेखनीय कमी आई। भारतीय रेलवे को अगस्त में सेल की रेल आपूर्ति 5 प्रतिशत बढ़कर 1.23 लाख टन हो गई। लंबी रेल की आपूर्ति 1.12 लाख टन रही, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 11 प्रतिशत अधिक है। वहीं अप्रैल से अगस्त 2026 के दौरान सेल की कुल बिक्री 77.1 लाख टन रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 5.6 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने 31 मार्च 2026 की तुलना में अपनी उधारी में भी 870 करोड़ रुपये की कमी की है। सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. ए.के. पंडा ने कहा कि अगस्त और अप्रैल से अगस्त की अवधि का प्रदर्शन कंपनी की उत्पादन क्षमता, बिक्री व्यवस्था और वित्तीय अनुशासन के बीच बेहतर तालमेल को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विस्तार परियोजनाओं में प्रगति और घरेलू बाजार में मांग को देखते हुए कंपनी अपनी विकास गति को और तेज करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# 24 घंटे के भीतर लैपटॉप और मोबाइल चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** कटकमदाग थाना क्षेत्र के कस्तूरीखाप गदोखर गांव में घर से लैपटॉप और दो मोबाइल चोरी के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर उद्भेदन कर लिया। पुलिस ने चोरी गए सामानों को बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, कस्तूरीखाप गदोखर निवासी गौरीशंकर प्रसाद दांगी ने 23 सितंबर को कटकमदाग थाना में आवेदन देकर बताया था कि 22 सितंबर की रात अज्ञात चोर उनके घर से पढ़ाई में उपयोग होने वाला लैपटॉप और दो मोबाइल चोरी कर ले गए। आवेदन के आधार पर कटकमदाग थाना कांड संख्या 179/26, दिनांक 23 सितंबर 2026, धारा 331(1)/305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ज्ञान रंजन के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। मानवीय एवं तकनीकी सहयोग से पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस ने चोरी गए एक एचपी कंपनी का लैपटॉप, एक इनफिनिक्स स्मार्टफोन और एक ओप्पो स्मार्टफोन बरामद किया। इस मामले में अली राजा उर्फ बबलू (22), पिता स्वर्गीय सरफराज अंसारी, स्थायी पता चिस्तिया मोहल्ला, बड़ा बाजार ओपी, हजारीबाग तथा वर्तमान पता कूद, थाना कटकमदाग, को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध हजारीबाग सदर थाना में वर्ष 2022 और 2023 में चोरी से संबंधित तीन मामले, वर्ष 2024 में एक मामला तथा लोहसिंघना थाना में वर्ष 2025 में चोरी से संबंधित मामला दर्ज है। छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ज्ञान रंजन, पुलिस निरीक्षक पेलावल अंचल सपन कुमार माहथा, कटकमदाग थाना प्रभारी पु०अ०नि० सरोज सिंह चौधरी, पु०अ०नि० चितरंजन कुमार, स०अ०नि० संतोष कुमार महतो, तकनीकी शाखा तथा थाना रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।



## करमा गांव में जमीन कब्जे के आरोप से ग्रामीणों में आक्रोश, सड़क जाम की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** चौपारण प्रखंड की करमा पंचायत के ग्राम करमा में जमीन पर कथित कब्जे को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि संतोष कुमार भुईया के दादा काली भुईया के नाम से संबंधित करीब तीन एकड़ जमीन पर विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव द्वारा जबरन कब्जा किया गया है। हालांकि, इन आरोपों की वास्तविकता जांच का विषय है और प्रशासनिक जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। ग्रामीणों के अनुसार उक्त जमीन भूदान यज्ञ समिति, बिहार सरकार द्वारा वर्ष 1955 में प्रदान की गई थी। जमीन से संबंधित दस्तावेजों में खाता संख्या 59 एवं प्लॉट नंबर 12 का उल्लेख होने की बात ग्रामीणों ने कही है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत हजारीबाग उपायुक्त, चौपारण अंचल कार्यालय एवं चौपारण थाना को देकर जमीन से संबंधित दस्तावेजों की जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त जमीन लंबे समय से उनके उपयोग में रही है। उनका आरोप है कि वर्तमान में संतोष कुमार भुईया के घर आने-जाने का रास्ता भी तार लगाकर बंद कर दिया गया है। ग्रामीण विजय भुईया ने कहा कि उक्त जमीन काली भुईया की है। सत्यानंद राम ने भी जमीन को काली भुईया की बताते हुए कहा कि इससे संबंधित दस्तावेज मौजूद हैं। उन्होंने राजदेव यादव पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया। विकास गुप्ता ने कहा कि बचपन से स्थानीय लोग इस जमीन पर खेलते रहे हैं और उनकी जानकारी के अनुसार काली भुईया का परिवार भी इसी क्षेत्र में रहता था। काली भुईया की मृत्यु के बाद जमीन पर कब्जा किए जाने का आरोप लगाया गया। कार्तिक भुईया ने भी ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों का समर्थन किया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा मामले में संज्ञान नहीं लिया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने जरूरत पड़ने पर सड़क जाम करने की चेतावनी भी दी। ग्रामीणों ने कहा कि जमीन विवाद के कारण स्थानीय स्तर पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने प्रशासन से मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर जमीन से संबंधित दस्तावेजों एवं स्थल की जांच कराने तथा वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। वहीं, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव ने ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि न तो उनके द्वारा उक्त जमीन पर कब्जा किया गया है और न ही किसी की जमीन की घेराबंदी उनके द्वारा कराई गई है। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर लगाए गए आरोप निराधार हैं। जमीन के स्वामित्व एवं कब्जे से जुड़े ग्रामीणों के आरोप और राजदेव यादव का पक्ष सामने आने के बाद अब पूरे मामले की वास्तविक स्थिति प्रशासनिक जांच एवं संबंधित दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चलचित्र दर्शन दिवस पर शिशु मंदिर में गूंजा जय श्री राम, 160 बच्चों ने देखी हनुमान अंश मूवी

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में गुरुवार को चलचित्र दर्शन दिवस के दौरान पूरा विद्यालय परिसर भक्ति और उत्साह से गूंज उठा। शिशु वाटिका के अरुण से प्रभात वर्ग तक के करीब 160 नन्हे भैया-बहनों ने डिवीने डेटॉर पुस्तक पर आधारित




फिल्म ह्यहनुमान अंशह्न का आनंद लिया। पर्दे पर बजरंगबली का प्रसंग आते ही बच्चों ने उत्साह के साथ ह्यजय श्री रामह्न का उद्घोष किया। शिशु वाटिका प्रमुख कल्पना दीदी के दिशा निर्देशन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम के लिए कक्षा को ही आकर्षक सिनेमा हॉल का रूप दिया गया था। फिल्म के माध्यम से बच्चों को आस्था, भक्ति, साहस और दृढ़ संकल्प का संदेश दिया गया। बच्चों ने सीखा कि विश्वास और संकल्प के साथ कठिन से कठिन लक्ष्य को भी प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय परिवार के लिए यह आयोजन मनोरंजन के साथ साथ संस्कार और भारतीय संस्कृति से जुड़ने का माध्यम भी बना। नन्हे बच्चों ने फिल्म के पात्रों और प्रसंगों को उत्सुकता के साथ देखा तथा पूरे आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद कमल ने शिशु वाटिका प्रमुख कल्पना दीदी सहित प्रिया बिशाखा, बेबी सरकार, अनीता मिश्रा, गायत्री विश्वकर्मा, मोटूसी दान और सीमा शंघाई समेत सभी वाटिका दीदी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिशु वाटिका में इस प्रकार के आयोजन बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव, आस्था और एकाग्रता का भाव विकसित करने में सहायक होते हैं।

### 47वें वार्षिक महोत्सव का भव्य समापन, भजन-कीर्तन और भंडारे में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** श्री श्याम सेवा मंडल (रजि.), गिरिडीह द्वारा आयोजित श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के 47वें वार्षिक महोत्सव का बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के बीच भव्य समापन हुआ। दो दिवसीय महोत्सव के दौरान रामबाग स्थित श्री महावीर कुटिया मंदिर प्रांगण बाबा श्याम की भक्ति में सराबोर रहा। भजन-कीर्तन की गूंज से पूरा वातावरण श्याममय बना रहा। समापन अवसर पर आयोजित भजन-कीर्तन में जयपुर के



अमित नामा, गिरिडीह के आकाश परिचय, कोलकाता के अभिषेक सिंघल एवं सोनभद्र के संजीव शर्मा ने बाबा श्याम के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। महोत्सव के दौरान बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार, आकर्षक दरबार, अखंड ज्योत, सवामणी एवं छप्पन भोग सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। मंगलवार को 141 जोड़ी निशानों के साथ भव्य निशान एवं पालकी शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन अवसर पर भव्य भंडारे एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में देर तक बाबा श्याम के जयकारे गूंजते रहे और श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए।महोत्सव को सफल बनाने में संजय कुमार भुदौलिया, किशन अग्रवाल, बांके बिहारी शर्मा, मनोज खंडेलवाल, कुणाल कुमार मोदी, संजय शर्मा (सीए), प्रभात खेतान, नारायण सौंधालिया, रोहित जालान, डब्बू अग्रवाल, राकेश मोदी, बंटी खंडेलवाल, मुकेश जालान, सतीश केडिया, श्याम सौंधालिया, गोविंद सिंघानिया, राजेश सुराणा एवं अनिल खंडेलवाल सहित मंडल के सभी सदस्यों की सहभागिता रही। हारे का सहारा, बाबा श्याम हमाराह्न के जयकारों के बीच दो दिवसीय 47वें वार्षिक महोत्सव का भावपूर्ण समापन हुआ।

### कटिहार रेल में स्वच्छता पखवाड़ा में बदलेगा 1500 लोकेशनों का स्वरूप

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रेलवे बोर्ड के निर्देश पर स्वच्छ और सुंदर रेलवे परिसर के साथ यात्रियों में स्वच्छता की आदत विकसित करने के उद्देश्य से कटिहार रेल मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत व्यापक स्तर पर सफाई एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। डीआरएम किरेंद्र नरह के कुशल मार्गदर्शन में मंडल के करीब 1500 स्थानों को विशेष साफ-सफाई के लिए चिन्हित किया गया है। जहां अभियान के दौरान नियमित रूप से स्वच्छता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत रेलवे स्टेशनों एवं अन्य परिसरों में साफ-सफाई के साथ नुक्कड़ नाटक, जागरूकता कार्यक्रम एवं जनसंपर्क अभियान आयोजित किए जा रहे हैं। यात्रियों और आम लोगों को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने तथा रेलवे परिसर को स्वच्छ रखने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। सीनियर डीसीएम सह पीआरओ अनूप कुमार सिंह ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत बीते 17 सितंबर को डीआरएम किरेंद्र नरह द्वारा रेल अधिकारियों और कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर की गई थी। वही इस अभियान का समापन आगामी 2 अक्टूबर को होगा। वही डीआरएम किरेंद्र नरह ने कहा कि स्वच्छता केवल रेलवे प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक यात्री और नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि रेलवे परिसर में कूड़ा न फैलाएं, प्लास्टिक का इस्तेमाल कम से कम करें और कूड़ेदान का ही प्रयोग करें।

## 30 दिन से अंधेरे में था कोरियाटोला, ट्रांसफार्मर लगते ही लौटी रोशनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मधुबन कोरियाटोला में पिछले करीब 30 दिनों से जारी बिजली संकट आखिरकार खत्म हो गया। नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने के बाद पूरे टोले में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। लंबे समय से बिजली की समस्या झेल रहे ग्रामीणों में ट्रांसफार्मर लगने के बाद खुशी का माहौल है। माले नेता राजेश सिन्हा ने बताया कि स्थानीय नेता हराधन जी और जिला कमेटी सदस्य अजीत राय के बुलावे पर वे कोरियाटोला पहुंचे थे। ग्रामीणों ने उन्हें लंबे समय से खराब पड़े ट्रांसफार्मर और बिजली संकट से हो रही परेशानियों की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर समस्या के शीघ्र समाधान की पहल की। मामले में बिजली विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। इससे ग्रामीणों को करीब एक माह बाद राहत मिली। राजेश सिन्हा ने इस कार्रवाई के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मियों का आभार जताया। उन्होंने विशेष रूप से एसी शकील, एग्जीक्यूटिव मृणाल और एसडीओ अमित के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेकर शीघ्र समाधान कराया। उन्होंने मौके पर कार्य करने वाले बिजली मिस्त्रियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की बुनियादी समस्याओं का समाधान ही जनता की असली जीत है।



## भारी बारिश के अलर्ट के बीच स्कूल बंद रखने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मौसम विभाग की भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए गिरिडीह जिले में भी 24 और 25 सितंबर को सभी कोटि के विद्यालयों को बंद रखने की मांग उठी है। सहायक अध्यापक महासंघ, गिरिडीह के जिला महासचिव सुखदेव हाजरा ने उपायुक्त सहित जिला प्रशासन से छात्रहित, बाल सुरक्षा और वर्तमान मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए दो दिनों के लिए विद्यालय बंद रखने का आदेश जारी करने का आग्रह किया है। सुखदेव हाजरा ने कहा कि भारी बारिश की चेतावनी के बीच बच्चों का विद्यालय तक आवागमन जोखिमपूर्ण हो सकता है। ऐसे में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासन को एहतियाती कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हजारीबाग जिले में उपायुक्त के निर्देश पर 24 सितंबर को भारी बारिश के मद्देनजर सभी कोटि के विद्यालयों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। यह छात्रहित और सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम है। इसी तर्ज पर गिरिडीह जिले में भी 24 और 25 सितंबर को विद्यालय बंद रखने का आदेश जारी किया जाना चाहिए। महासंघ ने जिला प्रशासन से मौसम की स्थिति को देखते हुए जल्द निर्णय लेने की अपील की है, ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## गिरिडीह कॉलेज में झारखंड छात्र मोर्चा का धरना शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह कॉलेज में शैक्षणिक व्यवस्था, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर झारखंड छात्र मोर्चा ने गुरुवार से धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। मोर्चा ने कॉलेज प्रशासन के समक्ष छह सूत्रीय मांगें रखते हुए कहा कि कॉलेज परिसर को राजनीतिक गतिविधियों से मुक्त रखते हुए विद्यार्थियों की पढ़ाई और भविष्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मोर्चा की पहली मांग कॉलेज परिसर में राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगाकर शांतिपूर्ण एवं सुचारू शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने की है। दूसरी मांग शैक्षणिक सत्र को समय पर पूरा कराने की है। मोर्चा का कहना है कि सत्र में हो रही देरी का सीधा असर विद्यार्थियों के भविष्य पर पड़ रहा है। तीसरी मांग प्रोफेसर विनिता कुमारी से संबंधित है। मोर्चा ने उनकी शैक्षणिक जिम्मेदारियों और राजनीतिक गतिविधियों में भूमिका की जांच कर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। चौथी मांग प्रोफेसर सतीश यादव के पूर्व में जेल जाने से संबंधित मामले की जांच कराने तथा उपलब्ध दस्तावेजों एवं नियमों के आधार पर उचित कार्रवाई करने की है। पांचवीं मांग पूर्व प्राचार्य डॉ. अनुज कुमार के कार्यकाल की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच से जुड़ी है। मोर्चा ने उनके कार्यकाल में लिए गए प्रशासनिक एवं वित्तीय निर्णयों की जांच कराने की मांग की है। वहीं छठी मांग कॉलेज परिसर में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने की है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो और महत्वपूर्ण गतिविधियों की निगरानी सुनिश्चित की जा सके। झारखंड छात्र मोर्चा ने कहा कि उसका आंदोलन विद्यार्थियों की समस्याओं और कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए है। मोर्चा ने कॉलेज प्रशासन एवं विश्वविद्यालय से मांगों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। धरना में जिला अध्यक्ष अभय कुमार, जिला सचिव विशाल झा, जिला उपाध्यक्ष रौनक मिश्रा, रोहित कुमार, सुमेर वर्मा, बड्डी यादव, आर्यन वर्मा, सूरज मंडल, राज पांडे, बिट्टू यादव, आदित्य यादव, राकेश यादव, रितेश पाठक, करीना कुमारी, रोहित मरांडी, दुर्गा सोरेन, बिरन बास्की, गोविंद किस्कू, सावन मुर्मू, दीपक सोरेन, अस्टीफन मरांडी, सुनुलाल टुडू, सुनील मरांडी, पंकज मुर्मू, विमल मरांडी, संजीव मुर्मू एवं विनय हांसदा समेत अन्य मौजूद थे।




## एमएमडीआर संशोधन विधेयक के विरोध में राजद का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 के प्रावधानों के विरोध में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की गिरिडीह जिला कमेटी ने गुरुवार को जिला मुख्यालय के समक्ष जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थकों ने हाथों में झंडे व तख्तियां लेकर झारखंड के खनिज संसाधनों और राज्य के अधिकारों की रक्षा की मांग उठाई। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व राजद जिलाध्यक्ष इरफान आलम ने किया। उन्होंने कहा कि झारखंड देश के प्रमुख खनिज संपदा वाले राज्यों में है। यहां के खनिज संसाधन राज्य की अर्थव्यवस्था, रोजगार और जनता के हितों से सीधे जुड़े हैं। ऐसे में खनिज संसाधनों से जुड़े किसी भी बड़े निर्णय में झारखंड के हितों और राज्य के वैधानिक अधिकारों का संरक्षण जरूरी है। इरफान आलम ने कहा कि राजद जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा से जुड़े सवालों को लेकर लगातार आवाज उठाता रहा है। खनिज संपदा का लाभ स्थानीय लोगों, मजदूरों, युवाओं और राज्य के विकास को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ नहीं, बल्कि झारखंड के अधिकारों और जनता के हितों से जुड़े सवालों को लोकतांत्रिक तरीके से सामने रखने के लिए है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह से उठी यह आवाज झारखंड के अधिकारों और जनहित से जुड़े मुद्दों की आवाज है। पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव और प्रखंड-प्रखंड जाकर लोगों को इस विषय की जानकारी देंगे। धरना-प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त, गिरिडीह के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में एमएमडीआर संशोधन विधेयक, 2026 के प्रावधानों को लेकर राजद की आपत्तियां दर्ज कराते हुए झारखंड के हितों एवं राज्य के अधिकारों की रक्षा की मांग की गई।



## प्राचार्य को दिनकर राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर एबीवीपी ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** दिनकर स्मृति न्यास बेगूसराय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में केबी झा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिंह को राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर दिनकर राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। दिनकर स्मृति न्यास, बेगूसराय की ओर से बेगूसराय में दिनकर जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किया गया है।व्याख्यान कार्यक्रम बीआरए बिहार विवि मुजफ्फरपुर के पूर्व कुलपति डॉ रवीन्द्र कुमार वर्मा, रवि, पीजी सेंटर सहरसा के हिन्दी विभाग के प्रो सिद्धेश्वर कश्यप व्याख्यान दिये। उसके बाद बेगूसराय के जिलाधिकारी रिची पांडेय द्वारा साहित्यकारों में केबी झा कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह को दिनकर राष्ट्रीय सम्मान दिया। इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग सह संयोजक विक्रांत सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमल ठाकुर,नगर सह मंत्री रवि सिंह,विशाल सिंह , प्रो . विनय कुमार पांडे, प्रो. विकास,प्रो.मिलन यादव , आदि कार्यकर्ता ने उन्हें बुके देकर बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

## 185 शिक्षकों को मिला डिजिटल शिक्षा का प्रशिक्षण, पांच दिवसीय शिविर का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शिक्षकों की डिजिटल दक्षता बढ़ाने और विद्यालयों में तकनीक आधारित शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से गिरिडीह जिले के 10 केंद्रों पर आयोजित पांच दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची एवं स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आईसीटी 754 परियोजना के तहत किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन शिक्षकों को एमएस वर्ड में मेल मेरगे , एमएस एक्सेल , एमएस पेंट , पावरपॉइंट , गूगल मीट , जे-गुरूजी , गूगल फॉर्म्स और जेएचपीएमएस सहित विभिन्न डिजिटल टूल्स की जानकारी दी गई। प्रशिक्षु आनंद कुमार वर्मा एवं आदित्य कुमार ने शिक्षकों को प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में क्लस्टर कोऑर्डिनेटर पवन कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान झारखंड सरकार द्वारा विकसित जे-गुरूजी डिजिटल शिक्षा मंच की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जे-गुरूजी के माध्यम से संवादात्मक शैक्षणिक सामग्री, शिक्षक प्रशिक्षण, मूल्यांकन उपकरण और लाइव क्लास जैसी सुविधाओं का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग पर दिए गए जोर का भी उल्लेख किया। बताया गया कि आईसीटी 754 परियोजना के तहत राज्य के आठ जिलों के 754 विद्यालयों में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास की सुविधा विकसित की गई है। इनमें गिरिडीह जिले के 303 विद्यालय शामिल हैं।

## एनएसएस दिवस पर विधि महाविद्यालय में रक्तदान शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** एनएसएस दिवस के अवसर पर 24 सितंबर को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के विधि महाविद्यालय में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलसचिव, एनएसएस समन्वयक डॉ. जानी रुबीना तिर्की, वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सह ब्लड मैन निर्मल जैन, प्राचार्य डॉ. रश्मि प्रधान, प्रोग्राम ऑफिसर उर्मिला, डॉ. विनीता, डॉ. अंबिका एवं डॉ. अर्चना ने संयुक्त रूप से किया। शिविर की शुरूआत अर्चना, रिचा धान, अश्मित दीप ने अपने जन्मदिन के अवसर पर, विकास कुमार एवं जय नारायण ने रक्तदान कर की। इसके बाद चंदन कुमार, आरके दास, संदीप, अनमोल, तुषार, कृपालु, अमित, आदित्य, एन. हसन सहित कुल 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के बाद वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने सभी रक्तदाताओं एवं आयोजकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने विधि महाविद्यालय एवं यूसेट के विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व एवं इसके लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से रक्तदान करने से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। उनकी जानकारी और प्रेरणा से कई विद्यार्थियों ने रक्तदान के लिए उत्साह दिखाया। हालांकि कुछ लोग वजन एवं हीमोग्लोबिन कम होने के कारण रक्तदान नहीं कर सके। भारी बारिश के बावजूद रक्तदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। शिविर को सफल बनाने में विद्यार्थी अस्मित, सौरभ, आकांक्षा, इरफान, तन्मय, अभिनय, अंशिका, अमित, चंदन, राहुल, अमर, आकाश सहित वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, मेडिकल कॉलेज के डॉ. अजीत कुमार एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में विधि महाविद्यालय की ओर से निर्मल जैन, डॉ. जानी रुबीना तिर्की एवं मेडिकल टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



# बरहरवा स्टेशन से अंतरराज्यीय चोर गिरोह का सरगना हसन चिकना गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**साहिबगंज**। झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र से जुड़े कुख्यात अंतरराज्यीय चोर गिरोह के सरगना हसन चिकना को पश्चिम बंगाल पुलिस ने साहिबगंज जिले के बरहरवा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। उत्तर दिनाजपुर जिले की पुलिस को उसके संबंध में सटीक इनपुट मिला था। इसके बाद करीब दो दर्जन पुलिसकर्मियों की टीम सादे लिबास में स्टेशन पर तैनात की गई थी। हसन चिकना गुरुवार को ट्रेन से बरहरवा स्टेशन पहुंचा। स्टेशन पर पुलिसकर्मियों की संदिग्ध गतिविधियां देखकर उसे खतरे का अंदेशा हुआ और वह तेजी से भागने लगा। पुलिस टीम ने स्टेशन परिसर में उसका पीछा किया और जीआरपी के सहयोग से घेरकर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हसन





चिकना की गिरफ्तारी पश्चिम बंगाल में चोरी के सोने और अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े मामले में हुई है। उसके पास से करीब छह किलोग्राम सोना बरामद होने की बात सामने आ रही है। हालांकि, बरामदगी की मात्रा और सोने के स्रोत की पुलिस ने अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि हसन चिकना चोरी के सोने की डिलीवरी से जुड़ा काम पूरा कर लौट रहा है। इसी आधार पर उत्तर दिनाजपुर पुलिस ने उसकी गतिविधियों पर नजर रखी और बरहरवा स्टेशन पर जाल बिछाया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद उसे पश्चिम बंगाल ले जाने की तैयारी की जा रही है। हसन चिकना का नाम 25 दिसंबर 2017 की रात बोकारो स्थित भारतीय स्टेट बैंक की एडीएम बिल्डिंग शाखा में हुई चर्चित लॉकर चोरी से जुड़ा है। पुलिस और अदालती रिकॉर्ड से जुड़ी रिपोर्टों में 72 लॉकर काटे जाने का उल्लेख है, जबकि कुछ रिपोर्टों में बैंक के कुल 76 लॉकर प्रभावित होने की बात कही गई है। गैस कटर से लॉकर काटकर गिरोह करोड़ों रुपये के आभूषण, नकदी, सोना और चांदी ले गया था। विभिन्न रिपोर्टों में चोरी की संपत्ति का अलग-अलग आकलन सामने आया है। एक रिपोर्ट में 11 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने की बात कही गई है, जबकि दूसरी पुलिस जांच रिपोर्ट में करीब 14 किलोग्राम सोना, 40 किलोग्राम चांदी और लगभग डेढ़ लाख रुपये नकद चोरी होने का उल्लेख है। घटना के बाद बोकारो पुलिस ने गिरोह के सदस्यों की तलाश में झारखंड के अलावा अन्य राज्यों में भी छापेमारी की थी।

## झारखंड विधानसभा प्राक्कलन समिति की जिला अधिकारियों संग बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी**। झारखंड विधानसभा प्राक्कलन समिति के सभापति हेमलाल मुर्मू की अध्यक्षता में परिसदन, खूंटी में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में झारखंड विधानसभा प्राक्कलन समिति के सदस्य नागेंद्र महतो सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। इस दौरान विशेष प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, कल्याण, भवन प्रमंडल, लघु सिंचाई, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य आपूर्ति, राजस्व विभाग, नगर पंचायत आदि द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति एवं निर्धारित समय-सीमा के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों के आलोक में संबंधित विभागों के तहत क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं के प्राक्कलन एवं व्यय का ब्योरा सहित अन्य बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निर्देशित किया गया कि संचालित योजनाओं में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। झारखंड विधानसभा प्राक्कलन समिति के सभापति हेमलाल मुर्मू ने जनहित से जुड़े विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं कार्य की गति बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाना चाहिए। बैठक में डीडीसी, खूंटी सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी शामिल थे।

# बीमार रेलकर्मियों का हौसला बढ़ाएगा एसोसिएशन, महीने के पहले गुरुवार को होगी भर्ती कर्मचारियों से मुलाकात

**बीमारी के दौरान दवा और इलाज के साथ मरीजों को अपनापन और सामाजिक सहयोग भी जरूरी**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर**। रेलवे इम्प्लाई वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य हर माह के पहले गुरुवार को रेलवे अस्पताल, खासमहल पहुंचकर भर्ती बीमार रेलकर्मियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान मरीजों का हालचाल जानने के साथ उनका हौसला बढ़ाया जाएगा और फल व पौष्टिक आहार भी दिया जाएगा। यह घोषणा एसोसिएशन के चेयरमैन मनोज मिश्रा ने कैरिज कॉलोनी में गुरुवार को आयोजित साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर में की। उन्होंने कहा कि बीमारी के दौरान दवा और इलाज के साथ मरीजों को अपनापन और सामाजिक सहयोग भी जरूरी है। सहकर्मियों की मौजूदगी से मरीजों को भावनात्मक संबल मिलेगा और उन्हें अकेलेपन का अहसास नहीं होगा। सदस्य हर माह पहले गुरुवार को सुबह नौ से 11 बजे तक अस्पताल में मरीजों से मिलेंगे।शिविर में रेलकर्मियों और आम लोगों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और वजन की निःशुल्क जांच की गई। लोगों को नियमित जांच, संतुलित खान-पान और रोज 35 मिनट पैदल चलने के लिए जागरूक किया गया।

# आपदा की स्थिति से निपटने के लिए हॉटस्पॉट चिन्हित कर आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। समाहरणालय सभागार में गुरुवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन एवं बचाव तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभावित आपदाओं की रोकथाम एवं आपात स्थिति में त्वरित बचाव कार्य सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि चैनपुर में हुई दुखद घटना की पुनरावृत्ति दोबारा न हो, यह हम सभी को सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए संभावित आपदा वाले क्षेत्रों को पहले से चिन्हित करते हुए वहां आवश्यक सुरक्षा एवं बचाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीसी ने सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में संभावित आपदा वाले हॉटस्पॉट को चिन्हित करने का निर्देश




दिया। इसमें नदी, तालाब, जलाशय, बंद पड़े पत्थर खदान, माइंस एवं पर्यटन स्थलों सहित ऐसे अन्य स्थानों को शामिल करने को कहा गया, जहां दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। चिन्हित स्थलों की सूची तैयार कर वहां आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। आगामी दुर्गा पूजा को देखते हुए उपायुक्त श्री शेखावत ने विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने पूजा समितियों से संबंधित आवश्यक जानकारी एकत्रित कर मूर्ति की ऊंचाई, पंडाल निर्माण की स्थिति, मूर्ति विसर्जन का रूट तथा विसर्जन स्थल के जलाशय की स्थिति की रिपोर्ट तैयार करने को कहा। उन्होंने आवश्यकता के अनुसार विसर्जन स्थलों पर गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि आपात स्थिति में बचाव कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो। उपायुक्त श्री शेखावत ने आपदा से संबंधित सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान एवं समन्वय के लिए डेडिकेटेड व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश दिया साथ ही बंद पड़ी खदानों एवं माइंस को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार बैरकेडिंग कराने पर भी जोर दिया।

# एसआइआर के तहत फॉर्म-6 संग्रहण कार्य की उपायुक्त ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत जिले में योग्य नागरिकों से फॉर्म-6 संग्रहण कार्य की जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने आज समाहरणालय सभागार में समीक्षा की। बैठक में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में फॉर्म-6 संग्रहण की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों से अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गयी। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 1,19,943 योग्य मतदाताओं से फॉर्म-6



संग्रहण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके विरुद्ध अब तक 51,781 योग्य मतदाताओं से फॉर्म-6 का संग्रहण किया जा चुका है, जबकि 68,162 योग्य मतदाताओं से फॉर्म-6 का संग्रहण किया जाना शेष है। उपायुक्त श्री शेखावत ने फॉर्म-6 संग्रहण की प्रगति पर चिंता जताते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एसआईआर के तहत कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में पंजीकरण से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य में तेजी लाई जाये। बैठक में कुछ विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभागार में उपस्थित रहे, जबकि कुछ ईआरओ के साथ-साथ सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में जुड़े। बैठक में एसआईआर के तहत फॉर्म-6 संग्रहण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# रांची में 27 सितंबर तक लगेगा नेत्र रोग विशेषज्ञों का महाकुंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। रांची में आज से देशभर के नेत्र विशेषज्ञों का महाकुंभ लगने जा रहा है। आयोजकों के अनुसार झारखंड के इतिहास में यह पहला ऐसा मेडिकल कॉन्फ्रेंस होने जा रहा है जहां देशभर 1000 से ज्यादा नेत्र रोग विशेषज्ञ, शोधकर्ता, शिक्षक, युवा डॉक्टर के साथ साथ मेडिकल स्टूडेंट्स शिरकत करेंगे। यह इस मायने में भी पहला मौका होगा जब ऑल इंडिया ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी (की मिडटर्म राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस झारखंड में आयोजित होने जा रही है। 25 से 27 सितंबर तक निजी होटल में होने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन की जानकारी प्रेस वार्ता के माध्यम से दी गयी। आयोजन समिति की सचिव और नेत्र सर्जन डॉ. भारती कश्यप ने कहा कि इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में आंखों की बीमारियों के इलाज में हो रहे नए शोध-बदलावों से लेकर आधुनिक तकनीक और चिकित्सा क्षेत्र में चल रहे शोध




पर मंथन होगा। उन्होंने बताया कि देश के अलग-अलग हिस्सों से सम्मेलन में भाग लेने आने वाले नेत्र रोग विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे और नई उपचार पद्धतियों और तकनीकों की जानकारी देंगे। डॉ। भारती कश्यप ने बताया कि एआईओएस का राष्ट्रीय स्तर का यह आयोजन पहली बार झारखंड में होना राज्य के लिए गर्व की बात है। होटल में आयोजित होने वाले इस कॉन्फ्रेंस में 1,000 से ज्यादा नेत्र विशेषज्ञों का जुटना भी सम्मेलन की व्यापकता को दर्शाता है। इस मौके पर डॉ. बीपी कश्यप ने कहा कि इस आयोजन से झारखंड के नेत्र रोगियों, यहां के मेडिकल स्टूडेंट्स खासकर नेत्र रोग की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए काफी लाभप्रद होगा। डॉ. भारती कश्यप ने बताया कि इस आयोजन से देशभर में झारखंड के पर्यटन स्थल, यहां के रमणीय स्थलों और अद्भुत प्राकृतिक छटा की भी ब्रांडिंग होगी। डॉ. प्रीतेश प्रणय ने कहा कि इस राष्ट्रीय महासंगम में अत्याधुनिक सर्जिकल तकनीकों और जटिल नेत्र विकारों के सटीक समाधान पर गहन चर्चा होगी। राष्ट्रीय स्तर के सर्जनों से रूबरू होकर हमारे स्थानीय चिकित्सकों को जटिलतम मामलों से निपटने का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा, जिसका सीधा लाभ यहां के मरीजों को मिलेगा। वहीं डॉ. निलेंदु मिश्रा ने कहा कि यह सम्मेलन युवा नेत्र चिकित्सकों और पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के लिए एक उत्कृष्ट शैक्षणिक मंच साबित होगा। कॉन्फ्रेंस के दौरान आयोजित होने वाले विशेष वैज्ञानिक सत्र और केस डिस्कशन से उभरते डॉक्टरों को आधुनिक शोध और क्लीनिकल गाइडलाइंस को गहराई से समझने में मदद मिलेगी। डॉ. सुजेत समंता ने कहा कि नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, उन्नत डायग्नोस्टिक्स और नई लेजर तकनीकों का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। इस कॉन्फ्रेंस के जरिए झारखंड के डॉक्टर्स इन वैश्विक तकनीकों से सीधे जुड़ सकेंगे, जिससे राज्य में अंधापन निवारण और नेत्र जांच की गुणवत्ता को नई दिशा मिलेगी।

# खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, हॉकी और एथलेटिक्स में पदकों की बारिश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया है। हॉकी के बाद अब एथलेटिक्स में भी झारखंड के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया है। 37वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राज्य के एथलीटों ने कुल 47 पदक जीते, जबकि अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले झारखंड के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। बिहार में पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 22 से 24 सितंबर तक आयोजित 37वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड ने 16 स्वर्ण, 16 रजत और 15 कांस्य समेत कुल 47 पदक अपने नाम किए। अंतिम दिन राज्य के खिलाड़ियों ने आठ स्वर्ण, पांच रजत और पांच कांस्य समेत 18 पदक जीते। बालिका अंडर-18, बालिका अंडर-20, बालक अंडर-14 और बालक अंडर-18 वर्ग में झारखंड की टीम उपविजेता रही। बालिका अंडर-20 में शिवानी कुमारी और बालक अंडर-18 में साजिद को बेस्ट एथलीट चुना गया। अंतिम दिन स्वर्ण पदक जीतने वालों में सोनम कुमारी ने बालिका अंडर-20 की 3000 मीटर दौड़, दीपक महतो ने बालक अंडर-20 की 3000 मीटर, आयुष कुमार और हिमांशु कुमार ने अंडर-14 ट्रायथलान में स्वर्ण जीता। शिवानी कुमारी ने 400 मीटर हर्डल्स, संतोष कुमार ने अंडर-18 1000 मीटर में स्वर्ण हासिल किया। बालिका अंडर-16 मिडले रिले में कोमल कुमारी, गुरुबारी, मुक्ता कुमारी और सोनी कुमारी तथा अंडर-20 चार गुणा 400 मीटर रिले में अनामिका उरांव, चिंतामणि टूटी, शिवानी कुमारी और पूनम कुमारी ने स्वर्ण जीता। वहीं हॉकी में भी झारखंड की खिलाड़ियों ने उपलब्धि हासिल की है। इंग्लैंड में आयोजित जूनियर महिला एशिया कप हॉकी की विजेता भारतीय टीम की सदस्य बिनिमा धान, पार्वती टोपनो और रोशनी आइंद को खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के निदेशक छवि रंजन ने सम्मानित किया। जापान में आयोजित महिला हॉकी अंडर-18 एशिया कप में भारतीय टीम के तीसरे स्थान पर रहने में झारखंड की खिलाड़ी खुशी कुमारी, सुगन सांगा, नीलम टोपनो और श्रुति कुमारी की भी भूमिका रही। इन खिलाड़ियों और प्रशिक्षिका करुणा पूर्ति को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। खेल विभाग के अधिकारियों ने खिलाड़ियों से उनके संघर्षपूर्ण जीवन और प्रशिक्षण के अनुभवों की जानकारी भी ली। ये खिलाड़ी विभाग के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और आवासीय प्रशिक्षण केंद्र से जुड़े हैं।

# हिनू शुक्ला कॉलोनी में सजेगा 55 फीट ऊंचा अनोखा पूजा पंडाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। राजधानी रांची के हिनू स्थित शुक्ला कॉलोनी में इस वर्ष सनातन संघ दुर्गा पूजा समिति की ओर से सड़क से हटकर खुले स्थान पर भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा। समिति पिछले 32 वर्षों से लगातार पूजा का आयोजन करती आ रही है। इस बार आम श्रद्धालुओं की सुविधा और सड़क पर यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने के उद्देश्य से पूजा स्थल को मुख्य सड़क से स्थानांतरित कर कॉलोनी के ही एक बड़े खुले मैदान में शिफ्ट किया गया है। सनातन संघ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष पंडाल का विषय (थीम) पश्चिम बंगाल की प्रसिद्ध और लोकप्रिय खाद्य संस्कृति से प्रेरित है। पंडाल के कलात्मक ढांचे में गोलगप्पे की छोटी टोकरी और पारंपरिक चना-चूर खाने वाले कोनों (स्ट्रीट फूड कल्चर) के खूबसूरत मॉडल शामिल किए जा रहे हैं। पंडाल की ऊंचाई लगभग 45 से 55 फीट और चौड़ाई करीब 60 फीट होगी, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनेगी। इस बार पूजा का मुख्य आकर्षण 11 फीट ऊंची मां दुर्गा की भव्य और जीवंत प्रतिमा होगी। प्रतिमा में मां दुर्गा को महिषासुर का वध करते हुए दर्शाया जाएगा, जिसमें शक्ति और सौम्यता का अद्भुत समन्वय देखने को मिलेगा। इस प्रतिमा को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से आए प्रसिद्ध मूर्तिकार मोहन दास तराश रहे हैं। समिति के अनुसार, केवल पंडाल निर्माण पर करीब 11 लाख रुपये और पूरे पूजा आयोजन पर लगभग 21 लाख रुपये खर्च होंगे। पूजा के दौरान आकर्षक विद्युत सज्जा, भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, महाभोग और प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। दर्शन के लिए आने वाली महिलाओं और बच्चों की सुविधा के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। आयोजन समिति के प्रमुख पदाधिकारी समारोह को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारी अमित कुमार, उमेश शर्मा, देवेश झा, राजेश कुमार सोनू, विनय सिंह, राजीव शर्मा, अमित तिवारी, राकेश शर्मा, अनीश यादव, सिद्धार्थ झा समेत अन्य सदस्य दिन-रात जुटे हुए हैं।

# रांची विवि के विधि अध्ययन संस्थान को एक लाख रुपये की मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड में रांची विश्वविद्यालय के विधि अध्ययन संस्थान को केंद्र सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय बंधु कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये की पहली किस्त स्वीकृत की गई है। यह राशि भारत में न्याय तक समग्र पहुंच के लिए नवाचार समाधान योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुई है। इसके लिए स्वीकृति आदेश 10 सितंबर 2026 को जारी किया गया है। इस राशि का उपयोग जरूरतमंद और वंचित वर्गों तक कानूनी सहायता तथा न्याय की पहुंच से जुड़ी गतिविधियों के लिए किया जाएगा। इसके साथ ही विधि अध्ययन संस्थान में विद्यार्थियों के लिए विधिक सहायता क्लब की गतिविधियां शुरू की जाएंगी।

विधिक सहायता क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज के जरूरतमंद लोगों तक कानूनी सहायता पहुंचाने से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सरोज शर्मा ने इस उपलब्धि पर विधि अध्ययन संस्थान की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव का क्षण है। यह स्वीकृति विधि शिक्षा को समाज के व्यापक हित से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विद्यार्थियों को कानून की पढ़ाई के साथ समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों की कानूनी समस्याओं को समझने तथा न्याय तक उनकी पहुंच में सहयोग करने का व्यावहारिक अवसर मिलेगा। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की निदेशक डॉ. स्मृति सिंह ने भी संस्थान के निदेशक और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि न्याय बंधु कार्यक्रम के तहत मिली यह स्वीकृति संस्थान की सक्रियता और शैक्षणिक कार्यों को प्रोत्साहित करने वाली उपलब्धि है। इससे विद्यार्थियों को विधि शिक्षा को समाज की वास्तविक जरूरतों से जोड़कर समझने का अवसर मिलेगा। न्याय बंधु कार्यक्रम के तहत विधिक सहायता क्लब की ओर से विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें जरूरतमंद लोगों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने, न्याय तक पहुंच के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़ी गतिविधियों पर जोर रहेगा।

# पाकुड़-साहिबगंज में एसआईआर का जायजा: भारत निर्वाचन आयोग का 27-29 सितंबर तक होगा दौरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। झारखंड में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का जायजा लेने भारत निर्वाचन आयोग के सचिव संजीव कुमार प्रसाद झारखंड दौरे पर 27 से 29 सितंबर तक रहेंगे। इस दौरान एसआईआर को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के सचिव का पाकुड़ जिला का फील्ड विजिट होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार दो दिवसीय इस दौरे के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग के सचिव पाकुड़ और साहिबगंज जिले में चल रहे एसआईआर कार्य की समीक्षा के साथ जमीनी हकीकत जानेंगे। जानकारी के मुताबिक भारत निर्वाचन आयोग के सचिव27 सितंबर को नई दिल्ली से सुबह 11 बजे देवघर पहुंचेंगे तत्पश्चात पाकुड़ के लिए प्रस्थान करेंगे। पाकुड़ में रात्रि विश्राम के बाद 28 सितंबर को सुबह 9 बजे क्षेत्र भ्रमण पर वे जाएंगे। दिन के 1 बजे जिला निर्वाचन पदाधिकारी पाकुड़ के साथ बैठक होगी, जिसमें एसआईआर की समीक्षा होगी। भारत निर्वाचन आयोग के सचिव साहिबगंज के बरहेट विधानसभा क्षेत्र का भी दौरा करेंगे। इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार भी मौजूद रहेंगे। भारत निर्वाचन आयोग का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है। पाकुड़ और साहिबगंज में एसआईआर के दौरान फर्जी डॉक्यूमेंट के आधार पर वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने की शिकायत आती रही है।

# रांची के डोरंडा में बूचड़खानों पर पुलिस की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। डोरंडा थाना क्षेत्र में अवैध बूचड़खानों के संचालन की सूचना पर रांची पुलिस ने बुधवार शाम बड़ी कार्रवाई की। हटिया डीएसपी नीरज कुमार के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस ने रहमत कॉलोनी समेत आसपास के इलाकों में संयुक्त रूप से छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मौके से सैकड़ों की संख्या में गोवंश और भारी मात्रा में गोवंश का चमड़ा बरामद किया गया। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। छापेमारी के दौरान पुलिस को तस्करी के तरीके का भी पता चला। पुलिस के अनुसार, तस्करों ने घरों के बाहर दुधारू मवेशियों को इस तरह बांध रखा था, ताकि गतिविधियां सामान्य पशुपालन या दूध के कारोबार जैसी लगे। आरोप है कि इसी आड़ में गोवंश के अवैध कटान और चमड़े की तस्करी का कारोबार चल रहा था। प्रारंभिक जांच में पुलिस को सिंडिकेट के तार पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों से जुड़े होने की जानकारी मिली है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना सं. - टीआरएस-जी-आरटी1-ओपीएन-03-आरएसपी-25-26, दिनांक : 22.09.2026**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम, स्थापित, ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टंडर (ओपन) निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सं. एवं कार्य का विवरण स्थान सहित : ओवरहौलिंग/रिवाइंडिंग ऑफ ऑक्सीलियरी मोटर ऑफ कांवेंसनल लोकोमोटिव्स। फर्म की कार्यशाला। अनुमानित लागत : ₹1,81,75,983.60/-, धरोहर राशि : ₹3,63,500 -, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक : 16.10.2026 समय 13:00 बजे तक, दिनांक : 16.10.2026 समय 15.00 बजे। वेबसाइट एवं नोटिस बार्ड का विवरण का जहां से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर निविदा उपलब्ध है। निविदा की विस्तृत जानकारी वरिष्ठ मंडल बिजली इंजी./कचस्टा विद्युत लोको शेड पंडित दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय से ली जा सकती है।

मंडल रेल प्रबन्धक/कचस्टा/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0985/डीडीयू/डीआरएम/टीआरएस/टी/26-27/32



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-470, दिनांक 23.09.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** मालदा मंडल में 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न स्थानों पर मॉर्चुएरी (शवगृह), रेफ्रिजरेटर सहित विंडो रूम एयर कंडीशनर, स्प्लिट एयर कंडीशनर एवं वाटर कूलर का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु.88,59,574.19, **बयाना राशि:** रु. 1,77,200/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 02.10.2026 से 16.10.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** एवं सूचना पट: वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। MLD-202/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संक्षिप्त निविदा सं. ईपीसी-03-सीएओ-सी-ईआर-2026 : एकल चरण में खुली ईपीसी ई-निविदा-दो पैकेट प्रणाली के संबंध में शुद्धिपत्र सं. 3, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्व रेलवे, कोलकाता द्वारा पूर्व में प्रकाशित, **कार्य का नाम:** ईपीसी मोड पर रानाघाट जंक्शन (छोड़कर) और कृष्णनगर जंक्शन (छोड़कर) के बीच किमी 75.210 (सियालदह से) से किमी 97.585 (सियालदह से) तक तीसरी लाइन बीजी ट्रैक का निष्पादन जिसमें विद्युतीकरण और सिग्नलिंग कार्य शामिल है। उक्त निविदा की **अंतिम तिथि** 07.10.2026 को 11.00 बजे से आगे बढ़ाकर **22.10.2026 को 11.00 बजे** कर दी गई है। उक्त निविदा सूचना के सभी अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। CON-40/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)/आद्रा द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.: एम/716/वेल्डिंग/बीकेएससी/डीईटी.ईएसटी.26, दिनांक: 14.07.2026,** ई-निविदा सं.: एम-716-वेल्डिंग-बीकेएससी-2026, अंतिम तिथि: 15.10.2026 के माध्यम से **"01 वर्ष की अवधि के लिए आरओएच डिपो, बीकेएससी में आरओएच ड्यू वैगनों के लिए वैगन बॉडी पैनल पैचिंग, बॉडी के उभरे हुए हिस्से की मरम्मत, डोर चैनल और फ्लोर चैनल की मरम्मत, क्रॉस बार मरम्मत आदि"** को आउटसोर्स करना। **विभागीय मूल्य:** रु.1,48,47,481.72 (रुपये एक करोड़ अड़तालीस लाख सैंतालीस हजार चार सौ इक्यासी और पैसे बहत्तर मात्र) जीएसटी @ 18% सहित। ई-निविदा की अंतिम तिथि और समय 15.10.2026 को 15.00 बजे है और निविदा 15.10.2026 को 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। ई-निविदा के विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। (PR-804)



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों 'सिंगल पैकेट बिड' पर ई-निविदायें आमंत्रित है। **(1)निविदा संख्या एवं दिनांक :-** e-tender Notice No. MC-10-OPEN-2026-27 दिनांक 22/09/2026 **(2)कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** गढ़वा रोड स्टेशन पर त्वरित पानी भरने की व्यवस्था की स्थापना। कार्य समापन अवधि-06 महिना **(3)कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 3,76,63,854.99 (तीन करोड़ छिहत्तर लाख तिरसठ हजार आठ सौ चौवन रुपये और निन्यानवे पैसे) मात्र। **(4)बयाना राशि:** रु.7,53,300.00(सात लाख तिरेपन हजार तीन सौ रुपये) मात्र। **(5)ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय, ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** तारीख 13.10.2026 को 17:00 बजे, तारीख 13.10.2026 को 17:30 बजे **(6)बेवसाईट विवरण:** https://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी

मंडल रेल प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0980/डीएचएन/एमईसीएच/टी/26-27/28

# पेड़ गिरने से तीन छात्रों की मौत

## बारिश के बीच अचानक गिरा पुराना बरगद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के चकबेदौलिया गांव में गुरुवार को बारिश के बीच एक पुराना बरगद का पेड़ अचानक भरभराकर गिर गया। पेड़ की चपेट में आने से तीन स्कूली बच्चों की मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पेड़ के नीचे दबे बच्चों को निकालने के लिए बचाव कार्य शुरू किया। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। तीन बच्चों की मौत की जानकारी मिलते ही उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। गांव में चीख-पुकार के बीच मातम पसरा हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार, लगातार बारिश के दौरान गांव में स्थित पुराना बरगद का पेड़ अचानक गिर गया। जिस समय पेड़ गिरा, उसकी चपेट में तीन बच्चे आ गए। देखते ही देखते बच्चे पेड़ और उसकी भारी शाखाओं के नीचे दब गए। हादसा इतना अचानक हुआ कि किसी को संभलने तक का मौका नहीं मिला। पेड़ गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पेड़ की शाखाओं को हटाकर बच्चों को बाहर निकालने की कोशिश शुरू कर दी। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई।

बताया जा रहा है कि हादसे में जान गंवाने वाले तीनों बच्चे उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चकबेदौलिया के छात्र थे। बच्चों की मौत की खबर स्कूल और गांव में पहुंचते ही शोक की लहर दौड़ गई। हादसे के बाद तीनों बच्चों की पहचान की प्रक्रिया की जा रही थी।

सूचना मिलने के बाद विभूतिपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने हादसे की परिस्थितियों की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, लगातार बारिश के कारण जमीन में नमी बढ़ी हुई थी। एक साथ तीन स्कूली बच्चों की मौत से चकबेदौलिया गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे से ग्रामीण भी स्तब्ध हैं।

# मां-बेटी की आत्महत्या से क्षेत्र में सनसनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले के बखरी थाना क्षेत्र के सुग्गा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 25 वर्षीय महिला और उसकी पांच वर्षीय बेटी की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मौके से मिले सुसाइड नोट में पारिवारिक विवाद और आर्थिक तंगी का उल्लेख किया गया है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मृतकों की पहचान सुग्गा गांव निवासी रंजीत कुमार राय की 25 वर्षीय पत्नी अनामिका कुमारी और उनकी पांच वर्षीय बेटी पीहू कुमारी के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक, अनामिका की शादी वर्ष 2019 में मुंगेर जिले के झौआ बहियार गांव निवासी रंजीत कुमार राय से हुई थी। शादी के बाद वह अपने ससुराल सुग्गा में रहने लगी थी। बताया जा रहा है कि अनामिका का पति रंजीत कुमार राय और सास-ससुर दिल्ली में रहते थे, जबकि वह अपनी पांच वर्षीय बेटी के साथ गांव में रह रही थी। परिजनों और पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ महीनों से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते रंजीत ने पिछले तीन-चार महीने से पत्नी के खर्च के लिए पैसे भेजना बंद कर दिया था। महिला के घर से बाहर निकलने को लेकर भी कथित तौर पर पाबंदी थी। बताया जा रहा है कि घटना वाली शाम अनामिका और उसके पति के बीच फोन पर किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद घर में दोनों मां-बेटी की हालत बिगड़ गई देर शाम घर से कराहने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। अनामिका को गंभीर हालत में बखरी के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान रात में उसकी भी मौत हो गई।

# डूबने से मासूम भाई-बहन की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के आनंदपुर थाना क्षेत्र के बाघचट्टा गांव में पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो मासूम भाई-बहन की मौत हो गई। मृतकों की पहचान छह वर्षीय गोडसन टुडू और उसकी चार वर्षीय बहन एंजेल टुडू के रूप में हुई है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

बच्चों के पिता अगस्तीन टुडू राजमिस्त्री का काम करते हैं। बुधवार को वह मजदूरी करने आनंदपुर गए थे। शाम को काम खत्म कर घर लौटे तो दोनों बच्चे वहां नहीं मिले। इसके बाद उन्होंने आसपास के घरों और उन जगहों पर बच्चों की तलाश शुरू की, जहां दोनों अक्सर खेलते थे।

काफी तलाश के बाद शाम करीब सात बजे पिता ने घर से लगभग सौ मीटर की दूरी पर स्थित पानी भरे गड्ढे में दोनों बच्चों के शव पानी की सतह पर तैरते देखे। उन्होंने आनन-फानन में दोनों को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

स्थानीय लोगों के अनुसार, गोडसन रोजाना स्कूल से लौटने के बाद अपनी छोटी बहन एंजेल के साथ खेलता था। दोनों शाम के समय पिता के काम से लौटने का इंतजार करते थे।

# सदस्यता अभियान से संगठन मजबूत करने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सिकंदरा/ जमुई।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं को सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। सासाराम विधायक सह समाज कल्याण समिति की सदस्य स्नेहलता कुशवाहा के एक कार्यक्रम के दौरान सिकंदरा पहुंचने पर कुशवाहा भवन परिसर में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं कुशवाहा समाज के लोगों ने उनका फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह का नेतृत्व आरएलएम के प्रखंड अध्यक्ष जयराम महतो ने किया। इस दौरान विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं से संगठन को पंचायत और गांव स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका जरूरी है। इसके लिए गांव-गांव सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समन्वय के साथ संगठन के विस्तार में जुटने की बात कही। कहा कि मजबूत संगठन के माध्यम से ही पार्टी की गतिविधियों को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर आरएलएम के प्रदेश सचिव राजेंद्र महतो, सुरेंद्र महतो, बैजनाथ महतो, दसों महतो, चंद्रभूषण महतो, अशोक महतो, शांति महतो समेत बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज के लोग एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ट्रेन से कटकर गैंगमैन की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** दानापुर-झाझा मुख्य रेलखंड अंतर्गत रानीकुरा गांव के समीप रेलवे गुमटी संख्या 39 के पास गुरुवार को ड्यूटी के दौरान एक रूह कंपा देने वाला रेल हादसा सामने आया। डाउन रेललाइन पर ट्रैक मेंटेनेंस के काम में जुटे एक रेलकर्मी की तेज रफ्तार सेमी हाई-स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि रेलकर्मी का शरीर क्षत-विक्षत हो गया। हादसे के बाद रेलवे गुमटी पर तैनात कर्मचारियों और ट्रैक के आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों में चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर सैकड़ों ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक की शिनाख्त मूल रूप से मुंगेर जिले के निवासी राकेश कुमार साह के रूप में की गई है। राकेश झाझा रेलवे के पीडब्ल्यूआई विभाग में बतौर गैंगमैन पदस्थापित थे। वह वर्तमान में झाझा प्रखंड अंतर्गत जामुखरैया गांव स्थित अपनी ससुराल में रहकर नियमित रूप से ड्यूटी पर आया-जाया करते थे।

## रोजगार मेला 29 को

**समस्तीपुर।** रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है। जिले में आगामी 29 सितंबर को एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में कई नामी निजी कंपनियां हिस्सा लेंगी। नियोजन मेले का आयोजन मोहनपुर स्थित होली मिशन हाईस्कूल के प्रांगण में किया जाएगा। इसमें निजी क्षेत्र की लगभग 25 से 30 प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल होंगी। यह कंपनियां स्थानीय स्तर के साथ-साथ देशभर में रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। मेले में नन मैट्रिक, मैट्रिक, स्नातक, आईटीआई और डिप्लोमा पास अभ्यर्थी हिस्सा ले सकते हैं। विभिन्न कंपनियों द्वारा अलग-अलग पदों के लिए निर्धारित मापदंडों के आधार पर योग्य युवक-युवतियों का चयन किया जाएगा। नियोजन मेले में अभ्यर्थियों का प्रवेश और भाग लेना पूरी तरह से निशुल्क रखा गया है। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए सेतु पोर्टल पर अपना निबंधन कराना अनिवार्य है। इसके साथ ही अभ्यर्थियों को अपना अपडेटेड बायोडाटा लाना होगा।

## करंट से मां-बेटे की मौत

**छपरा।** सारण जिले के परसा नगर पंचायत के वार्ड संख्या-8 स्थित खोजौली गांव में बैंगन के खेत में पटवन के दौरान करंट की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत हो गई। 14 वर्षीय राहुल कुमार अचानक करंट की चपेट में आ गया। बेटे को तड़पता देख उसकी मां रिंकू देवी उसे बचाने के लिए दौड़ीं, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गईं। हादसे में दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान डेरनी थाना क्षेत्र के खजौली निवासी जयप्रकाश सिंह उर्फ साधु की 45 वर्षीय पत्नी रिंकू देवी और उनके 14 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है। राहुल उत्क्रमित मध्य विद्यालय खजौली में पढ़ता था। परिजनों के अनुसार, जयप्रकाश सिंह ने घर से कुछ दूरी पर शोभे परसा गांव के समीप बैंगन की खेती कर रखी है। रिंकू देवी अपने बेटे राहुल के साथ खेत में पटवन करने गई थीं। बताया गया कि खेत में शोभे परसा के एक व्यक्ति की मोटर से पानी चलाया जा रहा था। खेत की सुरक्षा के लिए चारों तरफ तार की घेराबंदी की गई थी।

## तालाब से अज्ञात युवक की लाश बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**गयाजी।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित दिग्घी सरोवर में गुरुवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह तालाब के पास पहुंचे लोगों ने पानी में शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया व्यक्ति की मौत डूबने से होने की आशंका है। हालांकि, मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि व्यक्ति तालाब तक कैसे पहुंचा और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल सकती है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम गृह में रखा गया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## डीटीओ आफिस का आपरेटर धराया

**सुपौल।** समाहरणालय परिसर स्थित जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ) में गुरुवार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) की टीम ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक डाटा इंट्री ऑपरेटर को घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस टीम आरोपित ऑपरेटर को तुरंत हिरासत में लेकर अपने साथ पटना ले गई। समाहरणालय परिसर में दिनदहाड़े हुई इस औचक कार्रवाई से जिला मुख्यालय के विभिन्न सरकारी विभागों और कर्मचारियों के बीच हड़कंप मच गया है। गिरफ्तार डाटा इंट्री ऑपरेटर की पहचान नंदलाल कुमार के रूप में हुई है। वह परिवहन कार्यालय में वाहनों के रजिस्ट्रेशन और ऑनलाइन डेटा प्रबंधन से जुड़े कार्य देखता था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सुपौल जिले के ललितग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुबनी गांव निवासी अजहर अली ने महाराष्ट्र से एक चार पहिया वाहन खरीदा था। उक्त वाहन का नंबर बदलकर बिहार का स्थानीय रजिस्ट्रेशन नंबर लेने के लिए उन्होंने जिला परिवहन कार्यालय में विधिवत आवेदन दिया था।

## जसुपा ने जारी की उम्मीदवारों की दूसरी सूची

**मुजफ्फरपुर।** प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए अपने सभी प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। पार्टी ने गुरुवार को बाकी बची तीन सीटों के लिए भी उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। पार्टी द्वारा जारी नई सूची के अनुसार पटना स्नातक से डॉ. अनुज सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं तिरहुत स्नातक से डॉ. विमोहन कुमार और तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भूषण झा को प्रत्याशी घोषित किया गया है। इससे पहले 20 सितंबर को जन सुराज पांच सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम साफ कर चुकी है। इस तरह पार्टी ने विधान परिषद की सभी आठ सीटों पर अपने प्रत्याशी पूरी तरह तय कर लिए हैं।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित 101 शिक्षकों से जबाव तलब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिद्धौर/ जमुई।** गिद्धौर शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत डायट गिद्धौर में आयोजित पांच दिवसीय आवासीय सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण में योगदान नहीं करने वाले 101 शिक्षकों से शिक्षा विभाग ने स्पष्टीकरण मांगा है। विभाग ने संबंधित शिक्षकों को तीन दिनों के भीतर यह स्पष्ट करने का निर्देश दिया है कि किन परिस्थितियों में वे प्रशिक्षण में शामिल नहीं हुए। जानकारी के अनुसार कक्षा 3 से 5 एवं कक्षा 6 से 8 के शिक्षकों के लिए इन-सर्विस टीचर ट्रेनिंग तथा प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग प्रशिक्षण के तहत डायट गिद्धौर में पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के अलग-अलग चरण आयोजित किए गए। प्रशिक्षण का आयोजन 30 अगस्त से 5 सितंबर, 7 से 11 सितंबर तथा 15 से 19 सितंबर तक किया गया था।

डायट गिद्धौर के प्राचार्य की ओर से विभाग को प्रशिक्षण में 101 शिक्षकों के योगदान नहीं करने की जानकारी दी गई। इसके बाद डीपीओ स्थापना शोभाकांत ने संबंधित शिक्षकों से स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने को लेकर पत्र जारी किया है। पत्र में कहा है कि प्रशिक्षण में शामिल नहीं होना उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना एवं प्रशिक्षण कार्य के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। शिक्षकों को तीन दिनों के अंदर अपना स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है।

स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू की जाएगी।

प्रशिक्षण के दौरान सभी शिक्षकों का प्री-टेस्ट तथा प्रशिक्षण के अंतिम दिन पोस्ट टेस्ट लिया जाना है। इसमें सभी प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों की भागीदारी अनिवार्य है। विभाग ने प्रशिक्षण में योगदान नहीं करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की बात कही है।

## स्कूटी सवार से बदसलूकी

**समस्तीपुर।** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने समस्तीपुर के मुसरीघरारी इलाके में हलचल बढ़ा दी है। वीडियो में स्कूटी से जा रहे एक युवक और युवती को लोगों की भीड़ घेरती नजर आ रही है।

भीड़ के बीच दोनों के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज, बदसलूकी और मारपीट की जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बता दें कि एक ही दिन में इस तरह की दूसरी घटना का वीडियो वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के लाटबसेपुरा पंचायत का बताया जा रहा है। इसमें सड़क पर स्कूटी सवार युवक-युवती के आसपास कई लोग जमा दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में कुछ लोग उनके साथ अभद्र व्यवहार करते नजर आ रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय स्तर पर संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग उठने लगी है। लोगों का कहना है कि किसी भी परिस्थिति में कानून हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है।

# गांजे की खेप के साथ तीन महिला तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** पश्चिम बंगाल के वर्धमान से ट्रेन के जरिए मादक पदार्थों की बड़ी खेप लेकर आ रहीं तीन अंतरराज्यीय महिला तस्करों को रेल पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की संयुक्त टीम ने कविगुरु एक्सप्रेस में छापेमारी कर दबोच लिया है।

तलाशी के दौरान उनके पास से करीब 17 किलोग्राम उच्च श्रेणी का गांजा बरामद किया गया। जीआरपी इंस्पेक्टर नसीम अहमद को किसी मुखबिर ने सटीक इनपुट दिया था कि वर्धमान से तीन महिलाएं गांजे की बड़ी खेप लेकर कविगुरु एक्सप्रेस से भागलपुर के लिए निकली हैं।

सूचना का गोपनीय सत्यापन कराने के बाद वरीय रेल अधिकारियों के निर्देश पर रेल थाना और आरपीएफ की एक विशेष संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम ने ट्रेन के भागलपुर पहुंचते ही सामान्य कोच की घेराबंदी कर तीनों महिलाओं को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

पकड़ी गई महिलाओं की पहचान बरौनी थाना क्षेत्र के सिमरिया, कटिहार और पटना जिले के कासा दियारा की निवासी के रूप में हुई है। अभियान का नेतृत्व जीआरपी इंस्पेक्टर नसीम अहमद और आरपीएफ इंस्पेक्टर एके गिरी ने किया, जिसमें हेड कांस्टेबल उत्तम सरकार सहित महिला पुलिसकर्मी भी शामिल थीं।



महिला पुलिसकर्मियों की निगरानी में जब आरोपितों से कड़ाई से पूछताछ की गई, तो देशव्यापी अंतरराज्यीय ड्रग्स सिंडिकेट का पदार्फाश हुआ। गिरफ्तार महिलाओं के पास से जब्त स्मार्टफोन्स की तकनीकी जांच में पश्चिम बंगाल, असम और मणिपुर के बड़े तस्करों के मोबाइल नंबर, कॉन्टैक्ट लिस्ट और व्हाट्सएप चैट मिले हैं।

जांच में सामने आया कि यह गिरोह सूखा और गीला नशा सप्लाई करने की एक विशाल श्रृंखला चला रहा था। अलग-अलग टोलियों में बंटी महिलाएं गुवाहाटी, दीमापुर, मणिपुर और पश्चिम बंगाल से गांजा लेकर चलती थीं और शीर्ष सरगना के व्हाट्सएप कॉल पर मिले निदेर्शों के आधार पर तय ठिकानों पर डिलीवरी देती थीं। इस पूरे नेक्सस में भागलपुर, बरौनी, गड़हरा, सहरसा, खगड़िया, बिहपुर, खरीक, सोनबरसा, नवगछिया, कटिहार, बनमनखी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर और आरा तक की महिलाओं को करियर के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था।

# जमुई की घटना सभ्य समाज व संस्कृति पर गहरा घाव

**नाबालिक की चीख पीड़ित बच्चे की आवाज नहीं बल्कि सामाजिक संवेदना की परीक्षा**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जमुई। छात्र-छात्रा के साथ हुई घटना की राजकीय डिग्री महाविद्यालय इस्लामनगर अलीगंज जमुई के बुद्धिजीवी प्राध्यापकों ने चिंता व्यक्त करते हुए कड़ी भर्त्सना की है।

डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गौरी शंकर पासवान ने मड़वा पहाड़ी की घटना को अत्यंत पीड़ा दायक और शर्मनाक बताया। नाबालिक के साथ हुई बदसलूकी और छेड़छाड़ की घटना का वीडियो सामने आने के बाद इस मामले ने व्यापक सामाजिक चिंता पैदा की है। नाबालिग बेटी की चीख केवल एक पीड़ित बेटी की आवाज नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदना की परीक्षा है। उन्होंने कहा कि मड़वा पहाड़ी की घटना सभ्य समाज और संस्कृति के आईने पर पड़ा एक गहरा स्क्रैच है। बेटी की बेबसी और बेरहमी सभ्य समाज यह माथे पर लगा धब्बा केवल निंदा के शब्दों से नहीं मिटाया जा सकता। इसके लिए कानून का निष्पक्ष होना, समयबद्ध पालन तथा समाज में संस्कार और संवेदनशीलता दोनों आवश्यक है।



उन्होंने कहा कि किसी बालिका को सार्वजनिक स्थान पर रोकना, अपमानित करना उसके साथ अभद्र व्यवहार करना और उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाना सभ्य समाज के लिए गंभीर चिंतन और आत्ममंथन का विषय है। उन्होंने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। यह सिर्फ कहने के लिए नहीं हो, बल्कि अमल में लाना चाहिए।

मौके पर उपस्थित समाजशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि जमुई की एक बेटी के साथ मड़वा पहाड़ी की घटना ने समाज की अंतरात्मा पर जबरदस्त चोट की है। वायरल वीडियो हमारी सामाजिक और मानसिक स्थिति का एक प्रकार का एक्सरे बन गया है। यह वीडियो हमें देखने के लिए बेबस करता है कि हम नारी सम्मान, बाल सुरक्षा और मानवीय गरिमा के अपने आदर्शों पर वास्तविक रूप में कितने खरे उतर रहे हैं। हम इस घटना की से निंदा करते हैं।

समाजशास्त्र की सहायक प्राध्यापिका डॉ. अनामिका कुमारी ने कहा कि जमुई के नाबालिक बच्ची के साथ हुई घटना कि मैं निंदा करती हूं इस घटना की जितने निंदा की जाए वह कम ही होगी। उन्होंने कहा कि नारी सम्मान और गरिमा की किताब में पहाड़ी यह घटना एक काला अध्याय है हमारी प्राथमिकता पीड़िता की पहचान और निजता की रक्षा दोषियों की विरुद्ध कानून संवत करवाई और ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी सामाजिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था होनी चाहिए। बेटी की सुरक्षा सिर्फ पीड़ित परिवार की ही चिंता नहीं बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

जमुई की दसवीं कक्षा की बेटी के साथ घटित घटना की कड़ी निंदा डिग्री कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर अंजलि सार्थक, प्रिया कुमारी, कामेश्वर कुमार, श्रेय शेखर, अभिषेक कुमार ने की है तथा, एलडीसी रूपेश कुमार सिंह एवं मिजार्गंज के पूर्व मुखिया श्रवण कुमार पासवान ने भी उक्त घटना की निंदा की है, और दोषी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

# पुलिस ने कमरे की जमीन खोदकर निकाली लाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लखीसराय।** लखीसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़ीविशनपुर में संपत्ति और पैसे के विवाद में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक कलयुगी भाई ने अपने ही सहोदर भाई की हत्या कर शव को कमरे के भीतर जमीन में गड्ढा खोदकर दफना दिया। बुधवार की रात जब पुलिस को इस संबंध में गुप्त सूचना मिली, तब जाकर इस सनसनीखेज हत्याकांड का पदार्फाश हुआ। पुलिस ने त्वरित दबिश देकर आरोपित माधो उर्फ मकेश्वर यादव को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान साधो यादव के रूप में हुई है।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित मकेश्वर यादव की निशानदेही पर घर के अंदर खुदाई कराई, जहां से साधो यादव का शव बरामद किया गया। पांच दिनों तक जमीन के नीचे दबे रहने के कारण शव अत्यधिक क्षतिग्रस्त और क्षत-विक्षत स्थिति में पहुंच चुका था।

## संपत्ति विवाद में पांच दिन पूर्व भाई ने की थी हत्या

पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपित ने अपना गुनाह कबूल करते हुए बताया कि करीब पांच दिन पूर्व ही उसने अपने भाई साधो यादव की हत्या कर दी थी और पकड़े जाने के डर से शव को छिपाने के लिए कमरे के भीतर ही गहरा गड्ढा खोदकर दफन कर दिया था।

जानकारी के मुताबिक, दोनों भाई मूल रूप से लखीसराय शहर के इंगलिश मोहल्ला के निवासी थे। दोनों ने गढ़ीविशनपुर से किऊल स्टेशन जाने वाली मुख्य सड़क पर स्वास्थ्य उपकेंद्र के सामने सड़क के पश्चिम दिशा में अपना निजी मकान बना रखा था और वहीं एक साथ रहते थे।

# 'कानून हाथ में लेने वालों पर होगी कार्रवाई'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में महिलाओं के खिलाफ सामने आईं जमुई और समस्तीपुर की घटनाओं को लेकर सियासी बहस के बीच मंत्री अशोक चौधरी ने सरकार की कार्रवाई का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश का राष्ट्रपति यह दावा नहीं कर सकता कि उसके यहां कोई आपराधिक घटना नहीं होगी। उनके मुताबिक, असली सवाल यह है कि घटना के बाद सरकार और प्रशासन कितनी तेजी से कार्रवाई करते हैं।

अशोक चौधरी ने कहा कि बिहार में कानून का राज कायम है और कानून हाथ में लेने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अपराधी किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ा हो, उसके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई होगी। मंत्री ने हाल की घटनाओं में पुलिस की कार्रवाई का भी जिक्र किया।

## बयान के बीच महिला सुरक्षा बनी मुख्य चर्चा

मंत्री के अनुसार, जमुई और समस्तीपुर की घटनाओं में प्रशासन ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जमुई और समस्तीपुर की घटनाओं के बाद बिहार में महिला सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हुई है।

एक ओर सरकार की ओर से त्वरित कार्रवाई और कानून का राज कायम होने की बात कही जा रही है, वहीं विपक्षी नेताओं की ओर से सरकार से जवाब मांगा जा रहा है। ऐसे में इन मामलों में आगे की पुलिस और कानूनी कार्रवाई पर नजर बनी हुई है।

# आज बाबाधाम मंदिर में उमड़ेंगे हजारों श्रद्धालु

## अतिरिक्त पुलिस बल की रहेगी तैनाती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। अनंत चतुर्दशी को लेकर बाबा बैद्यनाथ मंदिर देवघर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है।

मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहेगी। इस दिन बड़ी संख्या में भक्त मंदिर परिसर में अनंत कथा का श्रवण करते हैं। वहीं, 14 गांठों वाले अनंत सूत्र को धारण करने को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहता है।

अनंत चतुर्दशी का पर्व 25 सितंबर शुक्रवार को श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार चतुर्दशी तिथि 24 सितंबर की रात करीब 11:18 बजे शुरू होकर 25 सितंबर की रात 11:06 बजे तक रहेगी।अनंत चतुर्दशी की पूजा के लिए सुबह 6:28 बजे से रात 11:06 बजे तक का समय शुभ बताया गया है। श्रद्धालु इस दौरान भगवान विष्णु की पूजा कर अनंत सूत्र धारण करेंगे और सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।मान्यता के अनुसार, अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप और शेषनाग की पूजा की जाती है। श्रद्धालु सुख-समृद्धि, परिवार की शांति और जीवन के संकटों से मुक्ति की कामना के साथ व्रत रखते हैं।



पूजा के बाद अनंत कथा का श्रवण कर अनंत सूत्र धारण करने की परंपरा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, अनंत सूत्र में 14 गांठें होती हैं, जिन्हें 14 लोकों और भगवान विष्णु के विभिन्न स्वरूपों का प्रतीक माना जाता है।

अनंत चतुर्दशी पर भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा का विशेष महत्व माना गया है। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से पूजा और व्रत करने से पापों से मुक्ति, सुख-समृद्धि और परिवार की रक्षा का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

पूजा के बाद धारण किया जाने वाला अनंत सूत्र भगवान विष्णु के प्रति श्रद्धा और रक्षा-संकल्प का प्रतीक माना जाता है। अनंत सूत्र शुद्ध सूत या रेशम के धागे से तैयार किया जाता है और इसमें 14 गांठें लगाई जाती हैं।

पूजा के दौरान भगवान विष्णु का ध्यान करते हुए अनंत कथा का श्रवण किया जाता है। देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में भी श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना के साथ अनंत चतुर्दशी की धार्मिक परंपरा निभाएंगे।अनंत चतुर्दशी पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण की तैयारी की है।मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। भीड़ को नियंत्रित और व्यवस्थित करने के लिए जगह-जगह पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# पितृपक्ष मेले में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए एसबीपीडीसीएल की तैयारी पूरी : सौरभ जोरवाल

## पहली बार चार मोबाइल ट्रांसफार्मर और वॉकी-टॉकी संचार की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** विश्वप्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित होगा। गया जी और पुनपुन पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने व्यापक तैयारियां की हैं। प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल ने कहा कि पितृपक्ष मेला आस्था, श्रद्धा, परंपरा और सेवा का महापर्व है। लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए विद्युत व्यवस्था को मजबूत करने के साथ आपात स्थिति में त्वरित बहाली के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। गया में प्रमुख पिंडदान और तर्पण स्थलों, आवागमन मार्गों तथा अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों की विशेष निगरानी के लिए अभियंताओं और तकनीकी कर्मियों की तैनाती की गई है। विष्णुपद मंदिर के समीप अस्थायी नियंत्रण कक्ष बनाया गया है जबकि मेला क्षेत्र में 20 छोटे नियंत्रण कक्ष भी सक्रिय रहेंगे। पहली बार मेला क्षेत्र में वॉकी-टॉकी संचार व्यवस्था की गई है। आपात स्थिति में त्वरित विद्युत बहाली के लिए चार मोबाइल वैन पर ट्रांसफार्मर चार्ज अवस्था में तैयार रखे जाएंगे। विद्युत सुरक्षा के लिए पोलों पर डाइइलेक्ट्रिक पेंट कराया गया है। निर्बाध आपूर्ति के लिए मानपुर और चंदौती के दो 33 केवी स्त्रोतों से डंडीबाग विद्युत उपकेंद्र के दो पावर ट्रांसफार्मरों तथा टाउन-2 ओल्ड और टाउन-2 न्यू 11 केवी फीडरों को अलग-अलग जोड़कर वैकल्पिक व्यवस्था तैयार की गई है। पुनपुन में कूड़ा नवादा पावर सब-स्टेशन को 33 केवी परसा बाजार और 33 केवी कूड़ा नवादा स्त्रोतों से जोड़ा गया है। 11 केवी पुनपुन टाउन फीडर को परसा बाजार स्थित विद्युत शक्ति उपकेंद्र के डेडिकेटेड पांच एमवीए पावर ट्रांसफार्मर से जोड़ा गया है। अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाकर लोड बैलेंसिंग की व्यवस्था की गई है। नंगे तारों को कवर्ड कंडक्टर, एबी केबल और भूमिगत केबल से बदला गया है। मेला क्षेत्र में अस्थायी नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। सौरभ जोरवाल ने कहा कि मेला अवधि में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को 24 घंटे निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित बिजली उपलब्ध कराने के लिए अभियंता, अधिकारी और कर्मी तत्परता से कार्य करेंगे। उन्होंने विद्युत सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करने और समस्या होने पर तत्काल संबंधित विभाग को सूचना देने की अपील की।

# बीडी कॉलेज में रेड एफएम के ऑडिशन में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बीडी कॉलेज, पटना में 24 सितंबर को रेड एफएम 93.5 के लोकप्रिय कार्यक्रम 'कॉलेज के तशानबाज-गेम तेरा, फेम तेरा' के ऑडिशन का आयोजन किया गया। हॉल संख्या-3 में आयोजित ऑडिशन में विद्यार्थियों ने गायन, एकल एवं समूह नृत्य, संगीत, वाद्य वादन, रैप, कविता, स्टैंड-अप, मिमिक्री, कहानी वाचन और ओपन माइक सहित विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ ऑडिशन में भाग लिया। उनकी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में उत्साह और रचनात्मकता का माहौल बना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेड एफएम की टीम का विशेष योगदान रहा। टीम में विश्वजीत कुणाल, सोनल सिंह, रेडियो जॉकी शरस श्रीवास्तव, आदित्य दुबे एवं प्रवीण ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर देते हैं।

कार्यक्रम की सफलता में मीडिया प्रभारी डॉ. अमित कुमार, डॉ. स्वर्णा कुमार, डॉ. सीमा कुमारी तथा महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का भी सहयोग रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को ऑडिशन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और उनकी प्रस्तुतियों का उत्साहवर्धन किया। कॉलेज प्रशासन ने रेड एफएम की टीम, डॉ. अमित कुमार, डॉ. स्वर्णा कुमार, डॉ. सीमा कुमारी, सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों और प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर बना।

# जहां लगते हैं साप्ताहिक बाजार, वहां बनेंगे हाट : मंत्री

## मंत्री श्रवण कुमार ने जहानाबाद जिले के हुलासगंज, मुरगांव और भगवानपुर में किया योजनाओं का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जहां-जहां साप्ताहिक बाजार लगाए जाते हैं, वहां हाट बनाए जाएंगे। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को समुचित बाजार मुहैया हो सके और ग्रामीण अंचलों में लगने वाले हाटों को सभी सुविधा युक्त उचित माहौल मिल सके। इसकी समुचित कार्ययोजना तैयार करने की प्रक्रिया विभागीय स्तर पर शुरू हो गई है। मंत्री गुरुवार को जहानाबाद जिला के हुलासगंज, मुरगांव और भगवानपुर में एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार हुई कई विकासात्मक योजनाओं का शुभारंभ कर रहे थे। इसके अंतर्गत हुलासगंज बाजार में सामुदायिक शौचालय, मुरगांव में सामुदायिक भवन और भगवानपुर गांव में स्थित मंदिर तक मुख्य सड़क से पक्की सड़क के अलावा गांव में नवनिर्मित नाला का उद्घाटन शामिल है। इस मौके पर मंत्री ने हुलासगंज बाजार में सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि यहां एक हाट का निर्माण कराया जाएगा। इस कार्य को शीघ्र कराने को लेकर उन्होंने डीआरडीओ के निदेशक को खासतौर से निर्देश दिया। मुरगांव में जीविका दीदियों के लिए एक विशेष हाट बनाने की भी घोषणा की। इसके लिए वीबी जी रामजी के निदेशक को आदेश देते हुए कहा कि यहां सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त हाट बाजार का निर्माण कराया जाए, ताकि जीविका दीदियां अपने उत्पादों को सीधे बाजार तक पहुंचा सके। मंत्री ने कहा कि सामुदायिक शौचालय का निर्माण बाजारों में बेहद जरूरी है। जीवन में स्वच्छता को अपनाना बेहद आवश्यक है। बड़ी बीमारियों को भगाना है तो स्वच्छता से नाता जोड़ना होगा।

# सहकारिता नीति के क्रियान्वयन में तेजी लाएं, तय समय सीमा में पूरा करें कार्य : मंत्री



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने आज बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में नीति के तहत गठित कार्य समूहों के कार्यों, नीति के अंतर्गत तत्काल किए जाने वाले कार्यों तथा सहकारिता क्षेत्र के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण की दिशा में की जा रही कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने निर्देश दिया कि बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 के क्रियान्वयन से संबंधित सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं तथा कार्यों की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सहकारिता नीति लागू करने वाले राज्यों में बिहार अग्रणी है। राज्य में सहकारिता क्षेत्र को और सशक्त, आधुनिक एवं व्यवसायोन्मुख बनाने के लिए नीति के प्रावधानों को निर्धारित समय-सीमा में धरातल पर उतारना आवश्यक है।

# बीडी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बीडी कॉलेज, पटना में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर 24 सितंबर को सेमिनार हॉल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 एवं इकाई-2 की ओर से कार्यक्रम और सांस्कृतिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में हुआ। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का केंद्रीय संदेश 'नॉट मी बट यू' (मैं नहीं, आप) रहा, जो राष्ट्रीय सेवा योजना की सेवा एवं समर्पण की भावना को अभिव्यक्त करता है। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के प्रति संवेदनशील बनने तथा सामाजिक समस्याओं के समाधान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों, सामाजिक सेवा के महत्व और युवा शक्ति की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर भी विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद, हिंदी विभाग के वरीय प्राध्यापक प्रोफेसर शत्रुधन शरण सिंह, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर लाडली कुमारी, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी नीतू तिवारी एवं डॉ. विजय शंकर विक्रम ने किया। स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना-1 की कार्यक्रम पदाधिकारी नीतू तिवारी ने किया जबकि विषय प्रवेश राष्ट्रीय सेवा योजना-2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विजय शंकर विक्रम ने कराया। उन्होंने विद्यार्थियों से बेहतर एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास करने तथा निःस्वार्थ सेवा को जीवन-मूल्य के रूप में अपनाने का आह्वान किया।

# डॉ. आनंद रंजन झा ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर को कविता के माध्यम से किया नमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वैशाली।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की साहित्यिक चेतना, राष्ट्रप्रेम और ओजस्वी लेखनी को नमन करते हुए शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कौशल विशेषज्ञ डॉ. आनंद रंजन झा ने उन्हें समर्पित एक भावपूर्ण कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि दिनकर जी की रचनाएं केवल साहित्य नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान, संघर्ष और सामाजिक चेतना की प्रेरणादायी आवाज हैं। उनकी लेखनी ने युवाओं में आत्मविश्वास और देश के प्रति समर्पण की भावना जगाने का कार्य किया। उन्होंने दिनकर जी को समर्पित अपनी कविता के माध्यम से उनकी साहित्यिक विरासत और विचारों को याद करते हुए कहा कि आज भी उनकी पंक्तियां समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि दिनकर की विचारधारा और साहित्य आने वाली पीढ़ियों को भी सत्य, साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।

# स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत चलाया जा रहा व्यापक स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2026 तक अपने चारों मंडलों में स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल के तहत रेलवे परिसरों की स्वच्छता एवं दृश्य स्वरूप में सुधार के साथ-साथ जनजागरूकता, जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन तथा पर्यावरण अनुकूल एवं टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत आद्रा मंडल द्वारा रेलवे परिसरों एवं विद्यालयों में स्वच्छता, जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। 22.09.2026 को अनारा रेलवे कॉलोनी, जयचंडी पहाड़ जंक्शन, एसएसई वर्क्स नॉर्थ आद्रा कार्यालय, पुरुलिया एवं गौरिनाथधाम स्टेशनों पर गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही स्वच्छ डेस्क पहल और जल गुणवत्ता की निगरानी भी की गई। 23.09.2026 को बीएनआर स्कूल, आद्रा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026, एकल-उपयोग प्लास्टिक में कमी तथा कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने रोड मार्च और शून्य-अपशिष्ट खेल गतिविधि में भाग लिया जबकि पुरुलिया में स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवनशैली को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। खड़गपुर मंडल द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत स्वच्छता, निरीक्षण एवं जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। 22.09.2026 को खड़गपुर, हावड़ा, मिदनापुर, मेचेदा और हल्दिया स्टेशनों पर गहन स्वच्छता अभियान चलाए गए तथा ट्रेनों के अंदर और बाहर की सफाई की गई।

# भीम पेमेंट्स ऐप ने माई यूपीआई पेश किया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड ने भीम पेमेंट्स ऐप पर संवादात्मक एआई - संचालित सहायक माई यूपीआई लॉन्च की। माई यूपीआई, भीम उपयोगकर्ताओं को उनकी यूपीआई से जुड़ी जरूरतों के लिए सरल और 24 घंटे 7 दिन बहुभाषी सहायता प्रदान करता है जिससे भुगतान को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और आसानी से प्रबंधित करने में मदद मिलती है। ललिथा नटराज, एमडी एवं सीईओ, एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड ने कहा कि जैसे-जैसे डिजिटल भुगतान रोजमर्रा की जिंदगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनता जा रहा है।

# एमएसएमई ग्राहकों के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया संपर्क कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बैंक ऑफ बड़ौदा के पटना क्षेत्र की ओर से 23 सितंबर को स्थानीय होटल कौटिल्य पनाश में एमएसएमई ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक सह अंचल प्रमुख, पटना सुब्रत कुमार स्वाईं ने की। इसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों ग्राहकों ने भाग लिया। उप महाप्रबंधक सह क्षेत्रीय प्रमुख, पटना नलिन कुमार ने अपने संबोधन में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों के भारत की विकासशील अर्थव्यवस्था में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की स्थापना से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और देश की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान होता है। कार्यक्रम के दौरान बैंक के एमएसएमई विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न बैंकिंग उत्पादों और योजनाओं की जानकारी प्रस्तुति के माध्यम से दी। इनमें बड़ौदा प्रॉपर्टी प्राइड, सीवी, सीएमई, बड़ौदा कॉन्ट्रैक्टर स्कीम, टीआरईडीएस, डीजी उद्यम, विद्यास्थली और डॉक्टर प्लस जैसी योजनाएं शामिल थीं। अधिकारियों ने महिला उद्यमियों के लिए विशेष रूप से लागू बड़ौदा महिला स्वावलंबन योजना की विशेषताओं और इसके माध्यम से उपलब्ध सुविधाओं की भी जानकारी दी।

# मुकेश सहनी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर दिया विवादित बयान, चर्चा तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर विवादित बयान दे दिया है। मुकेश सहनी ने कहा कि अगर एक खून माफ होता तो वो ज्ञानेश कुमार को गोली मार देते। पटना में मीडिया से बात करते हुए मुकेश सहनी पहले तो बिहार सरकार से लेकर केंद्र सरकार पर बरसे और फिर चुनाव में ज्ञानेश कुमार पर धांधली का आरोप लगाते हुए गोली मारने की बात कही। ज्ञानेश कुमार पर लग रहे मनमानी के आरोपों को लेकर जब मुकेश सहनी से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा ये चुनाव आयोग जो है, बीजेपी का आयोग बन चुका है और ज्ञानेश कुमार को मैं कहना चाहता हूं, सब दिन समय एक जैसा नहीं रहता है। थोड़ा शर्म करो तुम, देश के संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे हो। अभी अगर हमको एक खून माफ होता तो सबसे पहले ज्ञानेश को गोली मार देते। लेकिन क्या करें, आने वाले समय में ये छुटेंगे नहीं, 2029 में राहुल गांधी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और पहला आदमी यही होंगे जो जेल जाएंगे जो इनके साथ हैं, वो भी जेल जाएंगे। कोई बचने वाला नहीं है। मुकेश सहनी चुनाव आयोग पर लग रहे गंभीर आरोपों पर भड़के दिखे। उन्होंने वर्तमान सरकार को इसके लिए दोषी ठहराते हुए कहा हमारे देश के जो कर्ता-धर्ता हैं, देश के प्रधानमंत्री। यही सब चीज करवा रहे हैं। लोकतंत्र को कुचला जा रहा है, संविधान को कुचला जा रहा है। चुनाव नेता के लिए नहीं होता है, ये गलतफहमी है, ये देश की जनता के लिए है। जनता के पास पावर है कि अगर नेता सही से काम नहीं करे तो लात मारकर कुर्सी से उतार दो। जब लात मारकर कुर्सी से उतारने का समय आता है तो ऐसे-ऐसे चुनाव आयोग को कॉम्प्रोमाइज करके और बहुमत अपने पक्ष में करा लिया जाता है। बंगाल में सेना को खड़ा करके, 27 लाख वोट काटकर सरकार बनाया। बिहार में आचार संहिता के बीच 10-10 हजार रुपया भेजकर सरकार वो अपने पक्ष में करा लिए।

**ज्ञानेश कुमार पर क्या हैं आरोप**

देशभर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान विभिन्न राज्यों में नाम हटाए जाने समेत कई मुद्दों को लेकर चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने आपत्तियां जताई थीं।

# एचडीएफसी बैंक के परिवर्तन कार्यक्रम का बिहार में 73 लाख लोगों पर असर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भारत के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएफआर विंग परिवर्तन के जरिए अब तक बिहार में लगभग 73 लाख लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। एचडीएफसी बैंक 2016 से राज्य में सक्रिय है और बिहार के 38 में से 34 जिलों में काम कर रहा है जिसमें 13 आकांक्षी जिले और 6 आकांक्षी ब्लॉक शामिल हैं। परिवर्तन के तहत बैंक ने छह मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है जिनमें ग्रामीण विकास, शिक्षा को बढ़ावा देना, कौशल प्रशिक्षण और आजीविका में सुधार, स्वास्थ्य सेवा और स्वच्छता, वित्तीय साक्षरता और समावेशन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन शामिल है। एचडीएफसी बैंक की सीएसआर हेड नुसरत पठान ने कहा कि एचडीएफसी बैंक में हमारा मानना है कि सीएसआर के लिए कोई एक ही तरीका सब पर लागू नहीं होता। परिवर्तन के जरिए, हम जरूरतों के हिसाब से ऐसे प्रोग्राम बनाते और लागू करते हैं जो हर इलाके की खास चुनौतियों का समाधान करते हैं। बिहार में हमारा काम इसी सोच को दिखाता है - किसानों को टिकाऊ खेती में मदद करने से लेकर शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने तक। हम जमीनी स्तर पर सबके साथ मिलकर विकास को बढ़ावा देने और लंबे समय तक असर डालने में अपना छोटा सा योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स मां अन्नपूर्णा ट्रांसपोर्ट एजेंसी प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत व्यक्ति स्व मिथिलेश कुमार जो सिवान, बिहार में केशियर के पद पर कार्यरत थे उनकी पिता सीता राम राय, माता-गीता देवी को सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व मिथिलेश कुमार की मृत्यु 27-09-2022 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई.एस.आई.सी. द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया।

पेंशन के रूप में 129.30 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.38,70/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 1,85,760/- रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई. एस. आई. योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने किया समस्तीपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा समस्तीपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक द्वारा वाल्मिकीनगर-बेतिया-सगौली-रक्सौल-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए रेलवे ट्रैक, रेल पुलों, प्रमुख स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं आदि का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चल रहे दोहरीकरण परियोजनाओं का भी जायजा लिया। महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान नरकटियागंज, बेतिया, रक्सौल एवं सीतामढ़ी स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी स्टेशन पुनर्विकास कार्यों का विस्तृत जायजा लिया। महाप्रबंधक द्वारा संबंधित अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही महाप्रबंधक ने कुमारबाग स्थित लोडिंग प्वाइंट का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राइस मिलरों से सिर्फ उसना चावल ही लिया जाएगा : अशोक चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने कहा कि बिहार में अब राइस मिलरों से सिर्फ उसना चावल ही लिया जाएगा। राइस मिल एसोसिएशन की विभिन्न मांगों पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। किसान और राइस मिलरों की समस्याओं को देखते हुए वे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से चर्चा कर समाधान का प्रयास करेंगे। मंत्री डॉ. अशोक चौधरी गुरुवार को होटल चाणक्य में आयोजित बिहार राज्य राइस मिल एसोसिएशन के वार्षिक अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में पीडीएस व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में राइस मिलरों का महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है। सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि राइस मिलरों के मिलिंग चार्ज को सीधे उनके खातों में भेजने के मुद्दे पर जल्द ही मुख्यमंत्री से बातचीत की जाएगी। इस समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर बिहार राज्य खाद्य आपूर्ति निगम के महाप्रबंधक ने भी मिलरों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि किसान और राइस मिलर एक-दूसरे पर निर्भर हैं तथा दोनों के बीच अन्योन्याश्रित संबंध है। सरकार राइस मिलरों की समस्याओं के प्रति गंभीर है और आपसी समन्वय से इनका जल्द समाधान निकाला जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिहार राज्य राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ राजू गुप्ता ने खाद्य आपूर्ति मंत्री के समक्ष मिलरों की विभिन्न मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि मिलिंग के बाद मिलिंग चार्ज सीधे मिलर के खाते में विभाग द्वारा भेजा जाए। विद्युत बिल में वर्ष 2011 की औद्योगिक नीति के अनुसार अनुदान देकर फिक्स चार्ज समाप्त किया जाए। उन्होंने उपभोक्ताओं के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार के नीतिगत निर्देश के अनुसार स्थापित उसना मिलों से ही शत-प्रतिशत उसना चावल की मिलिंग कराने की मांग की। साथ ही बिहार के किसानों से कम से कम 60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद सुनिश्चित करने की बात कही। एसोसिएशन ने किसानों के उत्पादित धान का शत-प्रतिशत क्रय सुनिश्चित करने के लिए पैक्स के अलावा एफपीओ, बिस्कोमान, नाफेड, एनसीसीएफ और राइस मिलरों के माध्यम से भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद कराने की मांग रखी।

# डीडीयू मंडल में स्वच्छ पानी मुहैया कराने के उद्देश्य से चलाया जा रहा स्पेशल ड्राइव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** स्टेशनों, कार्य स्थलों और रेलवे कॉलोनियों में सुरक्षित, साफ और हाइजीनिक पीने के पानी की सुविधा को बेहतर बनाने हेतु रेलवे बोर्ड के निर्देशों का पालन करते हुए पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में पानी की क्वालिटी सुधारने के लिए एक स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है जिसके तहत पानी के स्टोरेज टैंकों की सफाई, क्लोरीनेशन/डिसइंफेक्शन, पानी की क्वालिटी की मॉनिटरिंग और सोर्स से लेकर नल तक ट्रीटमेंट की जरूरतों का रिव्यू किया जा रहा है। पानी के सोर्स से नल तक पानी की क्वालिटी का असेसमेंट किया जा रहा है ताकि उन जगहों की पहचान की जा सके जहां फिल्ट्रेशन या ट्रीटमेंट की आवश्यकता है। इस स्पेशल ड्राइव में स्टेशनों के अलावा रेलवे कॉलोनियों और कार्य स्थलों को भी कवर किया गया है जिसमें कमियों की पहचान करते हुए जरूरी सुधार हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। सुरक्षित और साफ पीने के पानी की सुविधाओं की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इस पूरी प्रक्रिया पर पहले से बने रिव्यू सिस्टम के जरिए नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में वाटर टैंकों के सफाई हेतु डीडीयू मंडल में 20.08.2026 से एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ओवरहेड, अंडरग्राउंड और पीवीसी सहित सभी 4072 पानी के टैंकों की सफाई की जानी है। इनमें से 16.09.2026 तक 52 पानी के टैंकों को साफ और डिसइंफेक्ट किया जा चुका है।

# संपादकीय

## बुरे काम का बुरा नतीजा

आतंकियों को पाल-पोस कर उन्हें पड़ोसी देशों के खिलाफ औजार की तरह इस्तेमाल करने वाले पाकिस्तान के लिए भी अब यह हथियार सबसे बड़ा खतरा बनता जा रहा है। आतंकी हिंसा ने उसकी आंतरिक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और सामाजिक स्थिरता के लिए चुनौती पैदा कर दी है। इसी क्रम में बीते शुक्रवार को पाकिस्तान के कोहाट जिले में जुमे की नमाज के दौरान आतंकियों ने पहले एक मस्जिद के पास विस्फोटक से लदे वाहन में धमाका किया और फिर पास के पुलिस ठिकानों पर हमला किया, जिसमें कम से कम इक्कीस लोगों की मौत हो गई और सौ से अधिक घायल हो गए। मृतकों में ज्यादातर पुलिसकर्मी थे।सवाल है कि आतंकी संगठनों को खड़ा करने और वित्तपोषण के जरिए उनकी जड़ों को मजबूत करने में जुटे पाकिस्तान को क्या इसका जरा भी आभास नहीं था कि एक दिन यही आतंकवाद पलट कर उसे भी निशाना बना सकता है? वहां के सत्ताधारियों ने राजनीतिक लाभ के लिए जिन छद्म नीतियों का सहारा लिया, उसका खमियाजा अब अवाम को भी भुगतना पड़ रहा है।इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि पाकिस्तान में आतंकी हिंसा की यह स्थिति अचानक पैदा नहीं हुई है। उसकी नीतियों में आतंकी संगठनों के बीच भेद करने की प्रवृत्ति वर्षों से दिखाई देती रही है। ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि जिन आतंकी संगठनों को पाकिस्तान ने भारत या अफगानिस्तान के खिलाफ खड़ा किया, उन्हें आतंकवाद की परिभाषा से बाहर रखा गया, जबकि जिन्होंने सत्ता की नीतियों के तय ढांचे के विपरीत नए आतंकी संगठन बना लिए, उन्हें देश की सुरक्षा के लिए खतरा करार दिया गया।खबरों के मुताबिक, कोहाट में मस्जिद के पास हमले की जिम्मेदारी जिस आतंकी संगठन ने ली है, उसका गठन पिछले साल अप्रैल में ही हुआ था। इससे स्पष्ट है कि वहां नए-नए आतंकी समूहों के पनपने का सिलसिला लगातार जारी है। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताता रहा है, लेकिन उसे यह सच भी स्वीकार करना होगा कि जब तक वह अपनी सहूलियत के हिसाब से आतंकवाद को अच्छा और बुरा मानता रहेगा, तब तक इस संकट का समाधान संभव नहीं है।

**यह लिखते हुए गर्व महसूस होता है कि भारतीय सिनेमा के इतिहास में यह पहला मौका है, जब किसी संथाली भाषा में बनी लघु फिल्म को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त होने का यह गौरव प्राप्त हुआ है। झारखंड में फिल्मी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। लेकिन जो प्रोत्साहन यहां के कलाकारों को मिलना चाहिए नहीं मिल पा रहा है। इस कारण यहां की प्रतिभाओं को एक साथ कई नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।**

# संथाली भाषा की लघु फिल्म आंगेन ने झारखंड फिल्म उद्योग का बढ़ाया मान

**विजय केसरी**

72 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में गैर-फीचर फिल्मों की श्रेणी में संथाली फिल्म आंगेन के निर्देशक रवि राज मुर्मू को बेस्ट डेब्यू फिल्म ऑफ ए डायरेक्टर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। झारखंड की जनजातीय भाषा संथाली में बनी यह पहली लघु फिल्म है, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर इतने बड़े सम्मान से अलंकृत किया गया है। आंगेन की यह सफलता झारखंड फिल्म उद्योग को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाने में सफल हुई है। बारह मिनटों की यह लघु फिल्म इतने कम समय में कई बड़ी बातें कह डाली है। फिल्म के निर्देशक रवि राज मुर्मू ने एक छोटी सी कहानी को बड़े ही सशक्त रूप में पर्दे पर उतार कर एक बेहतर निर्देशक के रूप में प्रस्तुत किया है। सच्चे अर्थों में यह लघु फिल्म एक नया इतिहास भी रचने का काम किया है। यह पुरस्कार झारखंड फिल्म उद्योग से जुड़े कलाकारों, निर्माता निर्देशकों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक नई राह खोलने का भी काम करेगा।



विचारणीय यह है कि झारखंड अलग प्रांत निर्माण के बाद कछुआ गति से चल रहा है। समय-समय पर प्रांत की सरकार झारखंड फिल्म उद्योग के विकास से संबंधित कई बातें कहती रहती हैं, लेकिन धरातल पर उतर नहीं पाती है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि फिल्म उद्योग से जुड़ी आधारभूत संरचना का अभी तक विकास ही नहीं हो पाया है। झारखंड फिल्म उद्योग को कोलकाता और मुंबई फिल्म उद्योग पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जो काफी महंगा भी है। वहीं दूसरी ओर झारखंड के फाइनेंसर प्रांत के निर्माणाधीन फीचर फ़िल्म में पैसा ही नहीं लगाना चाहते हैं। अगर कोई फाइनेंसर आगे आते भी है, तो अपनी मुट्ठी बहुत खींच कर रखते हैं, जिस कारण उम्दा फिल्में बन नहीं पाती हैं। इससे फिल्म से जुड़े कलाकारों, तकनीशियनों और निर्देशकों को ढंग से पारिश्रमिक भी नहीं मिल पाता है।

झारखंड के सरकारी और सहकारी कोऑपरेटिव बैंक भी फिल्म निर्माण हेतु फाइनेंस करने के प्रति पूरी तरह उदासीन बने रहते हैं। जबकि सैकड़ो की संख्या में प्रांत के फिल्मकार फिल्म के निर्माण हेतु वित्त पोषण के लिए बैंकों आवेदन लंबित पड़े हुए हैं। फिल्मकार बैंक दौड़ते - दौड़ते थककर फिल्म निर्माण की इच्छा ही छोड़ देते हैं। अर्थात झारखंड फिल्म उद्योग गहरे वित्तीय संकट के दौर से गुजर रहा है। आंगेन की यह उपलब्धि झारखंड फिल्म निर्माण से जुड़े लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा। जबकि झारखंड के कई कलाकार तकनीशियन और निर्देशक इस प्रांत से बाहर निकाल कर अपनी प्रतिभा दिखाने में सफल रहे हैं। अगर इन प्रतिभाओं को झारखंड फिल्म उद्योग में काम करने का अवसर मिलता तो अपनी प्रतिभा को और भी बेहतर ढंग से प्रस्तुत कर पाते।

यह लिखते हुए गर्व महसूस होता है कि भारतीय सिनेमा के इतिहास में यह पहला मौका है, जब किसी संथाली भाषा में बनी लघु फिल्म को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त होने का यह गौरव प्राप्त हुआ है। झारखंड में फिल्मी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। लेकिन जो प्रोत्साहन यहां के कलाकारों को मिलना चाहिए नहीं मिल पा रहा है। इस कारण यहां की प्रतिभाओं को एक साथ कई नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दिशा में अन्य प्रांतों की तरह झारखंड सरकार को भी आगे आने की जरूरत है। रवि राज मुर्मू की पढ़ाई - लिखाई झारखंड के जमशेदपुर में हुई। उन्होंने फिल्म निर्माण से जुड़े प्रशिक्षण मुंबई तथा अन्य प्रसिद्ध फिल्म निर्माण संस्थाओं से प्राप्त किया। प्रारंभ में उन्होंने झारखंड से ही फिल्म निर्माण का काम शुरू किया था। लेकिन अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाने के कारण मुंबई चले गए। वहां उन्होंने फिल्म निर्माण का अनुभव तथा बहुत सारा काम किया। आगे उन्होंने झारखंड के जमशेदपुर से फिल्म निर्माण का काम शुरू किया। वे अपनी कड़ी मेहनत और लगन की बदौलत इस क्षेत्र में आगे बढ़ते चले जा रहे हैं।

आंगेन लगभग बारह मिनट दस सेकंड की एक लघु फिल्म है यह लघु फिल्म आदिवासी समाज की संस्कृति, लोककथाओं और रोजमर्रा के जीवन संघर्षों पर आधारित है। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया, जिससे झारखंड और संथाली सिनेमा का मान बढ़ा है। यह रेखांकित करता है कि संथाली फिल्म आंगेन को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान से क्षेत्रीय कथा कला और आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। आंगेन एक संथाली शब्द है, जिसका अर्थ अदृश्य होता है। इस फिल्म की कहानी झारखंड की एक पारंपरिक लोक कथा पर आधारित है। फिल्म की कहानी झारखंड के एक संथाली बालक बांसुरी वादक चरवाहा सुकू के इर्द-गिर्द घूमती है। सुकू अपने गांव में मवेशी चराता है। वह बहुत ही मधुर बांसुरी बजाता है। सांवला रंग का वह बालक जितना अच्छा बांसुरी बजाता है, उसका मन भी उतना ही निर्मल होता है, उसकी निर्मलता उसके चेहरे से साफ-साफ झलकती भी है। सुकू की बांसुरी की धुन इतनी मनमोहक होती है कि जल स्रोत के पास रहने वाली आकाश लोक की एक अलौकिक देवी उससे मोहित हो जाती है। वह देवी अपनी शक्तियों और पानी के रास्ते उस चरवाहे को अपनी अलौकिक और वैभवशाली आकाश लोक में ले जाती है, जहां उसे सारे ऐशो-आराम मिलते हैं।

आगे की कहानी है कि कई वर्षों तक दिव्य लोक में सुकू को रहने बाद उसका मोहभंग होता है। वह किसी तरह अपनी धरती व जड़ों की याद में वापस पृथ्वी पर लौटता है, तो पाता है कि उसका पुराना, अपना गांव और समाज पूरी तरह बदल चुका है या अदृश्य सा हो गया है। यह लोककथा आधुनिकता की अंधी दौड़ और अपनी सांस्कृतिक जड़ों, भाषा व पहचान से दूर होते जा रहे युवाओं के महानगरों की ओर पलायन का एक दार्शनिक और प्रतीकात्मक रूप है। इसी दृश्य के साथ यह फिल्म यहीं पर समाप्त होती है। इस छोटी सी कहानी में लघु कथा के लेखक बहुत बड़ी बात कहने की कोशिश की है। जन्मभूमि से जुड़े रहने की बात ही कुछ और होती है। आज भौतिकतावादी और आधुनिकता ने लोगों को एक भ्रम में डाल दिया है। इसी भ्रम के दौड़ में मनुष्य बिना परिणाम जाने अपनी जन्मभूमि से पलायन कर जाता है। महानगरों में कुछ वर्षों तक रहने के बाद जब वह विचारता है, तो पाता है कि जन्म भूमि का त्याग कर उसने अच्छा नहीं किया। उसे अपने व जड़ की याद सताने लगती है। वह महानगर छोड़ने का निर्णय ले लेता है। तब तक काफी देर हो चुका होता है। जब वह अपनी जन्मभूमि पर दस्तक देता है, पूरी स्थितियां बदली हुई नजर आती है। इस कथा के लेखक इस फिल्म के माध्यम से यह भी आह्वान करना चाहते हैं कि लोग अपनी जड़ों से जुड़कर रहें। यहां की मिट्टी, संसाधन, भाषा और संस्कृति के साथ पले और बढ़ें। अपनी मिट्टी की बेहतरी के सोचें और लगातार कुछ करते रहे।

यह 72 वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का वितरण 22 सितंबर 2026 को गुजरात के एकता नगर, केवड़िया में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में देश के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं। इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर संपन्न होने वाले फिल्म उद्योग का सबसे महत्वपूर्ण और बड़ा कार्यक्रम के रूप में जाना जाता है। आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अभिनेता अनंत नाग को भारतीय सिनेमा में पांच दशक से अधिक समय तक योगदान के लिए दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए आर्टिकल 370 को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म के लिए कल्कि 2898 एडी को सम्मानित किया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए कार्तिक आर्यन, फिल्म चंदू चैंपियन और ममूटी,मलयालम फिल्म ब्रह्मा युगम दोनों को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के तौर पर यामी गौतम, फिल्म आर्टिकल 370 के लिए सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ निर्देशन के तौर पर राजकुमार पेरियासामी, तमिल फिल्म अमरन के लिए सम्मानित किया गया।

# पत्रकार कौन है और प्रचारक कौन?

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

आज के दौर में यह पहचानना पहले से कहीं अधिक कठिन होता जा रहा है कि पत्रकार कौन है और प्रचारक कौन। समाचार माध्यमों की संख्या बढ़ी है, सूचना के स्रोत बढ़े हैं और सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को अपनी बात कहने का मंच दिया है। लेकिन इसी विस्तार के बीच पत्रकारिता की मूल भूमिका को लेकर एक गंभीर प्रश्न खड़ा हुआ है कि क्या पत्रकारिता अभी भी सत्ता से सवाल करने का माध्यम है, या वह राजनीतिक और वैचारिक खेमेबंदी का हिस्सा बनती जा रही है? यह प्रश्न किसी एक व्यक्ति, संस्था, चैनल या विचारधारा तक सीमित नहीं है। लोकतंत्र में पत्रकारिता की विश्वसनीयता का प्रश्न इससे कहीं व्यापक है।

आज मीडिया पर अक्सर यह आरोप लगाया जाता है कि पत्रकारिता दो स्पष्ट खेमों में बंट गई है। एक खेमा सत्ता की लगभग हर नीति, निर्णय और बयान का बचाव करता दिखाई देता है, जबकि दूसरा सत्ता के लगभग हर कदम में कमी या दोष तलाशता नजर आता है। दोनों के अपने दर्शक, पाठक और समर्थक हैं। दोनों के पास अपने तर्क हैं और दोनों के आसपास अपनी-अपनी वैचारिक भीड़ है। समस्या यह नहीं कि पत्रकार सत्ता की आलोचना करता है या किसी नीति का समर्थन करता है। समस्या तब पैदा होती है जब पत्रकार की भूमिका ही किसी राजनीतिक पक्ष के समर्थन या विरोध तक सीमित हो जाए।

पत्रकारिता का काम सत्ता के पक्ष में खड़ा होना नहीं है। लेकिन उसका काम केवल सत्ता के विरोध में खड़ा होना भी नहीं है। उसका वास्तविक दायित्व सत्ता के सामने खड़ा होकर सवाल पूछना है। लोकतंत्र में सत्ता किसी एक दल, नेता या सरकार का निजी अधिकार नहीं होती। सत्ता जनता से प्राप्त जिम्मेदारी है और पत्रकारिता उस जिम्मेदारी की सार्वजनिक निगरानी का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए पत्रकार का पहला दायित्व किसी पार्टी, नेता या विचारधारा के प्रति नहीं, बल्कि तथ्यों, संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाओं और जनहित के प्रति होना चाहिए। यही कारण है कि पत्रकारिता में सवाल पूछना सबसे महत्वपूर्ण काम है। सरकार कोई निर्णय ले तो सवाल होना चाहिए कि वह निर्णय क्यों लिया गया, उसका उद्देश्य क्या है, उसका लाभ किसे मिलेगा, उसका नुकसान किसे उठाना पड़ेगा, उसके लिए कितना सार्वजनिक धन खर्च होगा और उसके परिणामों को कैसे मापा जाएगा। इसी तरह विपक्ष कोई दावा करे तो सवाल होना चाहिए कि उस दावे के तथ्य क्या हैं, उसका आधार क्या है, क्या उसका कोई वैकल्पिक प्रस्ताव है और उसके वादे कितने व्यावहारिक हैं। सवाल का पैमाना व्यक्ति या दल नहीं, तथ्य और जनहित होना चाहिए।

आज पत्रकारिता के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल राजनीतिक दबाव नहीं है। एक दूसरी चुनौती भी उतनी ही गंभीर है–दर्शकों और पाठकों की पसंद। लोग अक्सर वही सुनना चाहते हैं जो उनकी पहले से बनी धारणा की पुष्टि करता हो। इससे मीडिया संस्थानों पर भी वही सामग्री प्रस्तुत करने का दबाव बढ़ता है जिसे उनका निर्धारित दर्शक वर्ग पसंद करता है। यहीं से पत्रकारिता और प्रचार के बीच की सीमा धुंधली होने लगती है।

प्रचार का उद्देश्य किसी विचार, व्यक्ति या व्यवस्था के पक्ष में जनमत बनाना होता है। पत्रकारिता का उद्देश्य उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जनता को जानकारी देना और आवश्यक सवाल उठाना है। दोनों के बीच अंतर हमेशा शब्दों से नहीं, बल्कि काम करने की पद्धति से दिखाई देता है। पत्रकारिता में स्रोतों की जांच, दावों का सत्यापन, संदर्भ की पड़ताल और संबंधित पक्षों को अपना पक्ष रखने का अवसर देना महत्वपूर्ण है। इसके विपरीत, जब निष्कर्ष पहले तय हो और तथ्य केवल उसे सही साबित करने के लिए चुने जाएं, तो पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। एक पत्रकार से गलती हो सकती है। कोई तथ्य गलत रिपोर्ट हो सकता है या किसी खबर में संदर्भ छूट सकता है। लेकिन विश्वसनीय पत्रकारिता की पहचान यह है कि गलती सामने आने पर उसे सुधारा जाए, स्रोतों की दोबारा जांच की जाए और अपनी रिपोर्टिंग पर लगातार आत्ममंथन किया जाए। निष्पक्षता का अर्थ यह भी नहीं कि हर मुद्दे पर दोनों पक्षों को बराबर सही बताया जाए। यदि किसी दावे के समर्थन में मजबूत तथ्य हैं। और दूसरे दावे के समर्थन में नहीं, तो पत्रकार का दायित्व तथ्यों को उसी अनुपात में सामने रखना है। संतुलन का अर्थ झूठ और सच को बराबर वजन देना नहीं हो सकता। इसी तरह सत्ता से सवाल करना सत्ता-विरोधी होना नहीं है। लोकतंत्र में प्रश्न पूछना विरोध नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जवाबदेही की प्रक्रिया है। जो सरकार जनता के नाम पर निर्णय लेती है, उससे जनता के सवाल पूछे जाना स्वाभाविक है।

# भारत ने खोला वैश्विक बाजारों का नया अध्याय : एफटीए से भारत की वैश्विक आर्थिक छलांग

**न्यूज़ीलैंड की संसद ने 16 सितंबर को इसे लागू करने के लिए आवश्यक विधायी प्रक्रिया पूरी करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया, जिसके बाद समझौते के प्रभावी होने का रास्ता और स्पष्ट हुआ। मुक्त व्यापार समझौता मूलतः ऐसा व्यापारिक प्रबंध है, जिसके अंतर्गत दो देश एक-दूसरे के उत्पादों पर लगने वाले सीमा शुल्क को कम या समाप्त करते हैं और वस्तुओं, सेवाओं, निवेश तथा पेशेवरों की आवाजाही के लिए बाजार तक पहुंच आसान बनाते हैं।**

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ के व्यापार व्यवस्था में बढ़ते शुल्क, बदलती आपूर्ति श्रृंखलाओं और आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण नया अध्याय 20 अक्टूबर 2026 से खुलने जा रहा है। 20 सितंबर 2026 तक भारत नेअपने विभिन्न व्यापारिक साझेदारों के साथ अनेक मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें श्रीलंका,दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र के सदस्य देश,सिंगापुर, आसियान के दस देश,दक्षिण कोरिया, जापान, मलेशिया, मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया तथा यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के चार देश शामिल हैं, वहीं ब्रिटेन, ओमान, न्यूजीलैंड और यूरोपीय संघ जैसे हालिया समझौते हस्ताक्षर अथवा अंतिम क्रियान्वयन प्रक्रिया के अलग-अलग चरणों में हैं। मैं बताना चाहूंगा कि इन समझौतों का सकारात्मक प्रभाव भारतीय निर्यातकों को बड़े विदेशी बाजारों में कम शुल्क के साथ प्रवेश, निवेश के नए अवसर,आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता, रोजगार तथा भारतीय विनिर्माण और सेवाओं की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ने के रूप में सामने आया है। भारत - ऑस्ट्रेलिया समझौते के बाद वस्त्र, औषधि रसायन और कृषि सहित कई क्षेत्रों में लाभ दर्ज हुआ है।वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में जब संरक्षणवाद, शुल्क वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखला का पुनर्गठन और भू-राजनीतिक तनाव अंतरराष्ट्रीय व्यापार को प्रभावित कर रहे हैं, तब एफटीए भारत को अनेक बाजारों से जोड़कर जोखिमों को फैलाने और निर्यात के लिए वैकल्पिक रास्ते बनाने में मदद कर सकते हैं। लेकिन इन्हें स्वतः लाभ का सौदा मानना भी उचित नहीं होगा, क्योंकि आयात बढ़ने, घरेलू उद्योग पर प्रतिस्पर्धात्मक दबाव, सीमा शुल्क राजस्व में कमी और व्यापार घाटे जैसी चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं। इसलिए भारत के लिए एफटीए की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि बाजार पहुंच का लाभ वास्तविक निर्यात, निवेश, उत्पादन, रोजगार और तकनीकी क्षमता में कितना बदलता है।

साथियों बात अगर हम भारत -न्यूजीलैंड 20 अक्टूबर



2026 से लागू होने वाला समझौते एफ़टीए की करें तो 27 अप्रैल 2026 को हस्ताक्षरित यह समझौता 20 अक्टूबर 2026 से प्रभावी होने वाला है। न्यूजीलैंड की संसद ने 16 सितंबर को इसे लागू करने के लिए आवश्यक विधायी प्रक्रिया पूरी करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया, जिसके बाद समझौते के प्रभावी होने का रास्ता और स्पष्ट हुआ। मुक्त व्यापार समझौता मूलतः ऐसा व्यापारिक प्रबंध है, जिसके अंतर्गत दो देश एक-दूसरे के उत्पादों पर लगने वाले सीमा शुल्क को कम या समाप्त करते हैं और वस्तुओं, सेवाओं, निवेश तथा पेशेवरों की आवाजाही के लिए बाजार तक पहुंच आसान बनाते हैं। भारत के लिए इसका महत्व केवल निर्यात बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय उद्योग, छोटे कारोबार, किसानों, रोजगार, निवेश, तकनीक और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक प्रतिष्ठा को प्रभावित करने वाला व्यापक समझौता है। भारत सरकार के अनुसार, न्यूजीलैंड भारत से आने वाले सभी उत्पादों को शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच देगा, जबकि भारत न्यूजीलैंड के लगभग 95 प्रतिशत द्विपक्षीय व्यापार मूल्य को समेटने वाले उत्पादों पर शुल्क में कमी अथवा समाप्ति की व्यवस्था कर रहा है।

साथियों, इस समझौते की सबसे बड़ी विशेषता भारतीय निर्यातकों के लिए न्यूजीलैंड के बाजार का लगभग पूरी तरह खुलना है कपड़ा, परिधान, चमड़ा, जूते, इंजीनिरी सामान, औषधि, रसायन, प्रसंस्कृत खाद्य और श्रम-प्रधान उद्योगों को इससे नए अवसर मिल सकते हैं। सीमा शुल्क समाप्त होने से भारतीय उत्पादों की न्यूजीलैंड के बाजार में पहुंच लागत कम हो सकती है और उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ सकती है।विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि बड़े उद्योगों की तुलना में छोटे निर्यातकों के लिए शुल्क और परिवहन लागत का प्रभाव अधिक होता है। सरकार ने भी इस समझौते में छोटे और मध्यम उद्यमों तथा महिला उद्यमियों को विशेष महत्व दिए जाने की बात कही है। यदि भारतीय कंपनियां गुणवत्ता, समय पर आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने में सफल रहती हैं, तो न्यूजीलैंड का बाजार उनके लिए केवल वर्तमान निर्यात बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि आगे दूसरे विकसित बाजारों में प्रवेश की प्रतिष्ठा और अनुभव हासिल करने का मंच भी बन सकता है।

साथियों, कृषि क्षेत्र में भी समझौते का स्वरूप संतुलित रखने की कोशिश दिखाई देती है। भारत ने न्यूजीलैंड के बाजार को व्यापक रूप से खोलने के बदले अपने संवेदनशील क्षेत्रों को संरक्षण दिया है। दूध, क्रीम, पनीर, दही और अन्य प्रमुख दुग्ध उत्पादों के साथ कई संवेदनशील कृषि वस्तुओं को शुल्क रियायतों से बाहर रखा गया है। प्याज, चीनी मसाले, खाद्य तेल और कुछ अन्य संवेदनशील वस्तुओं पर भी संरक्षण बनाए रखा गया है। दूसरी ओर, लकड़ी ऊन,भेड़ के मांस और कच्ची खाल जैसे उत्पादों पर शुल्क समाप्त करने अथवा घटाने की व्यवस्था की गई है, जिससे भारतीय उद्योगों को कुछ आवश्यक कच्चे माल अधिक प्रतिस्पर्धी लागत पर मिल सकते हैं। इस प्रकार समझौते में एक ओर निर्यात के लिए अवसर बढ़ाए गए हैं तो दूसरी ओर घरेलू किसान और संवेदनशील उद्योगों के लिए सुरक्षा कवच भी रखा गया है।

साथियों, इस समझौते का दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ निवेश है। न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में भारत में 20 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यदि यह निवेश वास्तविक परियोज नाओं में परिवर्तित होता है तो विनिर्माण, आधारभूत ढांचे, नवाचार, कृषि उत्पादकता, आधुनिक तकनीक और रोजगार के क्षेत्र में इसके प्रभाव दिखाई दे सकते हैं। समझौते में कौशल और पेशेवरों की आवाजाही को भी महत्व दिया गया है।पांच हजार तक कुशल भारतीयों के लिए अस्थायी रोजगार मार्ग, युवाओं के लिए कार्य- अवकाश व्यवस्था तथा विद्यार्थियों और कुशल स्नातकों के लिए अध्ययन के बाद काम के अवसर भारतीय प्रतिभाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभव के नए रास्ते खोल सकते हैं। स्वास्थ्य, पारंपरिक चिकित्सा, योग, शिक्षा, पर्यटन और खेल जैसे क्षेत्रों में सहयोग भी भारत की सेवाक्षेत्रीय क्षमता को बढ़ाने में सटिका से सहायक हो सकता है।

# भाजपा की ओर से सेवा के 25 वर्ष के तहत पौधारोपण

## पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद भी मौजूद रहे, भारत सरकार एवं बिहार सरकार की योजना के बारे में दी लोगों को जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** गुरुवार को प्रखंड के धमुआ हाट एवं आलेपुर हाट में भाजपा की ओर से सेवा के 25 वर्ष पूरा होने की उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मंटू दास एवं राजकुमार दास ने किया। बैठक का संचालन भाजपा जिला मंत्री पिंटू यादव ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह कटिहार सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद ,भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय मौजूद रहे। विधायक तारकिशोर प्रसाद एवं जिलाध्यक्ष तथा कार्यकताओं के साथ मिलकर सेवा के 25 वर्ष के तहत वृक्षारोपण किया। विधायक ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार एवं बिहार सरकार के द्वारा हमारी सरकार ने मिलकर पूरे देश में जन-जन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचने का काम किया है। हर क्षेत्र में हमारी सरकार युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं। तथा जनता की सेवा में तत्पर है। सभी कार्यकर्ता भारत सरकार एवं बिहार सरकार की योजनाओं की जानकारी हर घर तक पहुंचाने का कार्य करें तथा सरकार की योजनाओं का लाभ हर घर तक मिले इसके लिए भी आप लोग अभी से लग जाएं। हमारी सरकार विकास के क्षेत्र में गांव से मुख्य सड़क तक जोड़ने का काम किया है। तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था किए हैं। बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया गए हैं। अभी से ही संकल्प लें हर घर में एक पौधा जरूर लगाएं। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री पिंटू यादव, विधानसभा प्रभारी सीभन चंद्र दास, मंडल अध्यक्ष बारसोई मंटू चंद्र दास, समीर चंद्रा, मुकेश पांडेय, विवेक भगत, राजेश भगत, राहुल साह, कुणाल यादव, निरंजन राय, मंडल अध्यक्ष करनपुर राजकुमार दास, राकेश दास, आनंद मोहन, श्रीलाल शर्मा, सुरेश शर्मा, बिनोद कुशवाहा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# पंचायत समिति की सामान्य बैठक में दिवंगत सुदेश कुमार मंडल को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को पंचायत समिति सदस्यों की सामान्य बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत पश्चिमी चांदपुर पंचायत की पंचायत समिति सदस्य प्रीति देवी के पति एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुदेश कुमार मंडल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। सुदेश कुमार मंडल पंचायत समिति सदस्य प्रीति देवी के प्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र में सक्रिय रहते थे। सामाजिक कार्यों एवं जनसेवा के क्षेत्र में भी उनका योगदान रहा। बताया गया कि वे पिछले कई वर्षों से अस्वस्थ चल रहे थे। पिछले सप्ताह हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। उनके निधन से समेली प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर है। पंचायत समिति की बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रखंड प्रमुख अनुकंपा कुमारी, उप प्रमुख कंचन देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रकाश कुमार, अंचलाधिकारी प्रिय रंजन कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मोहम्मद हाशिम सहित मुखिया रंजन देवी, अनीता देवी, राजेश कुमार मंडल, राजीव कुमार मंडल, मनीष ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य विलास हरि, बबीता देवी, अमरेंद्र माधव, धनेश्वर मंडल, रेणु देवी, नीतू देवी सहित अन्य पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड एवं अंचल के कर्मी तथा पदाधिकारी मौजूद रहे।बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि सुदेश कुमार मंडल का सरल सामाजिक व्यवहार, जनसेवा के प्रति समर्पण और लोगों के साथ उनका जुड़ाव लंबे समय तक याद किया जाएगा।



## संक्षिप्त समाचार

### सोहार गांव में बिजली विभाग की लापरवाही से गाय की मौत

**बारसोई/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के हरनारोई पंचायत के सोहार गांव में बिजली के खंभे में अचानक बिजली के करंट दौड़ने से गाय की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य मोहम्मद गुलजार तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। घटना की जानकारी संबंधित विभाग को दूरभाष पर दी। इस संबंध में जिला परिषद सदस्य मोहम्मद गुलजार ने कहा कि पूरी तरह से बिजली विभाग की लापरवाही है।जिसके चलते गाय की मौत हुई है। बिजली विभाग के पदाधिकारी से मांग करते हैं कि पीड़ित परिवार को गाय का एक लाख रुपया तुरंत मुआवजा दिया जाए। सुबह से ही बारिश हो रही है। बिजली के खंभे में अचानक बिजली का करंट दौड़ने लगा देखते ही दिखते बगल में गाय बंधी हुई थी । बिजली के करंट के संपर्क मैं आने से गाय की तड़प-तड़प कर घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



### सीआरसी भेड़मारा में मूल्यांकन कार्य संपन्न

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन के अंतिम दिन उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय भेड़मारा में मूल्यांकन कार्य संपन्न हो गया । इस मौके पर मूल्यांकन संचालक मामून रशीद एवं संकुल समन्वयक मु. कमरुल हक ने बताया कि भेड़मारा संकुल के पांच विद्यालयों के अर्धवार्षिक परीक्षा मूल्यांकन का कार्य उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय भेड़मारा में संपन्न हो गया। मूल्यांकन शांति पूर्वक सम्पन्न हो गया।



### जिला स्थापना दिवस पर आयोजित होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कला एवं संस्कृति विभाग बिहार, पटना एवं जिला प्रशासन, कटिहार के संयुक्त तत्वावधान में 02 अक्टूबर 2026 को जिला स्थापना दिवस-2026 मनाया जाना है।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।उक्त जानकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि गायन, नृत्य जैसी विधा में अपनी प्रस्तुति देने के लिए जिले के इच्छुक कलाकार जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय, प्रखंड, अंचल कार्यालय के सामने आम्रपाली प्रशिक्षण केन्द्र में अपना आवेदन 28.09.2026 को 12.30 बजे तक जमा कर सकते हैं। कलाकारों के चयन को लेकर गठित समिति ऑडिशन लेकर कार्यक्रम भाग लेने के लिए कलाकारों का चयन करेगी।डीपीआरओ ने बताया कि कार्यक्रम में सहभागिता को लेकर विशेष जानकारी शंकर कुमार झा डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय से कार्यालय में या मोबाइल नं- 6200997987 पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### नीतीश संवाद जीविका के 20 साल बेमिसाल कार्यक्रम को लेकर सुमति देवी बनीं किशनगंज की जिला प्रभारी

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जनता दल यूनाइटेड जदयू की ओर से नीतीश संवादजीविका के 20 साल बेमिसाल कार्यक्रम को लेकर जिला स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी की ओर से जारी सूची के अनुसार सुमति देवी को किशनगंज जिले का जिला प्रभारी बनाया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद जदयू से जुड़े कार्यकताओं में उत्साह देखा गया।कार्यकताओं ने सुमति देवी का बुके भेंट कर एवं माला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए जनता दल यू जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश राय ने शुभकामनाएं दीं। स्वागत के दौरान महिला एवं पुरुष कार्यकताओं की मौजूदगी रही। पार्टी की ओर से जारी सूची में सुमति देवी का नाम किशनगंज जिला प्रभारी के रूप में शामिल किया गया है। कार्यक्रम के माध्यम से जीविका के दो दशक के कार्यों और उससे जुड़े अनुभवों को लेकर संवाद की पहल की जानी है। स्वागत के दौरान कार्यकताओं ने कहा कि नई जिम्मेदारी मिलने से संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में सहयोग मिलेगा। वहीं सुमति देवी ने कार्यकताओं के सम्मान और विश्वास के प्रति आभार जताया तथा मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही।जीविका के 20 साल बेमिसालह्न के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने और महिलाओं की भागीदारी से जुड़े अनुभवों को सामने लाने पर कार्यक्रम के दौरान संवाद को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



### गीत, नृत्य और नाटक से सजी सांस्कृतिक संध्या

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के कटिहार रेल मंडल में बुधवार की संध्या फणीश्वर नाथ रेणु सीनियर इंस्टीट्यूट में आयोजित गीत, संगीत, नृत्य और नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरा माहौल सांस्कृतिक रंग में रंग गया। कार्मिक शाखा कटिहार के तत्वावधान में ह्यमंडल नृत्य, नाटक एवं संगीत प्रतियोगिता 2026-27 का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें रेल कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कलाकारों ने शास्त्रीय एवं सुगम संगीत, पारंपरिक एवं आधुनिक नृत्य के साथ सामाजिक एवं प्रेरणादायी विषयों पर आधारित नाटकों की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। सिंथेसाइजर सहित विभिन्न वाद्ययंत्रों की मधुर धुनों और कलाकारों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। उपस्थित अधिकारियों एवं रेलकर्मियों ने प्रतिभागियों के हुनर और मंचीय प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की।आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआरएम किरेंद्र नरह ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां कर्मचारियों की रचनात्मक प्रतिभा को सामने लाने के साथ-साथ कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा और आपसी सहयोग को बढ़ावा देती हैं।

# आग लगने से पांच परिवारों के घर जलकर खाक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** थाना क्षेत्र के सोहथा दक्षिण पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या पांच के गोपालपट्टी घाट गांव में गुरुवार को चूल्हे से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते पांच परिवारों के आशियाने को राख में तब्दील कर दिया। तीनपुलिया के समीप बिशनदेव मंडल के घर में खाना बनाने के दौरान अचानक आग लग गई आग इतनी तेजी से फैला कि आसपास के घर भी इसकी चपेट में आ गए। अगलगी में घर में रखा अनाज, कपड़ा, बर्तन, पलंग, कुर्सी, टेबल, नकदी, जेवरात, फर्नीचर समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। एक बाइक भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गई ।जानकारी ग्रामीणों के अनुसार आग सबसे पहले बिशनदेव मंडल के घर में लगी। देखते ही देखते आग की लपटें विकराल हो गईं और आसपास के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया।आग की भयावहता ऐसी थी कि पीड़ित परिवारों को घर से सामान निकालने तक का मौका नहीं मिला। ग्रामीणों ने अपने सूझ बूझ से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के कारण आग पर तत्काल काबू नहीं पाया जा सका। सूचना मिलने पर अग्निशमन वाहन भी घटनास्थल पर पहुंचा। जिसके बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। अगलगी पीड़ित बिशनदेव मंडल,कल्पना देवी, पति पंकज कुमार मंडल, सोनी कुमारी पति बिट्टू मंडल, गुड़िया देवी पति नितीश मंडल और अन्नू कुमारी पति चुन्ना कुमार मंडल के घर आग की चपेट में आने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। आग बुझने के बाद घटनास्थल का दृश्य बेहद मार्मिक था। जिन परिवारों ने वर्षों की मेहनत से अपना आशियाना बसाया था ।उनकी आंखों के सामने कुछ ही देर में सब कुछ राख हो गया। घर जलने के बाद पीड़ित परिवार के सदस्य सड़क किनारे बैठकर रोते-बिलखते रहे ।घटनास्थल पर पहुंच कर राजस्व कर्मचारी अगलगी परिवार का जांच पड़ताल कर जायजा लिया।घटना की जानकारी मिलने पर सोहथा दक्षिण पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता एवम् पंचायत समिति सदस्य लखनदेव ठाकुर घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों ने पीड़ित परिवारों से मिलकर उनकी स्थिति की जानकारी ली और प्रशासन से जल्द उचित मुआवजा दिलाने की मांग की गई।



# मद्य निषेध विभाग की कारवाई में 134.7 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ सात तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला पदाधिकारी के आदेश के आलोक में मद्य निषेध विभाग की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाकर 134.700 लीटर विदेशी शराब के साथ शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। विभाग की टीम ने बलरामपुर थाना क्षेत्र के लालपुर में एक टोटो में 64.200 लीटर विदेशी शराब के साथ बारसोई के तारक दास को गिरफ्तार किया है।वहीं बारसोई रेलवे स्टेशन से कन्हाई कुमार को 22.000 लीटर बीयर के साथ कन्हैया कुमार, बारसोई रेलवे स्टेशन से ही 08 लीटर बीयर के साथ नितेश कुमार को 09 लिटर बीयर के साथ सत्यम सिंह को तथा 09 लीटर बीयर के साथ रामबाबू कुमार को गिरफ्तार किया है। वहीं कटिहार जंक्शन से दीपक कुमार को 09 लीटर तथा 13.5 लीटर विदेशी शराब के साथ रामकुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।मद्य निषेध विभाग को इस अभियान में जहां 134.700 लीटर बियर एवं विदेशी शराब और एक टोटो जब्त करने में सफलता मिली है,तो वहीं सात तस्करों को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# 513.09 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के मनसाही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो व्यक्ति को 513.09 ग्राम स्मैक के साथ दो युवक को गिरफ्तार करने में सफलता पाई हैं।

**जप्त स्मैक का अनुमानित मूल्य 40 से 45 लाख**

सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वन विशाल आनंद ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि मनसाही थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद को गुप्त सूचना मिली की कुरेठा रेलवे स्टेशन के पास एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति स्मैक लेकर जा रहा हैं। जानकारी मिलते ही मनसाही पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया वाहन जांच को देखकर मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। मनसाही पुलिस दौड़कर दोनों को पकड़ा। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम नागेश्वर महतो (28) पिता अनंत लाल महतो साकिन एकौना, थाना मनसाही जिला कटिहार एवं महेंद्र कुमार राय (32) पिता रामप्रीत राय साकिन भोराबाड़ी, थाना नगर जिला कटिहार को जांच किया गया। जिसमें 513.09 ग्राम स्मैक, दो मोबाईल, एक मोटरसाइकिल मिला। जिसे कागजी कार्रवाई कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी हैं। जबकि जप्त स्मैक का अनुमानित मूल्य 40 से 45 लाख रुपए बताई जा रही हैं ।



# नॉन इंटरलाकिंग कार्य से ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल में चल रहे प्री-नॉन इंटरलॉकिंग एवं नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कटिहार रेल मंडल से होकर गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव किया गया है। कार्य के दौरान कुछ ट्रेनें पूर्ण रूप से रद्द रहेंगी, जबकि कई ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द करने के साथ उनके मार्ग एवं ठहराव में भी बदलाव किया गया है। इस संबंध में कटिहार रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह जनसंपर्क अधिकारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे द्वारा संरक्षा एवं आधारभूत संरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से यह तकनीकी कार्य कराया जा रहा है। इस दौरान ट्रेन संख्या 28181 टाटा-कटिहार एक्सप्रेस 30 सितंबर एवं 3 अक्टूबर को, जबकि 28182 कटिहार-टाटा एक्सप्रेस 2 एवं 5 अक्टूबर को रद्द रहेगी जबकि ट्रेन संख्या 15714 पटना-कटिहार इंटरसिटी 21 सितंबर से 4 अक्टूबर तक पटना-बरौनी के बीच रद्द रहेगी और बरौनी से संचालित होगी।वहीं 15713 कटिहार- पटना इंटरसिटी इसी अवधि में बरौनी-पटना के बीच रद्द रहेगी तथा बरौनी तक ही जाएगी। इसके अलावा एनआई कार्य के कारण वंदे भारत सहित लगभग दो दर्जन ट्रेनों के मार्ग को परिवर्तित कर निर्धारित तिथि में रेल प्रशासन द्वारा परिचालित किया जायेगा। जिसमें ट्रेन नंबर 22233/22234 न्यू जलपाईगुड़ी- पटना वंदे भारत एक्सप्रेस निर्धारित तिथियों में परिवर्तित मार्ग बरौनी-शाहपुर पटोरी-पाटलिपुत्र से चलेगी। इस दौरान पटना साहिब स्टेशन पर इसका ठहराव नहीं रहेगा।इसी प्रकार 15657/ 15658 ब्रह्मपुत्र मेल डीडीयू -गया-किऊल होकर चलेगी। इसके कारण आरा, दानापुर, पटना, बख्तियारपुर सहित कुछ निर्धारित स्टेशनों पर इसका ठहराव नहीं होगा।



# कालियागंज से भागलपुर पहुंचानी 204.9 ग्राम स्मैक बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** कोढ़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए स्मैक के साथ एक दंपती को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों कालियागंज से स्मैक लेकर भागलपुर डिलीवरी के लिए जा रहे थे। पूर्णिया से ऑटो पकड़कर दोनों पति-पत्नी कोढ़ा थाना क्षेत्र के चथरियापीर स्थित आईटीबीपी कैंप के समीप पहुंचे थे। यहां दोनों भागलपुर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। सूचना मिलते ही कोढ़ा थाना के अपर थानाध्यक्ष कुणाल कुमार पुलिस टीम के साथ चेथरियापीर स्थित आईटीबीपी कैंप के पास पहुंचे। पुलिस को देखते ही दोनों पति-पत्नी भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस जवानों ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने विधिवत कार्रवाई करते हुए मजिस्ट्रेट सह कोढ़ा अंचलाधिकारी संजीव कुमार की मौजूदगी में दोनों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान महिला के पर्स से स्मैक का एक पैकेट बरामद हुआ। वहीं उसके पति की जींस की जेब से भी स्मैक का एक पैकेट और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक, दोनों के पास से कुल 204.9 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास कुमार और उसकी पत्नी लुक्खी कुमारी के रूप में हुई है। दोनों शांतिनगर मुखरी टोला, थाना गोपालपुर, जिला भागलपुर के रहने वाले बताए गए हैं।



# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगा मेडिकल कैंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** मनसाही अंचल क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रोगों से बचाव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही के द्वारा मेडिकल कैंप लगाया गया और बाढ़ पीड़ितों की स्वास्थ्य जांच करते हुए रोगियों को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराया गया। मेडिकल कैंप क्षेत्र के चितोरिया,सोगले टोला सहित अन्य गाँव में लगाया गया।जहां बाढ़ पीड़ितों ने इस मेडिकल कैंप का लाभ उठाया। बाढ़ का पानी घटने के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोग बाढ़ के साथ आई गंदगी के दुर्गंध से काफी परेशान है। कुछ लोगों के बीमार होने की भी सूचना को देखते हुए मनसाही सामुदायिक स्वास्थ्य द्वारा इन प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल कैंप लगाया जहां मौके पर ही लोगों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई साथ ही सभी प्रभावित परिवारों के बीच ब्लीचिंग पाउडर का भी वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया दीप नारायण पासवान पूर्व सरपंच जितेंद्र पासवान समाज सेविका सुनीता कुमारी पूजा कुमारी, जयमनती कुमारी, नुरेसा खातून, देवनारायण पासवान, दीपक पासवान आदि मौजूद रहे।



# आईटीआई कालेज में आयोजित हुआ विद्यार्थी सहयोग शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** आईटीआई कॉलेज कटिहार में विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार तथा ओएसडी अभिषेक रंजन ने भी शिविर का जायजा लिया विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थी सहयोग पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों के शैक्षणिक व्यवस्था एवं छात्रावास से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों को आमंत्रित करने एवं उसका समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है।विद्यार्थी सहयोग पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थी अपने शैक्षणिक, छात्रावास की समस्याएँ, शैक्षणिक सुझाव निर्भीक होकर प्रस्तुत कर सकते हैं ।उन्होंने कहा कि सबका सम्मान, जीवन आसान निश्चय के तहत विद्यार्थियों के शैक्षणिक, छात्रावास की समस्याओं एवं सुझावों के प्रभावी समाधान हेतु प्रत्येक माह में विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया जाता है ।शिविर से संबंधित जानकारी हेल्पलाइन नंबर 1100 डायल कर निःशुल्क संपर्क किया जा सकता है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों के शिकायतों को पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा, उन्हें किसी भी प्रकार से भयभीत होने की जरूरत नहीं है। विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर कभी भी ऑनलाइन परिवाद दर्ज किया जा सकता है। परिवाद दर्ज करने की तिथि से 30 दिनों के अंदर उनकी समस्या का निष्पादन सुनिश्चत कर आवेदक को लिखित सूचना दी जाएगी। उन्होंने जीवन के उद्देश्य को लेकर अपने वक्तव्य से प्रेरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं उपस्थित छात्र-छात्राओं ने विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान हेतु राज्य सरकार की इस पहल का स्वागत किया ।



**संक्षिप्त समाचार**

## नौकरी वालों की बल्ले-बल्ले, 3 सरकारी बैंक दे रहे हैं कम ब्याज दर पर सस्ता होम लोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बढ़ती महंगाई ने प्रॉपर्टी की कीमतों में भी काफी उछाल किया है। इससे घर की खरीदारी करने वालों या घर बनाने वालों को पहले की तुलना में अधिक पैसा देना पड़ रहा है। प्रॉपर्टी के बढ़े दाम के बीच अगर घर खरीदारों को सस्ते होम लोन की मदद मिल जाए, तो क्या ही कहना। अगर आप नौकरीपेशा करने वाले हैं और आप भी अपने सपने का आशियाना बनाने जा रहे हैं या बने बनाए घर को खरीदने की सोच रहे हैं और आपको सरकारी बैंक से सस्ते होम लोन की तलाश है तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। हम यहां तीन सरकारी बैंकों की लिस्ट दे रहे हैं, जो अपने पात्र ग्राहकों को 7.15 फीसदी (शुरुआत) की ब्याज दर से होम लोन की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। आइए इनके बारे में जानते हैं। कौन से सरकारी बैंक सस्ता होम लोन दे रहे हैं देश में कई सारे सरकारी बैंक हैं, लेकिन यहां हम तीन सरकारी बैंकों के बारे में बात कर रहे हैं, जो ग्राहकों को 7.15 फीसदी से लेकर के 9.85 फीसदी की सालाना ब्याज दर से होम लोन की सुविधा दे रहे हैं। इन बैंकों का नाम है- केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब नेशनल बैंक। ये तीनों बैंक अपने-अपने स्तर पर सस्ता होम लोन प्रदान कर रहे हैं। अगर आप केनरा बैंक से 20 लाख रुपये का होम लोन ले रहे हैं और इसपर सालाना 7.15 फीसदी की ब्याज दर लग रही है, तो 5 साल के लिए कितनी ईएमआई होगी इसके लिए हम केनरा बैंक होम लोन ईएमआई कैलकुलेटर का इस्तेमाल करके हिसाब कर रहे हैं। होम लोन के लिए डॉक्यूमेंट में पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक स्टेटमेंट, सैलरी स्लिप, प्रॉपर्टी के कागजात आदि। होम लोन के लिए सिबिल स्कोर कितना होना चाहिए होम लोन के लिए सिबिल स्कोर 750 या उससे अधिक हो, तो आसानी से लोन मिल जाता है। 20 लाख रुपये के होम लोन पर कितनी ईएमआई लगेगी 20 लाख रुपये के होम लोन पर 7.15 फीसदी की सालाना ब्याज दर से 5 साल के लिए 39,744.09 रुपये की ईएमआई लगेगी। होम लोन के लिए आप संबंधित बैंक के मोबाइल ऐप, आधिकारिक वेबसाइट या नजदीकी बैंक ब्रांच जाकर के अप्लाई कर सकते हैं। 10 लाख रुपये के होम लोन पर 5 साल के लिए कितनी लगेगी 10 लाख रुपये के होम लोन पर 5 साल के लिए 19872.05 रुपये की लगेगी। इसपर 7.15 फीसदी का सालाना ब्याज लग रहा है।

## आईपीओ लिस्टिंग के बाद 5 प्रतिशत चढ़ा एनएसई का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया के शेयरों ने 24 सितंबर 2026 को शेयर बाजार में एंट्री की। शेयर 1,800 पर लिस्ट हुआ, जो 1,785 के इश्यू प्राइस से करीब 0.84 प्रतिशत ज्यादा था। हालांकि, शुरुआती लिस्टिंग उम्मीदों के मुकाबले सीमित रही, लेकिन कारोबार शुरू होने के बाद शेयर में तेजी आई और शुरुआती कारोबार में यह करीब 1,870 के स्तर तक पहुंच गया, यानी इश्यू प्राइस की तुलना में शेयर ने करीब 5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। आइए जानते हैं कि क्या इस स्टॉक को होल्ड रखना चाहिए या फिर बहती गंगा में हाथ धो लेना चाहिए यानी कि शेयरों में तेजी देखते ही निवेशकों को शेयर सेल कर देना चाहिए निवेशकों का मजबूत रिस्पॉन्स मिला था। 22,561 करोड़ से अधिक के इस इश्यू को कुल मिलाकर 5.71 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। हिस्सेदारी 12.68 गुना और हिस्सेदारी 6.55 गुना सब्सक्राइब हुई, जबकि रिटेल हिस्सा 1.39 गुना भरा। प्राइस बैंड 1,700 से 1,785 था और इश्यू पूरी तरह ओएफएस था। लिस्टिंग के बाद एनएसई की सबसे बड़ी ताकत उसका भारतीय कैपिटल मार्केट में मजबूत स्थान है। कैश इक्विटी सेगमेंट में करीब 93 प्रतिशत मार्केट शेयर है, जबकि डेरिवेटिव्स में भी इसकी हिस्सेदारी काफी बड़ी है। इसका बड़ा नेटवर्क, टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर और ट्रेडिंग वॉल्यूम कंपनी के बिजनेस मॉडल के अहम हिस्से हैं। हालांकि, इसी मॉडल से जुड़ा एक जोखिम भी है। जी हां, क्योंकि कंपनी की कमाई का बड़ा हिस्सा बाजार में होने वाली ट्रेडिंग गतिविधियों पर निर्भर करता है।

# 1 अक्टूबर से नियमों में होगा बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में सबसे सुरक्षित निवेशों में फिक्स्ड डिपॉजिट को अहम माना जाता है। इसमें समय के साथ जमा राशि पर मिलने वाला ब्याज भी पहले से तय होता है। इस बीच बैंक एफडी में निवेश करने वालों और खासकर के संबंधित बैंक के लिए एक बड़ी खबर है।

केंद्रीय बैंक यानी कि आरबीआई ने बीते दिनों बैंक एफडी को लेकर उसके नियमों में संशोधन किया था, जिसे एक अक्टूबर 2026 से लागू किया जाएगा। बैंक एफडी की ब्याज दरों में पारदर्शिता लाने और ग्राहकों के लिए और भी सहूलियत बनाने के लिए 1 अक्टूबर से एफडी के नियमों में बड़ा बदलाव होगा। आइए जानते हैं यह पूरा बदलाव क्या है और इससे क्या असर पड़ेगा।

बैंक एफडी के लिए आरबीआई का नया नियम क्या है

बीते दिनों केंद्रीय बैंक यानी कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक एफडी से जुड़े नियमों में बदलाव को लेकर दिशानिर्देश जारी किया था, जिसे एक 1 अक्टूबर 2026 से लागू कर दिया जाएगा।

इस नियम के तहत बैंक की अलग-अलग ब्रांच में एक ही अवधि (समय) के लिए बनी एफडी योजना और उसपर मिलने वाली सालाना ब्याज दर एक सामान होगी। यह शहर या जगह के आधार पर अलग-अलग नहीं होगी। मतलब कि देश के सभी ब्रांचों में संबंधित बैंक की एफडी दर सामान होगी। इस नियम के तहत यह भी साफ किया गया है कि बैंकों को एफडी पर दी जाने वाली ब्याज दर को ग्राहकों को मौखिक रूप से नहीं बल्कि अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर पहले से ही बताना होगा। मतलब कि किसी भी बैंक को अपनी एफडी योजना के रेट कार्ड को लोगों के लिए पहले से ही अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करना होगा। एफडी की विशेषता में सुरक्षित रिटर्न, तय ब्याज दर और तय समय समेत अन्य शामिल हैं। एफडी में कितना पैसा जमा कर सकते हैं एफडी में अधिकतम पैसे जमा करने की कोई सीमा नहीं है। हालांकि, न्यूनतम आप 1000 रुपये से निवेश शुरू कर सकते हैं। सीनियर सिटीजन को एफडी पर 8.50 प्रतिशत तक का ब्याज मिलता है।




### 1 अक्टूबर से मौजूदा एफडी पर क्या असर पड़ेगा

मिली जानकारी के अनुसार, एफडी को लेकर यह जो भी नया नियम एक अक्टूबर से लागू होने जा रहा है, इससे मौजूदा एफडी पर कोई बड़ा असर या असर नहीं पड़ेगा। आपकी जो भी एफडी पहले से चल रही है, वह उसी तय ब्याज दर, समय या तय नियमों के साथ जारी रहेगी।

### बैंक एफडी की ब्याज दरें कैसे तय करता है

बैंक एफडी की ब्याज दरें जमा राशि के आधार पर तय करता है। वह आमतौर पर जमा राशि के आधार पर अलग-अलग एफडी पर ब्याज रेट देता है। बैंक खुदरा जमा (जो 3 करोड़ रुपये से कम होती हैं) पर एक ही ब्याज दर लागू किए हुए होता है, जबकि बल्क डिपॉजिट यानी कि 3 करोड़ रुपये या उससे अधिक की राशि पर ब्याज दरें अलग-अलग होती हैं। मालूम हो कि 22 अक्टूबर 1997 से, आरबीआई ने बैंकों को अलग-अलग अवधि वाली घरेलू मियादी जमाओं (टर्म डिपॉजिट) पर अपनी ब्याज दरें तय करने की आजादी दे दी थी। बल्क डिपॉजिट के लिए भी नए नियम लागू होंगे। बल्क डिपॉजिट यानी कि 3 करोड़ रुपये या उससे अधिक की राशि की एफडी के लिए बैंकों को हर रोज अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नई दरें अपडेट करनी होगी। इसकी टाइमिंग हर रोज सुबह 10 बजे रहेगी। ग्रेस टाइम के साथ इसे हर हाल में सुबह 10 :10 बजे तक अपडेट कर देना ही होगा। एफडी का पूरा नाम फिक्स्ड डिपॉजिट है, जिसे हिंदी में सावधि जमा कहते हैं। सीनियर सिटीजन को एफडी पर कितना ब्याज मिलता है

## सरकारी कर्मचारियों को इस महीने पांच दिन पहले ही मिल जाएगी सैलरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों को इस बार 25 सितंबर को ही सैलरी मिल सकती है। इसकी वजह यह है कि 28 सितंबर से बैंक कर्मचारियों की तीन दिन की हड़ताल होने वाली है। 26 सितंबर को चौथा शनिवार होने के कारण बंद रहेंगे। वित्त मंत्रालय ने सभी विभागों और मंत्रालयों को सलाह दी है कि वे सितंबर महीने की सैलरी 25 सितंबर को ही एडवांस में जारी कर दें। हालांकि ग्राहकों की सुविधा के लिए रविवार 27 सितंबर को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक समेत सभी बैंक खुले रहेंगे। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने 28 से 30 सितंबर तक हड़ताल की कॉल दी है। फोरम का दावा है कि वह बैंकिंग सेक्टर के 90 प्रतिशत कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने का दावा करता है। इस हड़ताल को देखते हुए सरकार ने फैसला किया है कि सितंबर 2026 महीने के लिए सभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों की सैलरी/वेतन/पेंशन पहले ही निकाली और बांटी जा सकती है। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले कंट्रोलर जनरल ऑफ अकाउंट्स ने एक ऑफिस मेमोरेंडम में कहा कि केंद्र सरकार के इंडस्ट्रियल कर्मचारियों की सितंबर 2026 की सैलरी भी 25 सितंबर, 2026 को एडवांस में दी जा सकती है। साथ ही केंद्र सरकार के सभी पेंशनर्स की सितंबर 2026 की पेंशन भी बैंक द्वारा 25 सितंबर, 2026 को दी जा सकती है।

## नवरात्रे से पहले सरकार का बड़ा तोहफा, खाना पकाने का तेल पर आधी की ड्यूटी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू बाजार में खाना बनाने के तेल की बढ़ती कीमतों पर सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने क्रूड और रिफाइंड एडिबल ऑयल पर बेसिक कस्टम ड्यूटी को आधा कर दिया है। अब यह घट कर 5 प्रतिशत रह गया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय की तरफ से इस बारे में एक नोटिफिकेशन जारी हो गया है। नोटिफिकेशन के मुताबिक अब पर बेसिक कस्टम ड्यूटी को 10 फीसदी से घटा कर 5 फीसदी कर दिया गया है। मतलब कि बिना रिफाइन किए हुए सोयाबीन और पाम ऑयल मंगाना अब सस्ता पड़ेगा। सरकार ने क्रूड सूर्यमुखी के तेल पर तो कस्टम ड्यूटी को 10 फीसदी से घटा कर शून्य कर दिया है।

सरकार द्वारा कुछ खाद्य तेलों के आयात पर सीमा शुल्क में कटौती का फैसला महत्वपूर्ण समय पर आया है। अभी दशहरा-दिवाली जैसे बड़े त्योहार आने वाले हैं। इससे कच्चे तेल के आयातकों को राहत मिलेगी।

### महत्वपूर्ण समय पर हुआ है फैसला

इंडियन वेजिटेबल ऑयल प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधाकर देसाई ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है 'सरकार द्वारा कुछ खाद्य तेलों के आयात पर सीमा शुल्क में कटौती का फैसला महत्वपूर्ण समय पर आया है। अभी दशहरा-दिवाली जैसे बड़े त्योहार आने वाले हैं। इससे कच्चे तेल के आयातकों को राहत मिलेगी। '

### रिफाइंड तेलों पर क्या हुआ

सरकार ने रिफाइंड सोयाबीन और पॉम आयल पर बेसिक कस्टम ड्यूटी को 32.5 फीसदी से घटा कर 27.5 फीसदी कर दिया है। रिफाइंड सूर्यमुखी के तेल पर भी बेसिक कस्टम ड्यूटी में पांच फीसदी की कमी हुई है। अब यह 32.5 फीसदी से घट कर 22.5 फीसदी रह गया है। आपकी आसानी के लिए आपको नीचे एक टेबल दे रहे हैं, जिससे सभी चीजें स्पष्ट हो जाएंगी।

### कब से लागू होगा यह फैसला

गजट नोटिफिकेशन के अनुसार ड्यूटी में यह कटौती 24 सितंबर 2026 से प्रभावी होंगी। माना जा रहा है कि सरकार के इस फैसले से खाद्य मुद्रास्फीति पर सकारात्मक असर पड़ेगा। क्योंकि इस कदम से खाद्य तेलों की लैंडेड लागत कम होने की उम्मीद है, जो संभवत: घरेलू कीमतों में कमी में बदल सकती है। उल्लेखनीय है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े खाद्य तेल आयातकों में से एक है।

## घमासान के बीच एजीएम की तैयारी में टाटा संस, कोरम पूरा नहीं हुआ तो एनसीएलटी का रुख कर सकती है कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप में मचे घमासान के बीच होल्डिंग कंपनी टाटा संस अपने बिजनेस प्लान को आगे बढ़ाने और पेंडिंग कॉर्पोरेट मामलों पर चर्चा करने के लिए अगले महीने अपनी सालाना आम बैठक बुलाने की योजना बना रही है। इन मामलों में एन चंद्रशेखरन की डायरेक्टर के तौर पर दोबारा नियुक्ति भी शामिल है। इसे लेकर टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और टाटा संस के बाकी बोर्ड के बीच मतभेद हैं। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक सूत्रों ने बताया कि अगर सर रतन टाटा ट्रस्ट पर जारी पाबंदियों की वजह से जरूरी कोरम नहीं बन पाता है, तो टाटा संस नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल का रुख कर सकती है। इससे उसे बैठक करने और अपने पेंडिंग बिजनेस को पूरा करने का कानूनी रास्ता मिल जाएगा। यह लागू कॉर्पोरेट कानून के नियमों के



मुताबिक होगा। कंपनी ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। इससे मूल विवाद का समाधान नहीं होगा। प्रभावित शेयरधारक या उसमें पारित प्रस्तावों को चुनौती दे सकते हैं, जिससे बैठक और उसके फैसलों की वैधता को लेकर एक और कानूनी लड़ाई शुरू हो सकती है। जानकारों का कहना है कि इससे टाटा संस के नॉमिनी के बिना भी आगे बढ़ सकती है। वैल्यूएशन एडवाइजरी में विशेषज्ञता रखने वाली फर्म मॉर्फिस मैनेजमेंट सर्विसेज के पार्टनर विमल तापरिया ने कहा, 'इससे मूल विवाद का समाधान नहीं होगा। प्रभावित शेयरधारक उसमें पारित प्रस्तावों को चुनौती दे सकते हैं, जिससे बैठक और उसके फैसलों की वैधता को लेकर एक और कानूनी लड़ाई शुरू हो सकती है। ' कार्यकाल को शेयरधारकों द्वारा रिन्यू किया जाना है। जानकारों का कहना है कि कंपनी के नियमों के मुताबिक अगर कोरम की कमी के कारण बैठक नहीं हो पाती है, तो चंद्रशेखरन तब तक डायरेक्टर बने रहेंगे।

### तीन महीने का एक्सटेंशन

एक एग्जीक्यूटिव ने कहा, 'टाटा संस को कई मामलों पर तेजी से काम करना होगा, इसलिए जल्द से जल्द होना जरूरी है। ऐसा करने का सबसे अच्छा तरीका खोजने के लिए कानूनी तौर पर मामले की विस्तार से जांच की गई है।' कंपनी को रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज से त्ररुके लिए पहले ही तीन महीने का एक्सटेंशन मिल चुका है। इससे पहले 18 अगस्त को होने वाली बैठक कोरम की कमी के कारण टाल दी गई थी।
महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर ने बैठकें करने या फैसले लेने से जुड़ी पाबंदियां नहीं हटाई हैं।

## लिस्ट होते ही एचयूएल और सन फार्मा से आगे निकल गई एनएसई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के शेयरों की आज बाजार में फीकी शुरुआत हुई। शेयर बाजार में भारी गिरावट के बीच पर कंपनी का शेयर एक फीसदी से भी कम प्रीमियम के साथ 1,800 रुपये लिस्ट हुआ। इसका इश्यू प्राइस 1,785 रुपये था। हालांक लिस्टिंग के बाद यह 1878 रुपये तक उछला और इसका कंपनी का मार्केट कैप 4.63 लाख करोड़ रुपये हो गया। इससे यह भारतीय शेयर बाजार की नौवीं मोस्ट वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। डेटा से पता चलता है कि इसने सेक्टर की दिग्गज कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर और हेल्थकेयर की बड़ी कंपनी सन फार्मास्यूटिकल्स को पीछे छोड़ दिया है। स्टॉक एक्सचेंज के डेटा के इसके आगे अब रिलायंस इंडस्ट्रीज (16.77 लाख करोड़), बैंक (11.25 लाख करोड़), भारती एयरटेल, बैंक, बजाज फाइनेंस रह गई हैं। 1,785 रुपये प्रति शेयर के आईपीओ प्राइस पर एनएसई की वैल्यूएशन 4.42 लाख करोड़ रुपये थी। इसकी तुलना में, प्रतिद्वंद्वी बीएसई का मार्केट कैप 1.33 लाख करोड़ रुपये है। कंपनी की लिस्टिंग फीकी रही लेकिन बाजार के कुछ जानकारों का कहना है कि शुरुआती दिनों में शेयर की कीमत पर डिमांड-सप्लाई का काफी असर पड़ सकता है। उनका कहना है कि ज्यादातर बड़े निवेशकों पर एग्जिट की पाबंदियों के कारण बाजार में शेयरों की तुरंत सप्लाई सीमित हो सकती है, जिससे बाद में कीमतों को सहारा मिल सकता है।

## कैंपा कोला पर मुकेश अंबानी का बड़ा दांव, एफएमसीजी बिजनेस के लिए खोल दिया खजाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे मोस्ट वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज एफएमसीजी बिजनेस में बड़ा दांव लगा रही है। कंपनी ने इस बिजनेस से जुड़ी कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी चार गुना बढ़ाकर




40,000 करोड़ कर दी है। इससे कंपनी को पूंजी जुटाने, उधार लेने और निवेश करने की सीमा बढ़ाने में मदद मिल सकती है। यह कंपनी और रेंज के जरूरी सामान बेचती है। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पास जमा लेटेस्ट रेगुलेटरी फाइलिंग में रिलायंस ने यह जानकारी दी है। तेजी से अपने बिजनेस का विस्तार कर रही है। कंपनी का कहना है कि अधिकृत शेयर पूंजी में बढ़ोतरी से उसके स्नस्ष्टत ऑपरेशन्स के बढ़ते दायरे को देखते हुए पूंजी जारी करने में आसानी होगी। कंपनी ने बिजनेस के लिए फंड की बढ़ी हुई जरूरत को पूरा करने के लिए अपनी उधार लेने की सीमा को भी 9,000 करोड़ से तीन गुना बढ़ाकर 27,000 करोड़ कर दिया है। बिजनेस इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म के जरिए मिली फाइलिंग के अनुसार, दूसरी कंपनियों में निवेश करने या उन्हें लोन देने की सीमा को दोगुना करके 4,000 करोड़ कर दिया गया है।

### डायरेक्टर्स का कार्यकाल

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने तीन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स टी कृष्णकुमार (66), केतन मोदी (49) और असीम पारेख (61) का कार्यकाल भी पांच साल के लिए बढ़ाकर 2030 तक कर दिया है। फाइलिंग से पता चला कि बोर्ड ने जुलाई और अगस्त में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। प्रेस टाइम तक रिलायंस इंडस्ट्रीज को भेजे गए सवालों का कोई जवाब नहीं मिला था। पिछले साल दिसंबर में अपनी पैरेंट कंपनी के बिजनेस के रीस्ट्रक्चरिंग के हिस्से के तौर पर अपनी अधिकृत शेयर पूंजी को बढ़ाकर 10,000 करोड़ किया था। इसके बाद बिजनेस की सब्सिडियरी होने के बजाय सीधे सब्सिडियरी बन गया।

### रीस्ट्रक्चरिंग

इस रीस्ट्रक्चरिंग में 'स्लंप सेल' के जरिए से ब्रांड्स का ट्रांसफर शामिल था। इसके बाद में विलय कर दिया गया। इसके बाद के कंज्यूमर ब्रांड्स बिजनेस को अलग करके एक नई कंपनी बनाई गई, जिसे बाद में फिर से नाम दिया गया। अपनी हालिया फाइलिंग में कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 और आने वाले वर्षों के लिए उसका बिजनेस आउटलुक सकारात्मक है, जिसमें वैल्यू और वॉल्यूम दोनों के बढ़ने की उम्मीद है।

# दो बिजनेस डूबे, घर गिरवी रखा, कार बेची... फिर खड़ी कर दी 12000 करोड़ की कंपनी, अब आईपीओ की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टार्टअप की दुनिया में सफलता की कहानियां अक्सर करोड़ों की फंडिंग और बड़ी वैल्यूएशन से शुरू होती हैं। लेकिन फाउंडर नीरज सिंह की कहानी इससे बिल्कुल अलग है। उनके शुरुआती दो स्टार्टअप बंद हो गए। एक समय ऐसा भी आया जब कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें अपना घर गिरवी रखना पड़ा और कार तक बेचनी पड़ी। इसके बावजूद उन्होंने तीसरी कोशिश की और स्पिनी को हजारों करोड़ रुपये की कंपनी बना दिया। अब कंपनी आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है।

झारखंड के डाल्टनगंज में पले-बढ़े नीरज सिंह पढ़ाई में काफी अच्छे थे। उन्होंने पहली कोशिश में आईआईटी की परीक्षा पास की। शुरुआत में उन्होंने 2002 में रुड़की में आर्किटेक्चरल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया, लेकिन एक साल बाद दोबारा इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा देकर आईआईटी दिल्ली में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू की। हालांकि, उनकी उद्यमिता की शुरुआत इतनी आसान नहीं रही। उनका पहला स्टार्टअप फरवरी 2011 में बंद हो गया। इसके बाद उन्होंने नाम से कंटेंट एग्रीगेशन और डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्म शुरू किया, लेकिन यह कारोबार भी दिसंबर 2014 में बंद हो गया।




### निवेशकों ने कहा- 'आत्महत्या क्यों करना चाहते हो'

साल 2015 की शुरुआत में नीरज अपने तीसरे स्टार्टअप की तैयारी कर रहे थे। इस बार उन्होंने इस्तेमाल की हुई कारों यानी यूज्ड कार मार्केट को चुना। उस समय इस सेक्टर में कार्स24, कारदेखो, ड्रूम और कारट्रेड जैसी कंपनियां पहले से मौजूद थीं। नीरज के आइडिया पर कुछ निवेशकों ने उन्हें हतोत्साहित किया। एक वेंचर कैपिटलिस्ट ने तो उनसे पूछा, 'आप आत्महत्या क्यों करना चाहते हैं' एक अन्य निवेशक ने भी चेतावनी दी ।

### 2015 में शुरू हुई स्पिनी

जून 2015 में नीरज सिंह ने लॉन्च की। शुरुआत में यह एक सर्टिफाइड कंज्यूमर-टू-कंज्यूमर प्लेटफॉर्म था, जहां खरीदार और विक्रेता इस्तेमाल की हुई कारों के लिए जुड़ सकते थे। लेकिन जल्द ही नीरज को समझ आया कि इस बाजार की सबसे बड़ी समस्या सिर्फ खरीदार और विक्रेता को जोड़ना नहीं है। असली समस्या थी भरोसा। इसके बाद मार्च 2017 में अपना बिजनेस मॉडल बदल दिया। कंपनी ने कारों को खुद खरीदना, उनकी जांच और रीफर्बिशमेंट करना और फिर उन्हें ग्राहकों को बेचने का मॉडल अपनाया। स्पिनी ने ग्राहक के पूरे अनुभव को अपने नियंत्रण में लेने की कोशिश की। कार की जांच और रीफर्बिशमेंट से लेकर दस्तावेज, फाइनेंस और डिलीवरी तक कई सेवाएं कंपनी ने अपने मॉडल में शामिल कीं। यही रणनीति धीरे-धीरे निवेशकों को पसंद आने लगी। नवंबर 2021 में स्पिनी ने सीरीज फंडिंग राउंड के बाद यूनिकॉर्न का दर्जा हासिल किया। कंपनी ने अब तक करीब 698 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई है। इसके निवेशकों में क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर शामिल हैं। इस समय कंपनी की वैल्यूएशन करीब 12,000 करोड़ रुपये है। स्पिनी अब आईपीओ की तैयारी कर रही है। कंपनी ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास गोपनीय तरीके से ड्राफ्ट पेपर दाखिल किए हैं। अपने प्रस्तावित के जरिए करीब 3,000 करोड़ रुपये तक जुटाने पर विचार कर रही है।

# उपायुक्त ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मो जावेद हुसैन की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गत अवधि के दौरान जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन एवं अवैध परिवहन की रोकथाम को लेकर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें तथा अवैध खनन स्थलों को चिन्हित कर संयुक्त रूप से कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला खनन टास्क फोर्स टीम आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन एवं परिवहन के मार्गों पर विशेष निगरानी रखे।उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को समन्वय स्थापित कर नियमित छापामारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही बालू समेत अन्य की अवैध खनन, अवैध भंडारण एवं अवैध परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर पूर्णतया रोक लगाने हेतु प्रभावी कार्रवाई की जाए।उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान में बालू घाट पूर्णतया बंद है, ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि बालू घाटों से किसी भी परिस्थिति में खनन, भंडारण या परिवहन न हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए नियमित जांच अभियान चलाने, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने एवं अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# जमुई कांड का होगा स्पीडी ट्रायल

- घटना का होगा त्वरित और निष्पक्ष अनुसंधान
- सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की कड़ी नजर

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

जमुई। जमुई कांड को लेकर समाहरणालय के सभा कक्ष में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। डीएम नवीन ने इस दरम्यान लिखनहारों को संबोधित करते हुए कहा कि जमुई में बीते दिनों छात्र-छात्रा के साथ की गयी बदसलूकी अत्यंत अशोभनीय और पीड़ादायक है। उन्होंने घटना को विस्तार से परिभाषित करते हुए कहा कि इससे जमुई के साथ बिहार की छवि धूमिल हुई है। राज्य प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड से जुड़े पांच तथा इससे संबन्धित वीडियो बनाकर वायरल करने वाले तीन कुल आठ लोगों को हिरासत में लिया है। आरोपितों को शीघ्र सजा दिलाए जाने के लिए मामले का स्पीडी ट्रायल कराया जाएगा। जमुई डीडीसी शिप्रा विजय कुमार चौधरी को घटना की निष्पक्ष और त्वरित जांच के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है वहीं एसडीपीओ दीप्ति मोनाली को इस केस का अनुसंधानकर्ता का दायित्व दिया गया है।

उन्होंने विधि सम्मत कार्रवाई जारी रहने की जानकारी देते हुए कहा कि कुछ लोग रील के साथ अन्य तरीकों को अपनाकर घटना की जांच की गति को मंद करना चाह रहे हैं। डीएम ने लोगों को इस तरह की हरकतों से बाज आने का संदेश देते हुए कहा कि पीड़िता को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अफवाह से दूरी बनाए रखने के साथ सोशल



मीडिया पर भ्रामक पोस्ट प्रेषित करने से से बचने की अपील की।
वहीं एसपी विश्वजीत दयाल ने कहा कि सोशल मीडिया पर गिद्ध दृष्टि रखी जा रही है। पोस्ट करने वालों पर विधि सम्मत कार्रवाई भी हो रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जो लोग सोशल मीडिया पर रील बनाकर या एआई फोटो जेनरेट कर अपलोड करेंगे उनपर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता की निजता का ख्याल करते हुए इससे जुड़ा पोस्ट न करें। स्वतंत्र , निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से घटना का अनुसंधान किया जा रहा है। एसपी ने जिलावासियों से अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाए जाने में यथोचित सहयोग दिए जाने का आग्रह किया। साइबर डीएसपी अभिषेक कुमार , सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ.मेनका कुमारी आदि जन इस अवसर पर उपस्थित थे।

# 887 अनमैप्ड मतदाताओं के दस्तावेजों पर सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पाकुड़।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गुरुवार को महेशपुर प्रखंड में 887 अनमैप्ड मतदाताओं के नोटिस के आधार पर प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजों की सुनवाई की गई।
इसके लिए महेशपुर प्रखंड में चार सुनवाई स्थल निर्धारित किए गए थे। पंचायत भवन भेंटाटोला में मतदान केंद्र संख्या 26 और 27, पंचायत भवन सीतारामपुर में मतदान केंद्र संख्या 150, ग्राम पंचायत भवन छक्कूधाड़ा में मतदान केंद्र संख्या 128 और 129 तथा महेशपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में महेशपुर पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 93 और 94 से संबंधित मतदाताओं की सुनवाई हुई।
सुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों ने मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच और सत्यापन किया। इसके बाद निर्वाचन नियमों के अनुसार अग्रेतर कार्रवाई की गई।
विभिन्न केंद्रों पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मौजूद रहे। छक्कूधाड़ा में एईआरओ सह अंचल अधिकारी संजय कुमार सिन्हा, भेंटाटोला में भूमि सुधार उपसमाहर्ता सह ईआरओ अमित कुमार तथा प्रखंड कार्यालय सभागार में एईआरओ सह बीडीओ डॉ. सिद्धार्थ शंकर यादव ने प्रक्रिया की निगरानी की। अधिकारियों ने निर्धारित निर्वाचन नियमों के अनुरूप सुनवाई पूरी कराई।

# जिंदगी बचाने के लिए जरूरी है रक्तदान : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पाकुड़। जिला प्रशासन और जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को रक्त अधिकोष, पाकुड़ समेत जिले के सभी प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। मुख्य शिविर का शुभारंभ उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पदाधिकारियों, पुलिसकर्मियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। मुख्य शिविर में कुल 147 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।
इस मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। सभी स्वस्थ एवं योग्य लोगों को आगे आकर स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारी, दुर्घटना, प्रसव, थैलेसीमिया, एनीमिया और अन्य आपात




परिस्थितियों में मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के लिए ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त का भंडार जरूरी है। जिला प्रशासन की ओर से अब प्रत्येक माह जिला और प्रखंड स्तर पर नियमित रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक रक्त संग्रह करना और जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराना है। उपायुक्त ने रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके सामाजिक योगदान की सराहना की। नगर परिषद के ईओ, सीओ समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों व कर्मचारियों, समाजसेवियों, इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों तथा पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने भी रक्तदान किया।

# दुष्कर्म के झूठे मामले ने लिया नया मोड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**मेदिनीनगर (पलामू)।** इंस्टाग्राम के जरिए हुई दोस्ती के बाद 17 वर्षीय छात्र को कथित रूप से दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर जबरन शादी कराने का मामला सामने आया है। छात्र ने पलामू बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष दिए बयान में पंडवा थाना क्षेत्र की 20 वर्षीय युवती, उसकी मां और मामा समेत अन्य पर आरोप लगाए हैं।
मामले को गंभीरता से लेते हुए सीडब्ल्यूसी ने रांची जिले के बुंडू थाना प्रभारी को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। छात्र राजस्थान के उदयपुर स्थित एक पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ता है। छात्र के अनुसार, इंस्टाग्राम के माध्यम से युवती से उसकी पहचान हुई थी। 22 जून को युवती, उसकी मां और मामा उसे डालटनगंज में उतरने नहीं दिए और रांची ले गए। वहां से ट्रेन के जरिए उसे केरलम ले जाया गया। कुछ दिन बाद सभी रांची लौटे।छात्र का आरोप है कि 11 जुलाई को बुंडू स्थित सूर्य मंदिर में युवती की मां, मामा समेत अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की और दबाव बनाकर युवती से उसकी शादी करा दी। इसके बाद दोनों को एक होटल में ठहराया गया। 13 जुलाई को स्वजन दोनों को पंडवा थाना ले गए।
नाबालिग होने के कारण पुलिस ने छात्र को सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया। काउंसलिंग के बाद समिति के आदेश पर उसे कुछ दिनों तक वात्सल्यधाम बालगृह, डालटनगंज में रखा गया। छात्र ने समिति के समक्ष पढ़ाई पूरी करने और घर लौटने की इच्छा जताई। बाद में उसे स्वजनों के सुपुर्द कर दिया गया।
सीडब्ल्यूसी ने तीन अगस्त 2026 को जारी आदेश में बच्चे को किशोर न्याय अधिनियम की धारा 2(14) के तहत देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाला बच्चा (सीएनसीपी) माना। समिति ने बच्चे के बयान में सामने आए तथ्यों के आधार पर पोक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बीएनएस और किशोर न्याय अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया।

# बारिश के बीच चार घंटे तक चला हाई वोल्टेज ड्रामा

## टावर पर चढ़ा युवक, महिला दारोगा पर लगाया गंभीर आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** गायघाट थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में गुरुवार की अहले सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब पुलिस की कार्यशैली से नाराज एक युवक करीब 200 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक की पहचान रामनगर निवासी शंभू चौधरी के 20 वर्षीय पुत्र अंकित राज चौधरी के रूप में हुई है।
युवक का आरोप है कि चोरी का मोबाइल वापस मांगने पर थाने में तैनात एक महिला दारोगा ने उसके साथ मारपीट की और झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दी।
टावर पर चढ़ने से पहले अंकित ने इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो अपलोड कर अपनी आपबीती सुनाई। वीडियो में उसने बताया कि



करीब डेढ़ महीने पहले उसका मोबाइल चोरी हो गया था। पुलिस ने चोर को पकड़कर मोबाइल बरामद कर लिया था। इसके बाद उसने कोर्ट से कानूनी प्रक्रिया पूरी कर मोबाइल का रिलीज ऑर्डर ले लिया।
बुधवार को जब वह रिलीज आर्डर लेकर थाने पहुंचा, तो महिला दरोगा ने मोबाइल देने से साफ इनकार कर दिया। अंकित का आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ बदसलूकी और मारपीट की गई।
गुरुवार सुबह करीब चार बजे युवक गांव के ही मोबाइल टावर पर चढ़ गया। इस दौरान तेज बारिश भी होती रही, लेकिन वह नीचे नहीं उतरा। युवक इस बात पर अड़ा रहा कि जब तक आरोपी महिला दरोगा मौके पर आकर उससे माफी नहीं मांगती, वह नीचे नहीं आएगा।
घटना की सूचना मिलते ही स्वजन और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची गायघाट थाने की पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधि युवक को समझाने-बुझाने में जुटे रहे। थाना अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि युवक को सुरक्षित टावर से नीचे उतारने के लिए हरसंभव कवायद की जा रही है।

# जलाशयों पर पर्यटकों के लिए प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जारी पत्र में रांची और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जोन्हा, हुंडरू, दशम फॉल एवं सीता फॉल, रिमिक्स फॉल , पंचघाघ एवं अन्य सभी जलप्रपातों में उफान पर है, जिसको लेकर पर्यटकों के लिए सुरक्षा चेतावनी, जलप्रपात अपनी पूर्ण उफान पर हैं। इन जलप्रपातों में जलधारा की प्रबल गति और चट्टानों से टकराने वाली धाराएं प्रकृति की अपार शक्ति का प्रदर्शन कर रही हैं।
हालांकि यह दृश्य आकर्षक और मनोरम है, लेकिन यह अत्यंत खतरनाक भी है। एक छोटी सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है, जिससे जान-माल का नुकसान हो सकता है। वर्तमान में जलप्रपातों के आसपास का क्षेत्र घूमने जाने के समय सावधानी रखें। जिला प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों ने पर्यटकों, आगंतुकों और स्थानीय लोगों से जोन्हा और हुंडरू जलप्रपातों के आसपास के क्षेत्रों में जाने पर अतिसावधानी बरतने की अपील की है। वर्तमान में जलप्रपातों के आसपास का क्षेत्र अत्यंत जोखिम भरा है। तेज जलधारा, फिसलन भरी चट्टानें और अचानक जलस्तर बढ़ने की संभावना पर्यटकों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है।पर्यटकों और स्थानीय लोगों से अनुरोध है कि वे जलप्रपातों के पास न जाएं और सुरक्षित स्थानों पर रहें। स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करें।

## घर पर गिरा पेड़, मुआवजे की मांग

जमुई/खैरा । खैरा प्रखंड क्षेत्र के गोपालपुर पंचायत के गोपालपुर रामानी टोला में गुरुवार के दिन लगातार दो दिनों के बारिश से सड़क के किनारे सूखे पेड़ के गिरने से सड़क के दूसरी तरफ घर पर गिर जाने से घर का करकट टूट कर गिर गया ओर घर के लोग बाल बाल बच गए । इस करकट के नीचे महिला खाना बना रही थी और करकट के गिरने से हल्की चोटे आई है । पीड़ित लालो राम ने पेड़ हटाने के लिए वन विभाग को एक आवेदन दिया था ।

# एमएमडीआर संशोधन कानून के विरोध में राजद का धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के पास राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने एमएमडीआर संशोधन कानून के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व राजद के जिला अध्यक्ष महावीर मड़ैया ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कानून को वापस लेने की मांग की।
कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महावीर मड़ैया ने कहा कि केंद्र सरकार ने खान एवं खनिज विकास एवं



विनियमन संशोधन कानून 2026 लाकर राज्यों के हितों को प्रभावित करने का काम किया है। उन्होंने इसे वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि झारखंड का विकास खनिज संसाधनों से जुड़ा हुआ है। ऐसे में इस कानून का असर राज्य के विकास और आम लोगों पर पड़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राज्य सरकार के विकास कार्यों को रोकने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि कानून वापस नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान राज्य सरकार की मंत्री दीपिका पांडे की बेटी के निधन पर शोक सभा भी आयोजित की गई। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया। प्रदर्शन में जिला सचिव रंजीत सिंह, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष इकरामुल अंसारी, किसान मोर्चा के लाल मरांडी, युवा जिला अध्यक्ष अमन सिंह, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष मनोज मड़ैया, अमरापाड़ा प्रखंड अध्यक्ष विनोद ठाकुर, महेशपुर प्रखंड अध्यक्ष सदानंद यादव, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष रमेश सिंह, युवा जिला उपाध्यक्ष अजित सिंह, ज्योत्सना मुर्मू समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 11वे दिन धरनार्थियों को मिला राजद का समर्थन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** भाकपा माले और आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में चंद्रमडी सहित जिले में बेलगाम होते अपराध गिरती कानून-व्यवस्था महिलाओं की सुरक्षा और चंद्रमडी में साइबर अपराध की बढ़ती घटना अपराधियों को संरक्षण देने वाले चंद्रमडी थाना प्रभारी गजेंद्र कुमार के निलंबन के सवाल को लेकर जमूई कचहरी चौक पर ग्यारह दिनों से चल रहे अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर पहुँच कर राजद के जिलाध्यक्ष डॉ त्रिवेणी यादव,राजद के प्रधान महासचिव मुरारी राम, महागठबंधन के पूर्व प्रत्यासी शमशाद आलम, उपाध्यक्ष रामदेव यादव ने धरना पर बैठे धरनार्थियों के माँग को समर्थन किया। आज के इस धरना की अध्यक्षता राजद के प्रधान महासचिव मुरारी राम ने किया। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राजद के जिलाध्यक्ष डॉ. त्रिवेणी यादव ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ₹चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र में हर दिन चोरी,सिंघकाठी लूट हत्या और साइबर अपराध का सुरक्षित हब बन चुका है और थाना प्रभारी इस अवैध कारोबार को संरक्षण दे रहे हैं।₹ यही कारण है कि अपराधी वेलगाम है लेकिन प्रशासन अपराधियों पर नकेल कसने के बजाय उन्हें बचाने में लगा हुआ जो बर्दाश्त के लायक नही है। तीन दिनों के अंदर चंद्रमडी थाना प्रभारी को निलंबित करे नहीं तो राजद सहित सम्पूर्ण महागठबंधन पूरे जिले बर्दाश्त नही करेगा। महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी ने कहा की ₹चंद्रमंडीह सहित संपूर्ण जमुई जिला अपराध की आग में जल रहा है, लेकिन पुलिस कप्तान इस गंभीर स्थिति पर पूरी तरह उदासीन बैठे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो इस आंदोलन और तेज करेंगे। मौके पर इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के जिला अध्यक्ष शम्भू कुमार भाकपा माले के जिला सचिव शम्भू शरण सिंह बिहार राज्य कमिटि के सदस्य और आंदोलन का नेतृत्व कर रहे बाबू साहब सिंह,ने कहा कि चंद्रमंडी थाना क्षेत्र में बेलगाम हो चुके साइबर अपराध और अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए।अपराधियों को संरक्षण देने वाले थाना प्रभारी को तुरंत निलंबित कर उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए। धरना में कल्लू मरांडी मनोज कुमार पांडये,जयराम तुरी, किरण गुप्ता, राहुल यादव, सहित सैकड़ों की संख्या में धरनार्थी उपस्थित थे।

## तीन महीनों के लिए बंद होगा विक्रमशिला सेतु

**भागलपुर।** भागलपुर और समूचे सीमांचल व कोसी क्षेत्र के बीच जीवन रेखा माने जाने वाले ऐतिहासिक विक्रमशिला सेतु पर आगामी 1 अक्टूबर से वाहनों का आवागमन पूरी तरह रोक दिया जाएगा।

# चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने एसडीओ को सौपा ज्ञापन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई ।** जमुई चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुनील कुमार वर्णवाल व सचिव नितेश कुमार केशरी के द्वारा बाजारों में लगने वाले जाम की समस्या को लेकर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा । शहर के कचहरी चौक, महाराजगंज, महिसौडी, हॉस्पिटल रोड, बोधवन तालाब आदि जगहों पर आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है ऐसे में बाजारों में चार पहिए वाहन एवम टोटो रिक्शा के प्रवेश को वनवे करने एवम यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा गस्ती व पुलिस बल तैनात करने की बात कही । चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने कहा कि पर्व त्योहारों के अवसर पर खरीदारी करने वाले लोगों की अत्याधिक भीड़ बाजारों में होती है। ऐसे में अगर वाहनों के प्रवेश को नहीं रोका गया तो व्यवसायियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और व्यापार भी प्रभावित होती है। उनलोगों ने पुलिस प्रशासन की तैनाती से पर्व त्योहारों में मनचले लड़कों द्वारा लहेरियाकट बाइक चलाने वाले पर भी अंकुश लग सकेगा। शहर में मुख्य रूप से दुर्गा पूजा में भव्य आयोजन किया जाता है जो पंचमंदिर, लाल बाबा हॉस्पिटल रोड एवम स्टेडियम शामिल है। विधि व्यवस्था दुरुस्त होने से पर्व त्योहारों में भयमुक्त होकर लोग खरीदारी कर पर्व का आनन्द उठा सकेंगे । इन सभी बातों को माननीय अनुमंडल पदाधिकारी सौरव कुमार ने गंभीरता से लिया और विधि व्यवस्था दुरुस्त कराने की बात कही ।

## बच्चों ने सीखी हाथ धोने की सही विधि

सिकंदरा/ जमुई। स्वच्छता को व्यवहार का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को प्लस टू उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सबल बीघा में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन, व्यक्तिगत स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी गई। डीसी (सीबीआइसी) राकेश कुमार और डीसी (एमआइएस) संजय कुमार ने बच्चों को स्रोत स्तर पर कचरा अलग करने का प्रशिक्षण दिया। बताया गया कि हरे डस्टबिन में गीला व जैविक, नीले में सूखा, लाल में बायोमेडिकल व सैनिटरी तथा काले डस्टबिन में घरेलू खतरनाक कचरा और ई-वेस्ट डाला जाता है। बच्चों को कचरे के सही निस्तारण के तरीके भी बताए गए।

## 11 ट्रकों से वसूला गया जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चाचकी पुल पर अवैध तरीके से ट्रकों की पार्किंग के खिलाफ परिवहन विभाग ने गुरुवार को कार्रवाई की। जिला परिवहन पदाधिकारी मो. मुजाहिद अंसारी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान पुल पर अनधिकृत रूप से खड़े ट्रकों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन कर ट्रक खड़ा करने के मामले में परिवहन विभाग ने 11 ट्रकों पर कार्रवाई करते हुए प्रत्येक पर एक हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। इस तरह कुल 11 ट्रकों से 11 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। जिला परिवहन पदाधिकारी मो. मुजाहिद अंसारी ने कहा कि चाचकी पुल समेत जिले के किसी भी महत्वपूर्ण मार्ग पर अवैध पार्किंग करने वाले वाहनों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क और पुल को पार्किंग स्थल बनाने से आम लोगों के आवागमन में परेशानी होती है और यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है।डीटीओ ने स्पष्ट किया कि अवैध पार्किंग के खिलाफ परिवहन विभाग का जांच और कार्रवाई अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# खेल से अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना होती है विकसित : ख्याली राम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के तत्वावधान में उत्तर पूर्व क्षेत्र, झारखंड के रांची स्थित आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कुदलुम में 37 वाँ अखिल भारतीय जूडो एवं कुराश प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित भैया-बहन भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता की प्रस्तावना रखते हुए विद्या भारती के जूडो एवं कुराश पर्यवेक्षक तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सचिव दिनेश कुमार जी ने कहा कि विद्या भारती प्रारंभ से ही बालकों के पंचकोशीय विकास को ध्यान में रखते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। पंच प्रमुख विषयों में शारीरिक शिक्षा के अंतर्गत खेलकूद का विशेष महत्व है। इसी उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। यहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता छात्र-छात्राएं एसजीएफआई प्रतियोगिता में सीधे भाग लेंगे। विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्याली राम ने कहा कि प्रतियोगिता में जीत और हार दोनों ही सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। विजेता यह सीखकर आगे बढ़ेगा कि उसने किस प्रकार सफलता प्राप्त की और अपने प्रदर्शन को और बेहतर कैसे बनाया जा सकता है। वहीं हारने वाला भी अपने प्रतिद्वंद्वी के प्रदर्शन से सीख लेकर अपनी कमियों को दूर कर सकता है। उन्होंने कहा कि खेलों में सफलता के लिए सबसे आवश्यक है कि हम अपने शरीर का ध्यान रखें। स्वस्थ शरीर से ही बेहतर शारीरिक क्षमता का विकास संभव है। खेल व्यक्ति में अनुशासन का भाव विकसित करते हैं और इसी अनुशासन के माध्यम से हमें देशहित में कार्य करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। अध्यक्षीय आशीर्वचन में विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री एवं कार्यक्रम के संयोजक राम अवतार नारसरिया ने सभी प्रतिभागी भैया-बहनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागी राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लें और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ें। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश मंत्री डॉ. ब्रजेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव, विद्या भारती खेलकूद परिषद के अखिल भारतीय सचिव कृपा शंकर शर्मा, विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा, झारखंड प्रांत खेल के संरक्षक सुरेश मंडल, पूर्णकालिक कार्यकर्ता बंधु, नीरज कुमार लाल, विवेक नयन पाण्डेय विभाग प्रमुख रांची विभाग एवं रमेश कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मूल्यांकन से गायब शिक्षक-शिक्षिका से स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**झाझा/जमुई।** अर्द्धवार्षिक परीक्षा की व्यवहृत उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य से अनुपस्थित रहने वाले छह शिक्षक-शिक्षिकाओं पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कार्रवाई की है।झाझा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा पदाधिकारी धनंजय कुमार पासवान ने सभी संबंधित शिक्षक-शिक्षिकाओं को पत्र जारी कर दो दिनों के अंदर संतोषजनक स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। जारी पत्र के अनुसार 21, 22 एवं 23 सितंबर को सीआरसी बैजला, बाराजोर एवं पैरगाहा में अर्द्धवार्षिक परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों की व्यवहृत उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

संक्षिप्त समाचार

## परवीन पदक पक्का करने से एक जीत दूर, क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

**नागोया।** भारतीय मुक्केबाजों के लिए एशियन गेम्स का पांचवां दिन मिलाजुला रहा। परवीन ने महिला 65 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने के मजबूत कदम बढ़ाए, वहीं साक्षी और सुमित को अपने-अपने बाउट में हार का सामना करना पड़ा। परवीन को तजाकिस्तान की मलिका नोजिमोवा से वॉकओवर मिला जिससे वह अगले दौर में पहुंच गईं। परवीन पदक पक्का करने से एक



कदम दूर हैं। मुक्केबाजी में सेमीफाइनल में पहुंचने पर पदक पक्का हो जाता है।

भारतीय मुक्केबाज साक्षी चौधरी महिलाओं के 51 किलो वर्ग में कजाखस्तान की अलुआ बाल्कीबेकोवा से प्री क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गईं। हरियाणा की 26 वर्ष की साक्षी ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था लेकिन यहां वह लय कायम नहीं रख सकीं। पहले दौर के बाद कजाखस्तान की मुक्केबाज 3-2 से आगे थी। दूसरे दौर में साक्षी ने आक्रामकता दिखाई लेकिन बाल्कीबेकोवा ने 3-2 से फिर बढ़त बनाई। आखिरी दौर में साक्षी वापसी करने में नाकाम रही। इससे पहले सुमित पुरुषों के 70 किलो प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इराक के अल सारे अली के खिलाफ चोट के कारण बाहर हो गए। हरियाणा के 23 वर्ष के सुमित पहले दो दौर में आगे थे, लेकिन तीसरे दौर में एक मुक्के से बचने के प्रयास में उन्हें घुटने में चोट लगी और वह गिर गए। इसके बाद वह आगे खेल नहीं सके और रैफरी ने मुकाबला रोककर विरोधी को विजेता घोषित कर दिया। सुमित ने पहले मुकाबले में थाईलैंड के बुंजोंग सिनसिरी को 5-0 से हराया था।

## कराटे में 10 ने जीते पदक, 100 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**हाथरस।** हाथरस के मेला श्रीदाऊजी महाराज के उपलक्ष्य में वर्ल्ड बुडो शोटोर्यू कराटे महासंघ के बैनर तले सातवीं श्री दाऊजी ओपन कराटे कप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते।उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता कुंवर रत्नेश रत्न ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन लाते हैं। जो खिलाड़ी जीते हैं, उन्हें बधाई और जो हारे हैं, वे निराश न होकर और अधिक मेहनत करें। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनुराग अग्निहोत्री एडवोकेट और उप जिला क्रीड़ा अधिकारी काशी नरेश यादव उपस्थित रहे। संचालन पूर्व डीजीसी क्रिमिनल एडवोकेट वतन सिंह ने किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. रामबाबू हरित रहे। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामवीर सिंह भैयाजी, जिला पंचायत सदस्य प्रभा सिंह, अश्वनी सिंह, एडवोकेट रतन सिंह और महासंघ के अध्यक्ष व मुख्य प्रशिक्षक शिहान एमएस सामुराई ने संयुक्त रूप से विजयी प्रतिभागियों को पदक पहनाकर पुरस्कृत किया। अतिथियों को भी स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में हाथरस के विनायक इंटरनेशनल स्कूल, बीएलएस इंटरनेशनल स्कूल, कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, सेठ हरचरनदास कन्या इंटर कॉलेज, अलीगढ़ के आरसीएमडी इंटरनेशनल स्कूल के अलावा आगरा, मथुरा, टूंडला और अलीगढ़ के विभिन्न विद्यालयों के 100 बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान रेफरी पैनल के चीफ नितिन सोलंकी, विजेंद्र माहौर, रूबी कुमारी, जज हिमेश डेविड, विशाल ढकराल, सुबह सिंह और दीपक राज व सलमान आदि मौजूद रहे।

# 64 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा: भारतीय हॉकी टीम की बड़ी जीत



**आइची नागोया।** पुरुष हॉकी में पूल-ए के मैच में भारतीय हॉकी टीम ने दक्षिण कोरिया को 8-2 से हरा दिया। भारत ने कोरिया पर हाफटाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली थी। भारत के लिए शिलानंद लाकरा ने चौथे मिनट, सुखजीत सिंह ने नौवें मिनट में गोल दागे। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दाग भारत को 3-0 से आगे कर दिया। इसके एक मिनट बाद अभिषेक ने गोल दागा। फिर दिलप्रीत सिंह ने 26वें मिनट में गोल दाग भारत को 5-0 से आगे कर दिया।

तीसरे क्वार्टर में भारत ने दो और गोल दागे, जबकि कोरिया की ओर से भी पहला गोल हुआ। भारत की ओर से दिलप्रीत ने 32वें मिनट में अपना दूसरा गोल और अभिषेक ने 38वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा। दक्षिण कोरिया की ओर से एकमात्र गोल किम जैहो ने 42वें मिनट में किया। तीसरे क्वार्टर तक भारत 7-1 से आगे थे।फिर चौथे क्वार्टर में दक्षिण कोरिया की ओर से किम योंगबोक ने 52वें मिनट में गोल दाग स्कोर 7-2 कर दिया। वहीं, रजिंदर सिंह ने 60वें मिनट में गोल दागा और स्कोर 8-2 कर दिया। आखिर तक यही स्कोरलाइन रहा और भारत ने जीत हासिल की। अब पूल स्टेज में ही भारत का सामना जापान से होगा। भारत की नजरें एशियन गेम्स में गोल्ड जीतकर 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के डायरेक्ट क्वालिफिकेशन हासिल करने पर हैं।

### 64 साल पुराना कौन सा रिकॉर्ड टूटा?

भारत और दक्षिण कोरिया के बीच छह गोल का अंतर रहा। यह पुरुष हॉकी में गोल के अंतर के मामले में भारत की दक्षिण कोरिया के खिलाफ एशियाड में सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले भारत ने 1962 एशियन गेम्स में कोरिया को 5-0 से हराया था। यानी तब भारत की जीत का अंतर पांच गोलों का था।

अब 2026 एशियन गेम्स में 8-2 से भारत की दक्षिण कोरिया पर जीत में गोल का अंतर छह गोल का रहा और 1962 का 64 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। भारत को अभी भी पूल स्टेज में जापान और बांग्लादेश का सामना करना है। ये मैच क्रमशः 26 और 28 सितंबर को खेले जाएंगे।

वहीं, पहली बार भारत और दक्षिण कोरिया के बीच पुरुष हॉकी के किसी मैच में कुल मिलाकर नौ या इससे ज्यादा गोल पड़े। इससे पहले भारत ने दक्षिण कोरिया को इससे पहले दो मैचों में 5-3, 5-3 के अंतर से हराया था। यानी तब आठ गोल पड़े थे, जो सबसे ज्यादा था।

# भारत का डबल धमाका: रोशिबिना को रजत, सतनाम-सलमान ने जीता कांस्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियन गेम्स 2026 में भारत के लिए बुधवार का दिन दो खास उपलब्धियों वाला रहा। वुशु खिलाड़ी नाओरेम रोशिबिना देवी ने महिलाओं की 60 किलोग्राम सांडा स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीतकर लगातार तीन एशियन गेम्स में पदक जीतने का इतिहास रचा। वहीं, रोइंग में सतनाम सिंह और सलमान खान की जोड़ी ने पुरुषों के डबल स्कल्स में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। दोनों उपलब्धियों पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों समेत कई नेताओं ने खिलाड़ियों को बधाई दी।





### लगातार तीन एशियाड में रोशिबिना का पदक

रोशिबिना देवी ने 60 किलोग्राम सांडा में सिल्वर मेडल जीता। इसके साथ ही वह लगातार तीन एशियन गेम्स में पदक जीतने वाली पहली भारतीय वुशु एथलीट बन गईं। उन्होंने 2018 जकार्ता एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज, 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में सिल्वर और अब 2026 एआईची-नागोया एशियन गेम्स में भी सिल्वर मेडल जीता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रोशिबिना को बधाई देते हुए लिखा, 'एशियन गेम्स 2026 में वुशू के महिलाओं के 60 किग्रा सांडा इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने पर रोशिबिना देवी नाओरेम को बहुत-बहुत बधाई। लगातार तीन एशियाई खेलों में तीन मेडल जीतना भारतीय वुशू के लिए एक शानदार उपलब्धि और ऐतिहासिक उपलब्धि है। आपकी प्रेरणादायक यात्रा में ऐसे ही और भी गर्व के पल आते रहें।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने लिखा, 'महिलाओं के सांडा 60 किग्रा इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने पर नओरेम रोशिबिना देवी को बधाई। लगातार तीन एशियन गेम्स में मेडल जीतना यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उनका लगातार अच्छा प्रदर्शन, साहस और दृढ़ संकल्प वास्तव में सराहनीय है। भविष्य के सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।'

रक्षा मंत्री ने भी बताया ऐतिहासिक पल

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रोशिबिना की उपलब्धि को भारतीय वुशु के लिए ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने लिखा, 'भारतीय वुशू के लिए एक ऐतिहासिक पल, जब नाओरेम रोशिबिना देवी ने एशियन गेम्स 2026 में महिलाओं के 60 किग्रा सांडा इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। वह लगातार तीन एशियाई खेलों में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय वुशू एथलीट बन गई हैं, जो उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन और दृढ़ संकल्प का एक शानदार उदाहरण है। इस शानदार उपलब्धि के लिए नाओरेम रोशिबिना देवी को बहुत-बहुत बधाई। उनका प्रदर्शन भारतीय एथलीटों की नई पीढ़ी को बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।' केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने लिखा, 'एशियन गेम्स 2026 में महिलाओं के सांडा 60 किलोग्राम इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने पर नओरेम रोशिबिना देवी को बहुत-बहुत बधाई।'

किरण रिजिजू ने भी रोशिबिना को बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'रोशिबिना देवी का एशियन गेम्स में मेडल जीतने का सिलसिला जारी है। एशियन गेम्स 2026 में महिलाओं के सांडा 60 किलोग्राम वुशु इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने पर आपको बहुत-बहुत बधाई। ब्रॉन्ज (2018), सिल्वर (2022), सिल्वर (2026) - लगातार तीन गेम्स, तीन मेडल। हमें आप पर गर्व है।'

### सतनाम-सलमान की जोड़ी ने जीता कांस्य

रोइंग के पुरुष डबल स्कल्स में सतनाम सिंह और सलमान खान ने भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीता। दोनों ने फाइनल में 6:13.25 का समय निकाला। इस उपलब्धि के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों खिलाड़ियों के संयम और तालमेल की सराहना की। पीएम मोदी ने लिखा, 'पुरुषों के डबल स्कल्स इवेंट में सतनाम सिंह और सलमान खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीता। उनका संयम और आपसी तालमेल काबिले-तारीफ रहा। उम्मीद है कि यह कामयाबी उन्हें आने वाले समय में और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।' किरण रिजिजू ने भी दोनों को बधाई देते हुए लिखा, 'एशियन गेम्स 2026 में पुरुषों के डबल स्कल्स इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर सतनाम सिंह और सलमान खान को बधाई। हमारे रोअर्स का शानदार प्रदर्शन।' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा, 'भारत ने एशियन गेम्स 2026 में एक और मेडल अपने नाम किया। रोइंग में पुरुषों के डबल स्कल्स इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर सतनाम सिंह और सलमान खान को बहुत-बहुत बधाई। पानी पर की गई कड़ी मेहनत और पक्के इरादे की वजह से इस जोड़ी को पोडियम पर शानदार जगह मिली है। उम्मीद है कि यह कामयाबी उन्हें और भी बड़ी ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। जय हिंद।

रोहित के साथ रिश्ते पर गंभीर बोले-

## अंतिम फैसला टीम के हित में होना सबसे महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख कोच गौतम गंभीर ने रोहित शर्मा के साथ अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि रोहित के साथ उनका रिश्ता सिर्फ कप्तान और कोच का नहीं रहा है। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को जानते हैं और साथ खेलने के कारण एक-दूसरे की सोच को भी अच्छी तरह समझते हैं। गंभीर और रोहित एक बार फिर भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में साथ नजर आएंगे। भारत अपने घरेलू सत्र की शुरुआत रविवार को तिरुवनंतपुरम में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले से करेगा।गंभीर ने कहा कि रोहित के साथ उनका जुड़ाव उस समय से है, जब वह खुद टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी थे। उन्होंने कहा, 'रोहित और मेरा रिश्ता सिर्फ कप्तान और कोच का नहीं था। जब रोहित टीम में आए थे, तब मैं एक वरिष्ठ खिलाड़ी था। इसलिए रोहित और मेरा रिश्ता उसी समय से है। रोहित मुझे तब से जानते हैं। इसलिए जब आप साथ खेल चुके होते हैं तो चीजें बहुत आसान हो जाती हैं। वह मेरी सोच जानते हैं और मैं उनकी सोच जानता हूं।'गंभीर ने कहा कि कप्तान और कोच की सोच अलग हो सकती है, लेकिन अंतिम फैसला टीम के हित में होना सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'कल मेरी सोच कुछ और हो सकती है, कप्तान की सोच कुछ और हो सकती है, लेकिन आखिर में अगर जो फैसला लिया जाए वह टीम के हित में है, तो इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता।जुलाई 2024 में भारतीय टीम के मुख्य कोच का पद संभालने के बाद गंभीर ने चार कप्तानों के साथ काम किया है।



# अनाहत और तन्वी स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में होंगी आमने-सामने

**नागोया** अनाहत सिंह, तन्वी खन्ना, अभय सिंह और वीर चोटरानी ने एशियन गेम्स की स्क्वाश स्पर्धा के एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि जोशना चिनप्पा और वेलावन सेंथिलकुमार की जोड़ी मिश्रित युगल के अंतिम आठ में पहुंची। जूनियर विश्व चैंपियन और पदक की दावेदार अनाहत ने महिला एकल में सिंगापुर की वाई इयिन औ येओंग को महज 19 मिनट में 3-0 (11-4, 11-5, 11-7) से हराकर अभियान की शुरुआत की।

सेमीफाइनल में पहुंचने पर तय नहीं होगा पदक

इसके बाद तन्वी ने भी सिंगापुर की वाई यान औ येओंग को 39 मिनट में 3-1 (5-11, 11-4, 11-5, 13-11) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इन नतीजों के साथ महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में अनाहत और तन्वी के बीच मुकाबला तय हो गया है। पिछले एशियन गेम्स के विपरीत इस बार स्क्वाश की एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों का पदक पक्का नहीं होगा। कांस्य पदक के लिए सेमीफाइनल में हारने वाले दोनों खिलाड़ियों के बीच तीसरे-चौथे स्थान का मुकाबला खेला जाएगा।

अभय सिंह का दमदार प्रदर्शन

पुरुष एकल में अभय सिंह ने दमदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका के रविंदु लक्सिरी को 25 मिनट में 3-0 (11-5, 11-6, 11-0) से शिकस्त दी। क्वार्टर फाइनल में अभय का सामना मेजबान जापान के रयोउनोसुके से होगा। चोटरानी को मलयेशिया के संजय जीवा के खिलाफ कड़ी चुनौती का



सामना करना पड़ा। उन्होंने एक घंटे नौ मिनट चले रोमांचक मुकाबले में 3-2 (11-9, 8-11, 11-6, 15-17, 11-6) से जीत दर्ज कर अंतिम आठ में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में उनकी भिड़ंत पाकिस्तान के इरफान मुहम्मद से होगी।

इससे पहले दिन में अनुभवी जोशना चिनप्पा और वेलावन सेंथिलकुमार ने हमवतन सूरज चंद और शमीना रियाज को सीधे गेम में हराकर मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी भारतीय जोड़ी ने ऑल-इंडियन मुकाबले में 11-7, 11-10 से जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी अब शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के डेविड पेलिनो और जेमीका अरिबाडो की जोड़ी से भिड़ेगी।

रोनाल्डो पुर्तगाल के लिए कब तक खेलेंगे! भविष्य पर दिया बड़ा बयान

# ....तो मैं अपना सूटकेस उठाऊंगा और चला जाऊंगा

**लिस्बन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुर्तगाल के साथ अपने अंतरराष्ट्रीय भविष्य को लेकर स्थिति साफ कर दी है। 41 वर्षीय स्टार फुटबॉलर ने कहा कि जब तक राष्ट्रीय टीम को उनकी जरूरत है, वह खेलते रहेंगे। हालांकि, जिस दिन उन्हें लगेगा कि वह टीम के लिए योगदान नहीं दे पा रहे हैं या टीम उन्हें नहीं चाहती, वह सबसे पहले खुद टीम छोड़ देंगे।

रोनाल्डो ने जुलाई में फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ-16 में पुर्तगाल के स्पेन से बाहर होने के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय भविष्य की पुष्टि नहीं की थी। हालांकि, नए मुख्य कोच जॉर्ज जीसस की पहली पुर्तगाल टीम में उन्हें शामिल किए



जाने से साफ हो गया कि वह अभी राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध हैं।

वेल्स के खिलाफ मुकाबले से पहले रोनाल्डो ने अपने भविष्य को लेकर कहा, 'जब भी वे कहेंगे कि वे मुझे राष्ट्रीय टीम में नहीं चाहते, मैं सबसे पहले जाने वाला व्यक्ति बनूंगा। जब मुझे लगेगा कि मैं टीम में कुछ नहीं जोड़ रहा हूं या माहौल खराब कर रहा हूं, तो मैं सबसे पहले चला जाऊंगा। मैं अपना सूटकेस उठाऊंगा और चला जाऊंगा।'

उन्होंने आगे कहा, 'पुर्तगाल के लोग मुझ पर भरोसा करते हैं। इसी वजह से मैं अभी यहां हूं। सिर्फ आंकड़ों को देखिए, मुझे यकीन है कि आप कुछ गणना कर सकते हैं। मैं अभी भी अच्छा कर रहा हूं। जिस दिन उन्हें मुझ पर भरोसा नहीं रहेगा, कोई समस्या नहीं है, मैं चला जाऊंगा। मैं हमेशा इस महासंघ का नंबर एक प्रशंसक रहूंगा।'

### विश्व कप के बाद संन्यास पर किया था विचार

रोनाल्डो ने माना कि विश्व कप से बाहर होने के बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से हटने के बारे में विचार किया था। हालांकि, पुर्तगाल के राष्ट्रपति पेड्रो प्रोएंका और कोच जॉर्ज जीसस के साथ बातचीत के बाद उन्होंने खेलना जारी रखने का फैसला किया। उन्होंने कहा, 'हां, मैंने ऐसा किया था। बेशक, मैं हमेशा अपने फैसलों, अपने भविष्य और वर्तमान के बारे में सोचता रहता हूं। मैं सोचने वाला इंसान हूं, आपको सोचना पड़ता है। इसी वजह से आप मुझे अब यहां देख रहे हैं। इसका मतलब है कि मैं जारी रखूंगा।' रोनाल्डो ने यह भी कहा कि वह सिर्फ गोल करने के लिए नहीं, बल्कि युवा खिलाड़ियों की मैदद करके भी टीम में योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे अब भी विश्वास है कि मैं राष्ट्रीय टीम को वह हासिल करने में मदद कर सकता हूं जो वह चाहती है। मुझे लगता है कि मैं राष्ट्रीय टीम को अपना समर्थन दे सकता हूं, सिर्फ गोल के जरिए नहीं, बल्कि मैदान के बाहर भी।'

संक्षिप्त समाचार

## 15 दिन पुरानी पिटाई का बदला लेने के लिए 17 साल के किशोर पर चाकू से हमला



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मयूर विहार इलाके के त्रिलोकपुरी में पिटाई का बदला लेने के लिए 17 वर्षीय किशोर पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर तीन नाबालिगों को पकड़ लिया है। उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किए गए दो चाकू बरामद किए गए हैं। एक अन्य नाबालिग की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस ने बताया कि बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे 30 ब्लॉक में चाकू से हमला किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर मयूर विहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची।घायल को एलबीएस में कराया भर्ती घायल किशोर को एलबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे एम्स ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि किशोर का एक नाबालिग से करीब 15 दिन पहले विवाद हुआ था। आरोप है कि उस दौरान किशोर और उसके साथियों ने नाबालिग की पिटाई की थी। इसी रंजिश में नाबालिग ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर किशोर को रास्ते में रोक लिया और उस पर हमला कर दिया। इस दौरान चाकू से वार किए गए।

## पश्चिमी दिल्ली के कीर्ति नगर में पार्किंग में लगी भीषण आग, 15 कारें जलकर राख



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कीर्ति नगर के डीएलएफ इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मटके वाली गली में बुधवार शाम एक इमारत के भूतल की (स्टिल्ट) पार्किंग में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर पार्किंग में खड़ी करीब 15 कारें जलकर पूरी तरह खाक हो गईं। सूचना मिलते ही दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग इमारत के ऊपरी हिस्से और आसपास की रिहायशी जगहों तक नहीं पहुंची, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, बुधवार शाम 4:17 बजे के-42, डीएलएफ इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक मकान में आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम को मिली। इसके बाद दमकल की पांच गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। जांच में पता चला कि करीब 350 वर्ग गज में बनी इमारत के ग्राउंड फ्लोर की स्टिल्ट पार्किंग में आग लगी थी। पार्किंग में खड़ी कारों में आग तेजी से फैल गई, जिससे कई वाहन पूरी तरह जल गए। दमकलकर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद शाम 5:05 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। आग बुझाने के बाद दमकलकर्मियों ने मौके पर काफी देर तक कूलिंग अभियान चलाया, ताकि वाहनों और अन्य सामान में सुलग रही चिंगारी दोबारा आग का रूप न ले सके। स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# दिल्ली में तेजी से होगा एसआईआर नोटिसों का निपटारा, जुड़ेंगे 600 और अधिकारी; 900 हो जाएगी की संख्या

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान के तहत जारी हुए लगभग 33 लाख नोटिसों के निपटारे के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने बड़ी प्रशासनिक तैयारी की है।

इन मामलों की समीक्षा और सत्यापन प्रक्रिया को गति देने के लिए असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स की सुपरवाइजरी वर्कफोर्स को लगभग तीन गुना तक बढ़ाया जा रहा है।

कुल संख्या 297 से बढ़कर 900 हुई इस भारी-भरकम काम को समय पर पूरा ` के लिए दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, तहसीलदारों और सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों (प्रिंसिपल्स) सहित लगभग 600 अधिकारियों को एक्स्ट्रा जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में की कुल संख्या 297 से बढ़कर 900 हो जाएगी। असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स इलेक्टोरल रोल के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन से जुड़े मामलों को प्रोसेस करने और वेरिफाई करने में अहम भूमिका निभाते हैं, जबकि बूथ-लेवल ऑफिसर फील्ड वेरिफिकेशन करते हैं।



असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स दावों और आपत्तियों की जांच करते हैं। साथ ही जानकारी और सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट्स चेक करते हैं। इसके बाद वेरिफिकेशन कर सकते हैं या ऑर्डर दे सकते हैं। वे नोटिस भी जारी करते हैं और उन्हें हैंडल करते हैं। साथ ही मामलों की सुनवाई करते हैं और फैसलों की प्रक्रिया भी करते हैं।

इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर आमतौर पर सब-डिवीजनल मजिस्ट्रेट लेवल के ऑफिसर होते हैं, जो किसी असेंबली सीट में इलेक्टोरल-रोल ऑपरेशन को लीड करते हैं, जबकि,श्वत्रह्र डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन और सेक्शन, असिस्टेंट सेक्शन और अलग-अलग डिपार्टमेंट के दूसरे ऑफिसर होते हैं।

वहीं, एक अधिकारी ने बताया कि डिलीट किए गए वोटर्स और दूसरों से मिले क्लेम और ऑब्जेक्शन से जुड़े काम के साथ-साथ ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल में शामिल वोटर्स को जारी किए गए एसआईआर नोटिस की वजह से असेंबली सीट लेवल पर इलेक्शन ऑफिसर्स पर अचानक लोड बढ़ गया है, खासकर उन जगहों पर जहां वोटर्स की संख्या ज्यादा है। बताया गया कि,श्वत्रह्र को जोड़ने का नोटिफिकेशन जल्द ही ष्टश्वह्र के ऑफिस से जारी होने की उम्मीद है। ऑफिसर ने कहा कि वे अपने-अपने ऑफिस से काम करेंगे, जिसकी डिटेल्स वोटर्स को भेजे जाने वाले नोटिस में दी जाएंगी। सीआईओ की वेबसाइट के अनुसार, लगभग 33 लाख वोटर्स को नोटिस मिल रहे हैं। ऑफिसर ने कहा, 'नोटिस संबंधित द्वारा फिजिकली डिलीवर किए जा रहे हैं। नोटिस जारी कर रहे हैं और जल्द ही सभी को मिल जाएंगे। '

वहीं, बुधवार को जारी बुलेटिन के मुताबिक, 31 अगस्त से 22 सितंबर के बीच वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के लिए 1,06,937 फॉर्म-6 एप्लीकेशन जमा किए गए, जिनमें से ज्यादातर ऐसे लोगों के थे, जिनका नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नहीं था। वेस्ट जिले में सबसे ज्यादा 13,364 नए फॉर्म-6 एप्लीकेशन आए, उसके बाद नॉर्थ वेस्ट (11,130), ईस्ट (10,724) और साउथ ईस्ट (10,355) रहे। नई दिल्ली जिले में सबसे कम 1,995 एप्लीकेशन आए।

## चेन पर चांदी व काले रंग की परत चढ़ाकर ला रहे 8 तस्कर दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईजीआई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने सोना तस्करी के एक ऐसे तरीके का पर्दाफाश किया है, जिसमें तस्करों ने सोने की चेनों पर चांदी व काले रंग की परत चढ़ा रखी थी। मकसद था कि महंगे सोने के आभूषण सामान्य धातु के गहने नजर आएं और कस्टम जांच में आसानी से बच निकलें। मामले में एक महिला समेत आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।कस्टम्स अधिकारियों के अनुसार, 21 सितंबर को दुबई से दिल्ली पहुंची एमिरेट्स की उड़ान ईके-514 की जांच के दौरान संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली थी। तलाशी के दौरान विमान की दो सीटों के नीचे तीन छोटे बैग मिले। उनमें चांदी और काले रंग की परत चढ़ी सोने की चेन बरामद हुई। बरामद सोने का कुल वजन करीब 6.5 किग्रा है। इसकी अनुमानित कीमत करीब नौ करोड़ रुपये बताई गई है। जांच में सामने आया कि आरोपितों का गिरोह अलग-अलग प्रदर्शनियों में शामिल होने के बहाने दुबई जाता था।

# विहिप का मौलाना मदनी पर पलटवार, भारत की न्याय व्यवस्था पर सवाल उठाना देश को ब्लैकमेल करने जैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी द्वारा देश की न्यायप्रणाली, प्रशासन और संवैधानिक व्यवस्था पर उठाए गए सवालों पर विहिप ने तीखा पलटवार किया है।

विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने मदनी के बयान को भारत की संप्रभुता पर विदेशी शक्तियों के साथ मिलकर किया जाने वाला सीधा प्रहार करार दिया है।

विनोद बंसल ने कहा कि देश की राजधानी में बैठकर भारतीय न्यायपालिका, कार्यपालिका और संविधान पर अविश्वास जताना और अंतरराष्ट्रीय मंचों व संयुक्त राष्ट्र में शिकायत करने की बात कहना सीधे



तौर पर देश को ब्लैकमेल करने की कोशिश है।

उन्होंने सवाल उठाया कि जिस कट्टरपंथी धड़े का भारत के लोकतंत्र, सरकार और देश की शीर्ष अदालत पर से भरोसा उठ चुका है, वह इस देश की व्यवस्था में रहकर ऐसी अलगाववादी भाषा क्यों बोल रहा है?

विहिप प्रवक्ता ने कहा कि 1947 में भारत का एक बड़ा भू-भाग इसी तरह की कट्टरपंथी मानसिकता और जिद के कारण विभाजित हुआ था। आज भी ऐसे तत्व भारत माता की जय और वंदे मातरम् जैसे राष्ट्रीय प्रतीकों का विरोध करते हैं और दूसरी ओर न्यायालयों में जाकर असामाजिक व कट्टरपंथी तत्वों का बचाव करते हैं।

प्रशासनिक कार्रवाई का बचाव करते हुए विहिप ने स्पष्ट किया कि देश में किसी भी वैध धार्मिक स्थल को निशाना नहीं बनाया गया है। कानून के दायरे में रहकर केवल उन अवैध निर्माणों पर कार्रवाई हुई है, जो कानून को ठेंगा दिखाकर बनाए गए थे। ऐसे अवैध निर्माणों को धर्म स्थल का नाम देकर बचाना कानून व्यवस्था का अपमान है। बंसल ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि भारत अब बदल चुका है और किसी भी भड़काऊ सोच या गीदड़भभकी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी को भारत का संविधान, कानून और न्याय व्यवस्था पसंद नहीं है, तो वह अपनी मानसिकता के अनुकूल स्थान चुनने के लिए स्वतंत्र है।

## आईजीआई एयरपोर्ट ने लगाई ऊंची छलांग, वैश्विक रैंकिंग में मिला 28वां स्थान; बना दुनिया का नया 'कनेक्टिंग हब'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के अलग-अलग शहरों को विदेशों से जोड़ने वाले प्रमुख विमानन केंद्र के रूप में दिल्ली का आइजीआइ एयरपोर्ट लगातार अपनी कनेक्टिविटी बढ़ा रहा है। यहां, अब 70 अंतरराष्ट्रीय और 90 घरेलू समेत 160 गंतव्यों के लिए हवाई संपर्क उपलब्ध है। वहीं, रोजाना करीब 50 हजार यात्री यहां उड़ान बदलते हैं। यानी हर महीने करीब 15 लाख यात्री दिल्ली को ट्रांजिट हब के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। एयरपोर्ट की बढ़ती कनेक्टिविटी का असर वैश्विक रैंकिंग में भी दिखाई दिया है। ओएजी (ऑफिशियल एयरलाइन गाइड) मेगाहब्स इंडेक्स-2026 में दिल्ली एयरपोर्ट 11 पायदान ऊपर चढ़कर 28वें स्थान पर पहुंच गया है। दिल्ली इस सूची के वैश्विक शीर्ष 30 में शामिल होने वाला एकमात्र भारतीय एयरपोर्ट है। वहीं, कम लागत वाली एयरलाइंस (एलसीसी) के कनेक्शन के लिहाज से दिल्ली को 11,045 संभावित कनेक्शनों के साथ दुनिया का प्रमुख एलसीसी मेगाहब बताया गया है। दिल्ली का हब मॉडल मुख्य रूप से देश के बड़े घरेलू विमानन नेटवर्क पर आधारित है। जयपुर, लखनऊ, पटना, रांची, इंदौर, भुवनेश्वर और गुवाहाटी जैसे शहरों से आने वाले यात्री दिल्ली के रास्ते यूरोप, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण-पूर्व एशिया, आस्ट्रेलिया, मध्य एशिया और मध्य-पूर्व के गंतव्यों तक पहुंच सकते हैं।

# जेलेंस्की की अपील- जंग में नागरिकों की भर्ती रोकें; वेनेजुएला चुनाव का जिक्र; महासभा के बाहर प्रदर्शन

**मॉस्को, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने बुधवार को भारत सहित 47 देशों से अपील की। उन्होंने कहा कि रूस धोखे से उनके नागरिकों को यूक्रेन युद्ध में शामिल कर रहा है। ज़ेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने रूस पर विदेशी नागरिकों का उपयोग करने का आरोप लगाया। जेलेंस्की ने बताया कि रूस कई देशों के नागरिकों की भर्ती कर रहा है। इन लोगों को युद्ध के मैदान में भेजा जा रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, 227 भारतीय नागरिक रूसी सशस्त्र बलों में भर्ती हुए हैं। इनमें से 139 को छुट्टी दे दी गई है, जबकि 51 की मृत्यु हो गई है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सितंबर के पहले सप्ताह में कहा था कि भारत मॉस्को के साथ लगातार बातचीत कर रहा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने रूस की युद्ध जारी रखने की क्षमता को प्रतिबंधित करने के उपायों का भी आह्वान किया। उन्होंने उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन पर भी रूस को सैन्य सहायता भेजने का आरोप लगाया।

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने देश में चुनाव कराने की घोषणा की। उन्होंने पूर्ण लोकतंत्र की ओर बढ़ने का संकल्प लिया। रोड्रिगेज ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद दिया। वेनेजुएला इस साल

क्या रूस विदेशी नागरिकों को युद्ध में धकेल रहा है?



आंतरिक राजनीतिक जीवन के गला घोंटने और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बढ़े हुए टकराव जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। 24 जून को आए दोहरे भूकंपों से 6,500 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा स्थल के पास इस्राइ

ली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संबोधन से पहले प्रदर्शनकारियों और जवाबी प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव हुआ। डेविड फेल्डमैन ने नेतन्याहू के आगामी संबोधन की आलोचना की। संयुक्त राष्ट्र महासभा का 81वां सत्र न्यूयॉर्क में चल रहा है।

जेलेंस्की ने कहा कि रूस 47 देशों के नागरिकों का उपयोग अपने युद्ध में कर रहा है। घाना, नेपाल, ताजिकिस्तान, भारत, यमन, केन्या, जिम्बाब्वे, क्यूबा, बेलारूस, सूडान, दक्षिण अफ्रीका इनमें शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस धोखे और चालों से विदेशी नागरिकों को युद्ध में घसीट रहा है। ज़ेलेंस्की ने कहा कि युद्ध के मैदान में ऐसे लोग मर रहे हैं जो रूसी नहीं हैं। ये लोग धोखे से रूस पहुंचे थे। उन्होंने 47 देशों के प्रतिनिधियों से सीधे बात की। ज़ेलेंस्की ने उनसे अपने नागरिकों की देखभाल करने का आग्रह किया।

# एआई से सुरक्षा में सेंधः ऑस्ट्रेलियाई सरकारी वेबसाइट तक पहुंचा ओपनएआई एजेंट

**मेलबोर्न, एजेंसी।** प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने गुरुवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया एक सरकारी वेबसाइट पर ओपनएआई की सुरक्षा में सेंध लगने की घटना से बेहद चिंतित और निराश है। क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ने इस बारे में जानकारी देने में बहुत ज्यादा समय लिया। अल्बनीज ने ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी सैम ऑल्टमैन के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद इस सुरक्षा चूक की जानकारी सार्वजनिक की। दोनों ही अभी संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करने के लिए न्यूयॉर्क शहर में हैं। अल्बनीज ने पत्रकारों से कहा, 'आज मैंने ऑल्टमैन से बात की और इस घटना को लेकर ऑस्ट्रेलिया की गहरी चिंता जाहिर की। मैंने इस बात पर भी निराशा जताई कि कंपनी को सरकार को यह बताने में बहुत ज्यादा समय लगा कि क्या हुआ था, और जिस तरह से यह जानकारी दी गई, वह भी मंजूर करने लायक नहीं था।'

उन्होंने बताया कि 18 जुलाई को ओपनएआई के एक एजेंट ने ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट में सेंध लगाई थी।



ओपनएआई ने एक बयान में कहा कि ऑस्ट्रेलिया के कई सरकारी विभागों से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा के दौरान, कंपनी को पता चला कि हमारे मॉडल ने ऐसे काम किए जो हमने करने के लिए नहीं कहे थे।

जांच में क्या पता लगाने की कोशिश की जाएगी?

इस जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि ओपनएआई के खुलासा करने से पहले ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा एजेंसियां इस सेंध का पता लगाने में क्यों नाकाम रहीं। अल्बनीज ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि किसी भी निजी जानकारी तक पहुंच नहीं बनाई गई थी।

एआई एजेंट ने मेडिकेयर के आंकड़ों वाले एक सार्वजनिक पोर्टल तक अनधिकृत पहुंच बना ली थी। अल्बनीज ने कहा कि उन्हें लगता है कि एआई द्वारा यह जांच करने के पीछे व्यावसायिक कारण थे कि खास दवाओं पर कितना खर्च हो रहा है और खर्च कहां बदल रहा है। उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने कहा कि यह पहली बार था जब किसी एआई एजेंट द्वारा ऑस्ट्रेलियाई सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी सिस्टम तक अनधिकृत पहुंच बनाने का मामला सामने आया। मार्ल्स ने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प को बताया, 'अगर आप चाहें तो कह सकते हैं कि इस घटना का असर अपेक्षाकृत कम है क्योंकि यहां किसी निजी जानकारी तक पहुंच नहीं बनाई गई है। सिस्टम खुद भी सुरक्षित है।' उन्होंने आगे कहा, 'इसके बावजूद, यह वास्तव में एक गंभीर घटना है। यहां हमारे पास एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एजेंट है जिसने अनजाने में ऑस्ट्रेलियाई सरकार की एक वेबसाइट तक अनधिकृत पहुंच बना ली है।'

# ट्रंप-मेलानिया ने एयरपोर्ट पर चीनी राष्ट्रपति का स्वागत किया

**बीजिंग, एजेंसी।** जिनपिंग ने वहां पहुंचते ही कहा कि चीन और अमेरिका को प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि साझेदार होना चाहिए। वॉशिंगटन पहुंचने के बाद उन्होंने कहा कि दोनों देश नए दौर में एक-दूसरे के साथ संबंधों का सही रास्ता तलाश सकते हैं। शी ने कहा कि चीन और अमेरिका दोनों महान देश हैं और दोनों देशों के लोगों के हित गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने स्थिर संबंध, सहयोग और नियंत्रित प्रतिस्पर्धा पर जोर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप ने शी और उनकी पत्नी पेंग लियुआन का स्वागत किया। शी ने कहा कि चीन की राष्ट्रीय पुनर्जागरण की आकांक्षा और अमेरिका को फिर महान बनाने का लक्ष्य साथ-साथ चल सकते हैं और दुनिया को लाभ पहुंचा सकते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण



पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका की राजकीय यात्रा पर पहुंचे हैं। इस दौरान शी जिनपिंग के वॉल्डोर्फ एस्टोरिया में ठहरने की जानकारी सामने आई है। होटल के दृश्य भी सामने आए हैं। यात्रा के दौरान दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच अहम बातचीत होने की उम्मीद है।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन अमेरिका पहुंचीं। ज्वाइंट बेस एंड्रयूज पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने उनका स्वागत किया। शी जिनपिंग की यह अमेरिकी यात्रा दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच महत्वपूर्ण मुलाकात से पहले हुई है।

भारत के लिए ट्रंप-शी के बीच होने वाला शिखर सम्मेलन बेहद अहम रहने वाला है। नई दिल्ली इस बैठक पर कई आर्थिक, औद्योगिक और भू-राजनीतिक वजहों से करीब से नजर रखेगा। दरअसल, भारत के सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र चीन से मिलने वाले रेयर अर्थ मैग्नेट और अहम खनिजों पर निर्भर हैं, जिसका चीन सबसे बड़ा स्रोत है। अगर बैठक सफल रहती है तो दुनिया के लिए दुर्लभ खनिज पाने का रास्ता खुला रहेगा।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अमेरिका दौरे का एक खास पहलू ये भी है कि दोनों नेता एक साल से भी कम समय में दूसरी द्विपक्षीय बातचीत करने के लिए जुटे हैं। जिनपिंग ट्रंप के साथ छह महीनों के भीतर दूसरी बार मिले रहे हैं। शी के साथ उनकी पत्नी पेंग लियुआन भी अमेरिका पहुंचीं हैं।

एक तरफ दुनिया की दो महाशक्तियां अमेरिका में बातचीत की पहल कर रही हैं तो इस पर भारत की भी नजरें हैं। दरअसल, बहुराष्ट्रीय कंपनियां अब पूरी तरह चीन पर निर्भर रहने का जोखिम नहीं लेंगी, जिससे भारत की एलेक्ट्रोनिक्स व सेमीकंडक्टर पीएलआई योजनाएं आकर्षक बनी रहेंगी। दोनों महाशक्तियों में सीधी बातचीत से एशियाई बाजार और भू-राजनीतिक माहौल में स्थिरता आएगी।

## चीनी सेना के शीर्ष जनरल बाहर किए गए, क्या पार्टी का सशस्त्र बलों पर नियंत्रण और मजबूत?

**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी सेना के मुखपत्र ने बुधवार को कहा कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के दो शीर्ष जनरलों को पार्टी से बाहर किए जाने से सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी और सेना के सामने मंडरा रहा बड़ा राजनीतिक खतरा टल गया है। इस कार्रवाई से पार्टी का सशस्त्र बलों पर नियंत्रण और अधिक मजबूत हुआ है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने सोमवार को सेना के दो वरिष्ठ अधिकारियों जनरल झांग यूक्सिया और लियू जेनली को गंभीर अनुशासन व कानून के उल्लंघनों के आरोप में पार्टी व सेना से निष्कासित कर दिया। सेना के मुखपत्र पीएलए डेली ने बुधवार को मुख्य पृष्ठ के संपादकीय में लिखा कि इन दोनों के खिलाफ जांच और सजा ने पार्टी और सेना के लिए बड़े छिपे हुए राजनीतिक खतरे को समाप्त कर दिया है। इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ सेना की लंबी और कठिन लड़ाई में बड़ी जीत बताया गया है। इस निष्कासन से सेना की शुद्धता और सम्मान को बढ़ावा मिलेगा तथा उसे अपने अभियानों को सफलतापूर्वक पूरा करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएससी) राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीनी सेना का सर्वोच्च कमान निकाय है। बर्खास्त किए गए झांग (75 वर्ष) पोलित ब्यूरो के सदस्य और आयोग के उपाध्यक्ष थे, जबकि 61 वर्षीय लियू आयोग के सदस्य और संयुक्त स्टाफ विभाग के प्रमुख थे। ये दोनों अधिकारी युद्ध के सम्मानित नायक थे और वर्तमान में केंद्रीय सैन्य आयोग के ऐसे इकलौते सदस्य थे जिन्हें युद्ध का अनुभव प्राप्त था। दोनों ने पिछली शताब्दी के सत्तर के दशक के अंत में वियतनाम के खिलाफ सैन्य अभियानों में भाग लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्र सरकार के बिल के खिलाफ राजद का एक दिवसीय धरना, बिल वापस लेने तक आंदोलन की चेतावनी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय जनता दल द्वारा रणधीर वर्मा चौक पर केंद्र सरकार के द्वारा लाए गए नए बिल के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना गरीबों के मसीहा लालू प्रसाद यादव के आह्वान पर आयोजित किया गया ,जिसमें बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता शामिल हुए। धरने को संबोधित करते हुए राजद नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ लगातार भेदभाव कर रही है। केंद्र द्वारा लाया गया यह बिल झारखंड के हित में नहीं है। इस बिल से राज्य के आदिवासी समाज के जल, जंगल, जमीन के साथ-साथ स्वास्थ्य और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां योजना पर सीधा असर पड़ेगा। नेताओं ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार इस काले बिल को वापस नहीं लेती या इस पर पुनर्विचार नहीं करती, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। हम पंचायत से लेकर अंचल कार्यालय तक धरना प्रदर्शन करने का काम करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड को मिलने वाली योजनाओं में कटौती कर राज्य को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, जिसे राजद किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।



### भू-धंसान के मुद्दे पर सड़क पर उतरे लोग, बीसीसीएल और डीजीएमएस के खिलाफ जताया आक्रोश

**कतरास/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लगातार भू-धंसान की घटनाओं को लेकर कतरास संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर गुरुवार को आयोजित बंदी का व्यापक असर क्षेत्र में देखने को मिला। कतरास, छाताबाद, गुहीबांध, अंगारपथरा, सिजुआ और लोयाबाद सहित कई इलाकों में बड़ी संख्या में दुकानदारों ने प्रतिष्ठान बंद रखकर आंदोलन का समर्थन किया.सामान्य दिनों की अपेक्षा बाजार और मुख्य सड़कें शांत नजर आयीं.बंदी के दौरान मोर्चा के कार्यकर्ता विभिन्न इलाकों में घूमकर लोगों से बंद को सफल बनाने की अपील करते रहे। इस दौरान बीसीसीएल प्रबंधन और डीजीएमएस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भू-धंसान प्रभावित इलाकों की सुरक्षा और स्थायी समाधान की मांग उठायी गयी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लोगों की सुरक्षा को लेकर अब ठोस पहल जरूरी है।आंदोलन में पूर्व पार्षद विनोद गोस्वामी,कांग्रेस नेता अशोक लाल,सुरेश केडिया,प्रदीप पांडे, प्रकाश गुप्ता, चुन्ना यादव,जावेद रजा, राजेश स्वर्णकार, मो. अमान, बाबू बर्मन, राजू सरदार,राजेंद्र प्रसाद राजा, संजय केशरी, बबलू भगत, कौशर खान, पंकज गुप्ता, बिनोद सोनी, राजकुमार अग्रवाल, अजित रवानी, धीरज शर्मा समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे. मोर्चा ने बंद को समर्थन देने वाले व्यापारियों और आम जनता के प्रति आभार जताया।



### एनएच-23 और एनएच-32 पर अवैध पार्किंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सड़क सुरक्षा को लेकर उपायुक्त सह जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष अजय नाथ झा की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा और मुख्यालय डीएसपी पवन कुमार मौजूद रहे। वीडियो संवाद के माध्यम से जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज समेत सड़क सुरक्षा टीम के सदस्य और संबंधित अधिकारी जुड़े। बैठक में एनएच-23 और एनएच-32 पर अनाधिकृत रूप से खड़े वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक को एक व्हाट्सऐप ग्रुप बनाने का निर्देश दिया, जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक, यातायात डीएसपी और यातायात पुलिस निरीक्षक को शामिल किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि दोनों राष्ट्रीय राजमार्गों पर अनाधिकृत रूप से खड़े वाहनों को पहले नोटिस जारी किया जाए और इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाए। लगातार मुख्य सड़क पर पार्किंग करने वाले वाहनों को चिन्हित कर ब्लैकलिस्ट करने और अन्य आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया गया।

#### अतिक्रमण टास्क फोर्स भी करेगा कार्रवाई

उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी और यातायात डीएसपी को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुरूप जिला स्तर पर गठित अतिक्रमण टास्क फोर्स के माध्यम से मुख्य सड़कों पर अनाधिकृत पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश देते हुए कहा कि अनाधिकृत पार्किंग पर प्रभावी नियंत्रण से यातायात व्यवस्था सुचारू होगी और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को भी कम किया जा सकेगा। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

### 150 वर्ष पूरे होने पर 25 सितंबर को गूंजेगा 'वंदे मातरम'

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 25 सितंबर को देशभर में सामूहिक गायन का आयोजन किया जाएगा। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की ओर से 'नमामि भारतम' अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य संस्थानों में लोग एक साथ राष्ट्रगीत का गायन करेंगे। इसी क्रम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पेटरवार में भी कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। सामूहिक गायन का आयोजन सुबह 11 बजे निर्धारित समय पर किया जाएगा। आयोजन को लेकर विद्यालय के विद्यार्थियों में खासा उत्साह है। छात्र-छात्राएं पिछले कई दिनों से राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन का अभ्यास कर रहे हैं। आयोजकों के अनुसार अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक गौरव और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। देश के विभिन्न हिस्सों में विद्यालयों और महाविद्यालयों में विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। 'वंदे मातरम' भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लोगों के लिए प्रेरणा का महत्वपूर्ण स्रोत रहा। इसके 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित सामूहिक गायन को ऐतिहासिक आयोजन के रूप में देखा जा रहा है। आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को राष्ट्रगीत के ऐतिहासिक महत्व से परिचित कराने और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है।

# एसएमएस सीसीएस सीजीएम कार्यालय के समक्ष बीएकेएस का जोरदार प्रदर्शन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ (बीएकेएस) ने चरणबद्ध आंदोलन के द्वितीय चरण के दूसरे दिन एसएमएस-2 सीसीएस सीजीएम कार्यालय के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बोकारो इस्पात संयंत्र के नियमित कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन विभागीय प्रतिनिधि अनिरुद्ध शर्मा ने किया। यूनियन के अनुसार, बीएसएल कर्मचारियों से जुड़े 45 से अधिक मामले सेल कॉरपोरेट स्तर पर, जबकि 60 से अधिक मुद्दे बोकारो इस्पात संयंत्र स्तर पर लंबित हैं। यूनियन ने वेज रिवीजन-2017, एरियर, बोनस फॉमूर्ला, एनजेसीएस में सुधार और ग्रेच्युटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर अलग-अलग न्यायालयों में मामले लंबित होने की बात कही। सभा को संबोधित करते हुए विभागीय प्रतिनिधि त्रिवेणी सिंह ने कर्मचारियों के मुद्दों को लेकर प्रस्तावित आमरण अनशन और मौन जुलूस के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि अब कर्मचारियों को अपने अधिकारों के लिए निर्णायक संघर्ष करना होगा। उन्होंने इस्पात मंत्रालय और सरकार पर कर्मचारियों की मांगों के प्रति उदासीनता का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान यूनियन महासचिव हरिओम, अध्यक्ष दिलीप कुमार, उपमहासचिव माणिक मुंडा, कोषाध्यक्ष राहुल साव सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों ने भी संबोधित किया। अनिरुद्ध शर्मा और त्रिवेणी सिंह ने संयुक्त बयान में कहा कि यदि उत्पादन आधारित फॉमूर्ला (पीआरपी) लागू करने और मौजूदा फॉमूर्ले को रद्द करने की मांग पर सुनवाई नहीं हुई तो द्वितीय चरण के बाद बड़े विभागों में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद तृतीय चरण में काले झंडे के साथ मौन जुलूस और अंत में यूनियन की ओर से आमरण अनशन किया जाएगा।

## बोकारो में अतिवृष्टि को लेकर प्रशासन अलर्ट

### 24×7 सक्रिय रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत मौसम विज्ञान विभाग, रांची की ओर से बोकारो जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किए जाने के बाद जिला प्रशासन ने अतिवृष्टि और संभावित जलजमाव से निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त सह अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार अजय नाथ झा ने सभी संबंधित विभागों को त्वरित राहत एवं बचाव व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। ऑरेंज या रेड अलर्ट की स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष 24×7 सक्रिय रहेगा। इसके दूरभाष नंबर 06542-247891 एवं 06542-223705 हैं। सभी विभागों और अंचल कार्यालयों को अपने स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाने तथा आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों को क्विक रिस्पॉन्स टीम गठित करने का निर्देश दिया गया है। नगर निगम बोकारो, चास नगर निगम और फुसरो नगर परिषद को वार्डवार दल गठित कर जलजमाव दूर करने को कहा गया है। ग्रामीण कार्य एवं पथ निर्माण विभाग को संवेदनशील सड़कों, गड्ढों और डायवर्सन को चिन्हित कर बैरिकेडिंग कराने तथा क्षतिग्रस्त सड़क-पुल की तत्काल मरम्मत का निर्देश दिया गया है। विद्युत विभाग को तार या पोल क्षतिग्रस्त होने पर सुरक्षा मानकों के साथ शीघ्र बिजली बहाली, जबकि वन विभाग को सूखे और कमजोर पेड़ों को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। पर्यटन स्थलों पर खतरनाक एवं गहरे पानी वाले स्थानों में बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेत लगाने को कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाओं और एंटीवेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था की जांच का निर्देश दिया गया है। कच्चे और जर्जर मकानों में रहने वाले परिवारों को पूर्व सूचना देकर जरूरत पड़ने पर राहत शिविरों में स्थानांतरित करने की व्यवस्था की जाएगी।

## कसमार में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का गठन, प्रमुख बनीं अध्यक्ष



**कसमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड कार्यालय के प्रमुख सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख नियोति दे ने की। इस दौरान जिन्हें सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष चुना गया है। वही समिति मे बीडीओ नम्रता जोशी, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद शेरे आलम, पंसस रवि कुमार, प्रिया देवी, मंजू देवी, ललीता देवी, पूनम मरांडी समेत कुल छह सदस्यों को कमिटि में शामिल किया गया। इस अवसर पर कमिटी की अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख नियोति दे ने कहा कि कसमार में बच्चों के अधिकारों की रक्षा, बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं की रोकथाम और उनके सर्वांगीण विकास के लिए यह समिति एक मजबूत मंच बनेगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी बच्चा शिक्षा और बुनियादी अधिकारों से वंचित न रहे। बीडीओ नम्रता जोशी ने बताया कि बाल संरक्षण करना पूरे समाज का दायित्व है। बैठक के अंत में बच्चों के हित में साझा कार्ययोजना तैयार करने का संकल्प लिया गया। बैठक मे बीडीओ नम्रता जोशी, प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी धरणीधर सिह, बाल संरक्षण समिति बोकारो के अजीत राणा, कुमारी किरण, राजकिशोर सूर्यमणि देवी, सपन सिह सहित विभिन्न पंचायतों के समिति सदस्य और प्रखंड स्तर के कई अधिकारी मौजूद थे।

## पेड़ से लटका मिला क्षत-विक्षत शव, जांच में जुटी पुलिस

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजगंज थाना क्षेत्र में जंगल-झाड़ी के बीच एक पेड़ से क्षत-विक्षत अवस्था में शव लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह खेत की ओर गए ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है कि युवक का शव गमछे या रस्सी के सहारे पेड़ से लटका हुआ था। शव की स्थिति क्षत-विक्षत बताई जा रही है। ग्रामीणों ने हत्या कर शव को पेड़ से लटकाए जाने की आशंका जताई है। कुछ ग्रामीणों के अनुसार शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही राजगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर अपने कब्जे में लिया और घटनास्थल की जांच-पड़ताल की। आसपास के इलाके में संदिग्ध सामान समेत अन्य साक्ष्यों की भी तलाश की गई।

## रानीचिड़का समेत आसपास के गांवों में दूर होगी पेयजल की समस्या



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास प्रखंड की कुमरदागा पंचायत के रानीचिड़का समेत आसपास के कई गांवों में पेयजल की समस्या जल्द दूर होने की उम्मीद है। जल जीवन मिशन के तहत चास होल ब्लॉक योजना के माध्यम से इन क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य प्रगति पर है। पंचायत भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से संवाद में पेयजल की समस्या सामने आने पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने पीएचईडी चास के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया था। इसके बाद विभाग ने योजना के क्रियान्वयन की दिशा में कार्रवाई तेज की है। गुरुवार को पीएचईडी चास के कार्यपालक अभियंता अनुज कुमार ने उपायुक्त को प्रस्तावित पेयजलापूर्ति योजना की जानकारी दी। बैठक में योजना से आच्छादित होने वाले गांवों, संभावित लाभुक ग्रामीणों और योजना के क्रियान्वयन को लेकर चल रही प्रक्रिया पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त और सुगम पेयजल उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभाग को योजना के कार्यो में आवश्यक गति बनाए रखने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन के तहत चास होल ब्लॉक योजना से रानीचिड़का सहित आसपास के गांवों में नियमित पेयजलापूर्ति की दिशा में प्रक्रिया जारी है। आने वाले दो वर्षों में योजना को धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के पूरा होने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों को नियमित और सुगम पेयजल की सुविधा मिल सकेगी।

## बोकारो में 23वीं झारखंड सशस्त्र पुलिस क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता शुरू





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड सशस्त्र पुलिस-4, बोकारो परिसर में 23वीं झारखंड सशस्त्र पुलिस क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता 2026-27 का गुरुवार को उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि झारखंड सशस्त्र पुलिस-4 के समादेष्टा ऋषभ कुमार झा (भापुसे) मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक श्यामानंद मंडल ने स्वागत भाषण दिया, जबकि मो. साजिद जफर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उद्घाटन परेड के दौरान भारी बारिश के बावजूद पुलिसकर्मियों ने उच्च कोटि की परेड का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि प्रतियोगिता 24 से 28 सितंबर 2026 तक आयोजित होगी। इसमें झारखंड के विभिन्न प्रतिष्ठानों से जैप, आईआरबी, एसआईआरबी, एसआईएसएफ, जेजे और स्पेशल ब्रांच की कुल 21 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में 518 प्रतिभागी शामिल हैं। प्रतियोगिता के दौरान 5.56 एमएम इंसास राइफल, 9 एमएम रिवॉल्वर/पिस्टल और 9 एमएम कार्बाइन से विभिन्न पोजीशन में शूटिंग कराई जाएगी। प्रतियोगिता से चयनित प्रतिभागी आगामी राज्य स्तरीय पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता 2026-27 में हिस्सा लेंगे। उद्घाटन समारोह में बोकारो के एएसपी वेदांत कुमार, मुख्यालय डीएसपी पवन कुमार, आरएपीटीसी के डीएसपी मो. साजिद जफर सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। समारोह में विभिन्न इकाइयों से आए प्रतिभागियों के साथ करीब 1000 पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थिति रही।

## भूली मोड़ फायरिंग के बाद ईस्ट बसुरिया में मुठभेड़, पुलिस की गोली से एक आरोपी घायल



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वासेपुर के भूली मोड़ फायरिंग कांड के बाद आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस का बुधवार देर शाम ईस्ट बसुरिया इलाके में संदिग्ध अपराधियों से आमना-सामना हो गया। देखते ही देखते दोनों ओर से फायरिंग शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से एक आरोपी के घायल होने की सूचना है। पुलिस के अनुसार, भूली मोड़ पर हुई फायरिंग के बाद घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। बताया जा रहा है कि वारदात के बाद आरोपी बाइक से फरार हुए थे और उनके ईस्ट बसुरिया की ओर जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इलाके में कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। फायरिंग के दौरान एक आरोपी को गोली लगने की बात सामने आई है। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने पूरे इलाके में तलाशी अभियान तेज कर दिया है। मौके से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं, वहीं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि भूली मोड़ फायरिंग मामले में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। गौरतलब है कि भूली मोड़ पर हुई फायरिंग में शानू खान, दुकानदार सद्दाम और एक महिला कुमकुम के घायल होने की बात सामने आई थी। इसी मामले की जांच के दौरान ईस्ट बसुरिया में हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस की कार्रवाई और तेज हो गई है।

## 2 अक्टूबर तक मनेगा स्वदेशी सप्ताह, जनजागरण अभियान चलाएगा स्वदेशी जागरण मंच

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वदेशी जागरण मंच की बैठक जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने और आम लोगों में स्वदेशी के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वदेशी सप्ताह मनाया जाएगा। स्वदेशी सप्ताह की शुरूआत 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से होगी, जबकि 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर इसका समापन होगा। इस दौरान जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को देश में निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देने के लिए जागरूक किया जाएगा। मंच की ओर से विद्यालयों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न संस्थाओं को अभियान से जोड़ने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा सड़क पर जनजागरण अभियान चलाकर स्थानीय उत्पादों के उपयोग, छोटे कारोबार और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने का संदेश दिया जाएगा। क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि स्वदेशी केवल वस्तुओं की खरीद तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय रोजगार, छोटे कारोबार, कुटीर उद्योग और आर्थिक मजबूती से भी जुड़ा है। युवाओं और विद्यार्थियों को अभियान से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। विभिन्न विद्यालयों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। बैठक में अमरेंद्र सिंह, अजय चौधरी, दीपक, ददन प्रसाद, जयशंकर प्रसाद, कुमार संजय, नवीन सिन्हा, प्रेम प्रकाश, सुजीत कुमार, मनीष श्रीवास्तव, राकेश रंजन, सुजीत श्रीवास्तव, सुरेश सिन्हा समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पेट्रोल पंप लूटकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

### नकली हथियार, बाइक और कैश बैग बरामद



**बलियापुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बलियापुर थाना क्षेत्र के हीरक मोड़ के पास बिरसा पेट्रोल पंप पर हथियार के बल पर हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार, 23-24 सितंबर की मध्यरात्रि करीब 12 बजे अपराधियों ने पेट्रोल पंप में रखे करीब 80 हजार रुपये लूट लिए थे। मामले में बलियापुर थाना कांड संख्या 161/2026 दर्ज किया गया था। बलियापुर थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों शेख अमन (24) और बिपुल सिंह (23) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकली लोहे एवं प्लास्टिक की गन, करीब 80 हजार रुपये की लूटी गई रकम, काले रंग की होंडा एसपी शाइन मोटरसाइकिल और इंडियन ऑयल का कैश बैग बरामद किया है। इसके अलावा हल्के नीले रंग की एक बरसाती भी जब्त की गई है। गिरफ्तार शेख अमन धनबाद के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गायडेहरा का रहने वाला है। वहीं बिपुल सिंह मूल रूप से बिहार के रोहतास जिले के सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र का निवासी है और वर्तमान में बिरसा पेट्रोल पंप के पास रहता है। पुलिस के मुताबिक, शेख अमन का पूर्व में भी एक आपराधिक मामला दर्ज है। दोनों आरोपियों को आगे की कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

#### पुलिस टीम में शामिल अधिकारी

कार्रवाई में बलियापुर थाना प्रभारी पुअनि सत्यजीत कुमार, पुअनि शिव शंकर उरांव, पुअनि महेश्वर महतो तथा आरक्षी महेंद्र यादव, दिनेश रजवार, बुद्धदेव किस्कु और दिनु चौधरी शामिल रहे।

## तीन दिवसीय प्रस्तावित बैंक हड़ताल को लेकर बोकारो में बैंक कर्मियों ने किया जोरदार प्रदर्शन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पांच दिवसीय साप्ताहिक कार्यदिवस लागू करने, प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन राशि के भुगतान में भेदभाव समाप्त करने, नई पेंशन योजना वाले कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर बैंक कर्मचारियों ने आंदोलन तेज कर दिया है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (यूएफबीयू) के आह्वान पर 28, 29 और 30 सितंबर को प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने के लिए गुरुवार को बैंक ऑफ इंडिया, बोकारो स्टील सिटी शाखा परिसर में प्रदर्शन किया गया। शाम 5:30 बजे आयोजित प्रदर्शन में चास-बोकारो और आसपास के विभिन्न बैंकों के कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। यूएफबीयू के जिला संयोजक सिद्धेश नारायण दास ने कहा कि पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने को लेकर वर्ष 2024 में इंडियन बैंक एसोसिएशन और यूनियनों के बीच लिखित समझौता हुआ था। इसके तहत बैंककर्मियों ने प्रतिदिन 40 मिनट अतिरिक्त कार्य करने पर भी सहमति दी थी। इसके बावजूद दो वर्ष बीतने के बाद भी इसे लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि आरबीआई, एलआईसी और सेबी समेत कई वित्तीय संस्थानों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू है। उन्होंने प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन राशि के भुगतान में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि समझौते के अनुसार सभी कर्मचारियों और स्केल-7 तक के अधिकारियों के लिए समान आधार पर भुगतान होना था, लेकिन वित्तीय सेवा निदेशालय के निर्देश के बाद कर्मचारियों और स्केल-3 तक के अधिकारियों के लिए 15 दिन तथा स्केल-4 से ऊपर के अधिकारियों के लिए 365 दिन के प्रोत्साहन भुगतान का प्रावधान किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय श्रम आयुक्त की मध्यस्थता में 8 और 9 सितंबर को वार्ता हुई, लेकिन समाधान नहीं निकल सका। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा तथा 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय भी लिया जा सकता है। प्रदर्शन में राघव कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, कृष्ण मुरारी, राजेश ओझा, पंकज कुमार, प्रदीप झा, राकेश मिश्रा, अवधेश प्रसाद, नीरज तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, अरुण कुमार, कृष्णा तिवारी, बबलू कुमार, सरोज कुमार, अतुल दुबे, संतोष कुमार, राजकुमार प्रसाद, सोनू कुमार और उर्मिला कुमारी समेत कई बैंककर्मी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK